एन सी ई आर टी

वार्षिक रिपोर्ट 2001-2002

दिसंबर 2002

अग्रहायण 1924

PD 5H NSY

प्रकाशन विभाग में सचिव, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, श्री अरविंद मार्ग, नई दिल्ली 110 016 द्वारा प्रकाशित तथा नाथ ग्राफिक्स, 1/21, सर्वप्रिय विहार, नई दिल्ली 110 016 द्वारा लेज़र टाइपसैट होकर शगुन ऑफसैट, 132, मोहम्मदपुर, नई दिल्ली 110 066 द्वारा मुद्रित।

आभार

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् (एन.सी.ई.आर.टी.) डा. मुरली मनोहर जोशी, केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री और परिषद् के अध्यक्ष के प्रति उनके परामर्श और मार्गदर्शन के लिए आभारी है। परिषद् विद्यालयी शिक्षा के गुणात्मक सुधार के कार्यक्रमों में गहन रुचि लेने और समर्थन प्रदान करने के लिए अपने महानिकाय, कार्यकारिणी समिति, कार्यक्रम सलाहकार समिति और अन्य कार्यक्रम कार्यविधि समितियों के विशिष्ट सदस्यों के प्रति कृतज्ञ है।

परिषद् उन विशेषज्ञों के प्रति धन्यवाद व्यक्त करती है, जिन्होंने अपना बहुमूल्य समय देकर इसकी विभिन्न समितियों में कार्य किया तथा अनेक प्रकार से सहायता प्रदान की है। वे सभी राज्य शिक्षा विभाग, राज्य शिक्षा संस्थान/राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्/माध्यमिक शिक्षा बोर्ड और विश्वविद्यालय सहित सभी संगठन और संस्थान भी धन्यवाद के पात्र हैं, जिन्होंने शिक्षा में भागीदारी की भावना से परिषद् को सहयोग देकर उसके कार्यकलापों को कार्यान्वित करने में संपूर्ण सहायता प्रदान की है।

एन.सी.ई.आर.टी. यूनेस्को, यूनिसेफ, यू.एन.डी.पी., यू.एन.एफ.पी.ए., विश्व बैंक आदि के प्रति भी सम्मान व्यक्त करती है जिन्होंने अपने प्रायोजित कार्यक्रमों के कार्यान्वयन में सहयोग प्रदान किया। परिषद् अपने सभी स्तरों के स्टाफ के सदस्यों के प्रति भी आभार प्रकट करती है, जिनके सहयोग और कर्तव्यनिष्ठा के बिना कार्यक्रम का सफलतापूर्वक कार्यान्वयन संभव नहीं था। परिषद् उन हजारों अध्यापकों, विद्यार्थियों, अभिभावकों और ऐसे अनेक व्यक्तियों के प्रति धन्यवाद व्यक्त करती है जिन्होंने परिषद् के 2001-2002 के प्रकाशनों और कार्यक्रमों के बारे में अपने विचार प्रकट करते हुए परिषद् के विभिन्न संघटकों को पत्र भेजे और निरंतर बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरणा के सतत स्रोत बने।

इस रिपोर्ट का प्रारूप योजना, कार्यक्रम, परिवीक्षण और मूल्यांकन प्रभाग के डॉ. जे.पी. मित्तल, रीडर ने संकाय सदस्यों और कार्यालय के स्टाफ की सहायता से तैयार किया है। इसका प्रकाशन कार्य प्रकाशन विभाग, एन.सी.ई.आर.टी. द्वारा संपन्न हुआ है। इन सभी के बहुमूल्य सहयोग से इस रिपोर्ट को यह स्वरूप प्राप्त हुआ है।

विद्यया ऽमृतमश्नुते

एन सी ई आर टी
NCERT

**राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान
और प्रशिक्षण परिषद्**

मोनोग्राम में परस्पर आवेष्टित हंस,
एन.सी.ई.आर.टी. के कार्य के तीनों पहलुओं
के एकीकरण के प्रतीक हैं
अर्थात् (i) अनुसंधान और विकास
(ii) प्रशिक्षण तथा (iii) विस्तार और प्रसार।
यह डिज़ाइन, कर्नाटक के रायचूर ज़िले
में मस्के के निकट हुई खुदाई से प्राप्त
ईसा पूर्व तीसरी सदी के अशोक युगीन भग्नावशेष
के आधार पर बनाया गया है।

'विद्ययाऽमृतमश्नुते' आदर्श वाक्य ईशावास्य
उपनिषद् से लिया गया है जिसका अर्थ है–
विद्या से अमरत्व मिलता है।

विषय सूची

आभार		iii
1.	राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् : विद्यालयी शिक्षा का शीर्षस्थ संसाधन संगठन	1
2.	विद्यालयी शिक्षा में एन.सी.ई.आर.टी. के योगदान का विहंगावलोकन	12
3.	प्रारंभिक शिक्षा	32
4.	अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अल्पसंख्यकों की शिक्षा	41
5.	विशेष आवश्यकताओं वाले बच्चों की शिक्षा	45
6.	बालिका शिक्षा	52
7.	विज्ञान और गणित शिक्षा	56
8.	सामाजिक विज्ञान और मानविकी शिक्षा	64
9.	परीक्षा सुधार	70
10.	शैक्षिक मनोविज्ञान	75
11.	मूल्यपरक शिक्षा	77
12.	अध्यापक शिक्षा	82
13.	व्यावसायिक शिक्षा	93
14.	शैक्षिक प्रौद्योगिकी	101
15.	कंप्यूटर शिक्षा	108
16.	प्रतिभा की पहचान और प्रोत्साहन	111
17.	शैक्षिक अनुसंधान को प्रोत्साहन	115
18.	अंतर्राष्ट्रीय संबंध	123
19.	हिंदी के प्रयोग को प्रोत्साहन	134
परिशिष्ट		
I.	एन.सी.ई.आर.टी. की समितियां	138
II.	संस्वीकृत स्टाफ की क्षमता	171
III.	वर्ष 2001-2002 का प्राप्ति और भुगतान लेखा	172
IV.	वर्ष 2001-2002 के दौरान निकाले गए प्रकाशन	175
V.	एन.सी.ई.आर.टी. के प्रकाशनों के थोक एजेंटों के नाम और पते	182

गांधी जी का जन्तर

तुम्हें एक जन्तर देता हूं। जब भी तुम्हें सन्देह हो या तुम्हारा अहम् तुम पर हावी होने लगे, तो यह कसौटी आजमाओ :

जो सबसे गरीब और कमजोर आदमी तुमने देखा हो, उसकी शकल याद करो और अपने दिल से पूछो कि जो कदम उठाने का तुम विचार कर रहे हो, वह उस आदमी के लिए कितना उपयोगी होगा। क्या उससे उसे कुछ लाभ पहुंचेगा? क्या उससे वह अपने ही जीवन और भाग्य पर कुछ काबू रख सकेगा? यानि क्या उससे उन करोड़ों लोगों को स्वराज्य मिल सकेगा जिनके पेट भूखे हैं और आत्मा अतृप्त है?

तब तुम देखोगे कि तुम्हारा सन्देह मिट रहा है और अहम् समाप्त होता जा रहा है।

मो. गांधी

1

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और [illegible] परिषद् : विद्यालयी शिक्षा का शीर्षस्थ संसाधन संगठन

अनुसंधान, विकास, प्रशिक्षण, विस्तार, प्रकाशन और प्रसार संबंधी कार्यकलापों के अलावा, एन.सी.ई.आर.टी. विद्यालयी शिक्षा के क्षेत्र में अन्य देशों के साथ द्विपक्षीय सांस्कृतिक आदान-प्रदान के कार्यक्रमों के कार्यान्वयन के लिए एक प्रमुख अभिकरण के रूप में कार्य करती है। एन.सी.ई.आर.टी. अंतर्राष्ट्रीय संगठनों, आगंतुक विदेशी विशेषज्ञों तथा शिष्टमंडलों के साथ संपर्क करती है, विचारों का आदान-प्रदान करती है और उनके सहयोग से कार्य करती है।

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् : विद्यालयी शिक्षा का शीर्षस्थ संसाधन संगठन

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् (एन.सी.ई.आर.टी.) की स्थापना 1961 में भारत सरकार द्वारा सोसाइटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम (1860 का 21वां अधिनियम) के अंतर्गत एक रजिस्ट्रीकृत स्वायत्त संगठन के रूप में की गई थी और उसे शिक्षा के क्षेत्र में नीतियां तथा प्रमुख कार्यक्रम बनाने और उनका कार्यान्वियन करने में विशेष रूप से विद्यालयी शिक्षा में गुणात्मक सुधार के लिए मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार और राज्यों तथा संघ राज्य क्षेत्रों के शिक्षा विभागों को सलाह एवं सहायता देने का काम सौंपा गया था। अपने उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए एन.सी.ई.आर.टी. और उसकी संघटक इकाइयां :

- विद्यालयी शिक्षा से संबंधित क्षेत्रों/विषयों पर स्वयं अनुसंधान/शोध कार्य करती हैं और दूसरों के द्वारा किए जा रहे शोध कार्यों के लिए सहायता एवं प्रोत्साहन देती हैं तथा उनके बीच समन्वय करती हैं;
- अध्यापकों के लिए सेवापूर्व तथा सेवाकालीन प्रशिक्षण आयोजित करती हैं;
- जो संस्थाएं शैक्षिक अनुसंधान, अध्यापकों के प्रशिक्षण में संलग्न हैं उनके लिए विस्तार सेवाओं की व्यवस्था करती हैं और स्कूलों के लिए विस्तार सेवाएं उपलब्ध कराती हैं;
- उन्नत शैक्षिक तकनीकें, परिपाटियां और नवाचार विकसित और प्रसारित करती हैं;
- राज्यों के शिक्षा विभागों, विश्वविद्यालयों और अन्य शैक्षिक संस्थाओं के साथ सहयोग स्थापित करती हैं, उन्हें सलाह और सहायता देती हैं;
- विद्यालयी शिक्षा से संबंधित सभी विषयों में विचारों तथा सूचनाओं के आदान-प्रदान के केन्द्र के रूप में कार्य करती हैं;
- अपने उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए पुस्तकों, पत्र-पत्रिकाओं, सामग्रियों तथा अन्य साहित्य के प्रणयन, निर्माण तथा/अथवा प्रकाशन का कार्य अपने हाथ में लेती हैं;
- प्रारंभिक शिक्षा के सार्वजनीकरण के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए एक नोडल अभिकरण के रूप में कार्य करती हैं।

अनुसंधान, विकास, प्रशिक्षण, विस्तार, प्रकाशन और प्रसार संबंधी कार्यकलापों के अलावा, एन.सी.ई. आर.टी. विद्यालयी शिक्षा के क्षेत्र में अन्य देशों के साथ द्विपक्षीय सांस्कृतिक आदान-प्रदान के कार्यक्रमों के कार्यान्वियन के लिए एक प्रमुख अभिकरण के रूप में कार्य करती है। एन.सी.ई.आर.टी. अंतर्राष्ट्रीय संगठनों, आगंतुक विदेशी विशेषज्ञों तथा शिष्टमंडलों के साथ संपर्क करती है, विचारों का आदान-प्रदान करती है और उनके सहयोग से कार्य करती है। इसके अलावा, वह विकासशील देशों से आने वाले शैक्षिक कार्मिकों को विभिन्न प्रकार की प्रशिक्षण सुविधाएं प्रदान करती है।

संघटक इकाइयां

एन.सी.ई.आर.टी. की प्रमुख संघटक इकाइयां निम्नलिखित हैं:

1. राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान (एन.आई.ई.), नई दिल्ली;
2. केंद्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थान (सी.आई. ई.टी.), नई दिल्ली;
3. पंडित सुंदरलाल शर्मा केंद्रीय व्यावसायिक शिक्षा संस्थान (पी.एस.एस.सी.आई.वी.ई.), भोपाल;
4. क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान (आर.आई.ई.), अजमेर;
5. क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान (आर.आई.ई.), भोपाल;
6. क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान (आर.आई.ई.), भुवनेश्वर;
7. क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान (आर.आई.ई.), मैसूर;
8. पूर्वोत्तर क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान (एन.ई.आर. आई.ई.), शिलांग।

राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान (एन.आई.ई.)

नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान पाठ्यचर्या के शैक्षिक पहलुओं से संबद्ध अनुसंधान एवं विकास

कार्य करता है; आद्य-पाठ्यचर्यात्मक और अन्य अनुपूरक शैक्षिक सामग्री तैयार करता है; विद्यालयी शिक्षा से संबंधित डाटाबेस विकसित करता है तथा विद्यार्थियों के चहुंमुखी विकास के लिए विद्यालय-पूर्व, प्रारंभिक और माध्यमिक स्तरों पर प्रयोग करता है। राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान मुख्य संसाधन व्यक्तियों और केंद्र-प्रायोजित विद्यालय सुधार संबंधी स्कीमों के कार्यान्वयन से संबद्ध अध्यापक-प्रशिक्षकों के लिए सेवाकालीन प्रशिक्षण का आयोजन करता है। राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान के विभाग और उनके शैक्षिक कार्यक्षेत्र पृष्ठ 4 और 5 पर दिए गए हैं।

केंद्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थान (सी.आई.ई.टी)

केंद्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थान का कार्य शैक्षिक अवसरों का विस्तार करने और शैक्षिक प्रक्रियाओं, व्यवहारों और प्रतिफलों की गुणवत्ता में सुधार लाने के उद्देश्य से शैक्षिक प्रौद्योगिकी, विशेष रूप से जनसंचार माध्यमों का विकास करना है।

सी.आई.ई.टी. के कार्यकलापों में मीडिया सॉफ्टवेयर यानी रेडियो तथा टेलीविजन के कार्यक्रम तैयार करना और प्रस्तुत करना भी शामिल है। सी.आई.ई.टी. ऐसे सॉफ्टवेयर के विकास तथा उपयोग के लिए राज्य शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थानों के मीडिया कार्मिकों में सक्षमता का निर्माण करने के लिए भी कार्यक्रम आयोजित करता है। संस्थान प्रसारण माध्यमों से तथा अन्य तरीकों से भी अपने सॉफ्टवेयर का प्रसार करता है। आवश्यकताओं का आकलन करने, श्रोताओं के स्वरूप का निर्धारण करने और पाठ्य-सामग्री तथा सह-पाठ्यचारी सामग्रियों के प्रयोग को समर्थन देने के लिए सी.आई.ई.टी. द्वारा विकसित सामग्रियों तथा कार्यक्रमों की प्रभावकारिता का अध्ययन करने के लिए अनुसंधान तथा मूल्यांकन संबंधी कार्यकलाप संपन्न किए जाते हैं।

पंडित सुंदरलाल शर्मा केंद्रीय व्यावसायिक शिक्षा संस्थान (पी.एस.एस.सी.आई.वी.ई.)

भोपाल में स्थापित पी.एस.एस.सी.आई.वी.ई. औपचारिक तथा अनौपचारिक दोनों स्तरों पर, कार्य शिक्षा तथा व्यावसायिक शिक्षा से संबंधित अनुसंधान, विकास, प्रशिक्षण और विस्तार संबंधी कार्यकलाप संचालित करता है। व्यावसायिक पाठ्यचर्याओं, मार्गनिर्देशों और अनुदेशात्मक सामग्रियों के विकास के आलावा यह संस्थान महत्त्वपूर्ण कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण/ अभिविन्यास और अनुसंधान/कार्यात्मक अनुसंधान, डेटाबेस के निर्माण, सूचना के आदान-प्रदान, कार्यात्मक तथा व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रमों को प्रोत्साहन देने, उन्हें लोकप्रिय बनाने और कार्यान्वित करने के कार्यकलापों में संलग्न है; यह तकनीकी तथा व्यावसायिक शिक्षा की यूनेस्को परियोजना यूनेवॉक के ई-फोरम का भी सदस्य है।

क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान

अजमेर, भोपाल, भुवनेश्वर तथा मैसूर स्थित क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान (आर.आई.ई.) अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाले राज्यों तथा संघ राज्य क्षेत्रों की शैक्षिक आवश्यकताओं (सेवापूर्व तथा सेवाकालीन शिक्षा) को पूरा करते हैं; कुछ हद तक, क्षेत्रीय शिक्षा संस्थानों द्वारा विज्ञान तथा गणित शिक्षण हेतु विद्यालयी अध्यापकों और प्रारंभिक अध्यापक प्रशिक्षण संस्थानों के अध्यापक-प्रशिक्षकों को तैयार करने हेतु सेवापूर्व व्यावसायिक प्रशिक्षण भी दिया जाता है। यह संस्थान विद्यालयी शिक्षा तथा अध्यापक शिक्षा हेतु क्षेत्रीय संसाधन संस्थानों के रूप में कार्य करते हैं; राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों की नीतियों को कार्यान्वित करने में अपेक्षित सहायता देते हैं और केंद्र-प्रायोजित योजनाओं/स्कीमों के क्रियान्वयन, परिवीक्षण तथा मूल्यांकन हेतु सहायता प्रदान करते हैं। अजमेर स्थित क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान दिल्ली, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू व कश्मीर, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, उत्तरांचल तथा संघ राज्य क्षेत्र चंडीगढ़ में अध्यापक शिक्षा तथा तत्संबंधी शैक्षिक आवश्यकताओं की देखरेख करता है। भोपाल स्थित क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और संघ राज्य क्षेत्र दादर व नगर हवेली तथा दमन व दीव की शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा करता है। क्षेत्रीय शिक्षा

राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान के विभाग और उनके शैक्षिक कार्यक्षेत्र

विभाग/प्रभाग	*शैक्षिक कार्यक्षेत्र*
प्रारंभिक शिक्षा विभाग (डी.ई.ई)	स्कूल जाने वाले और स्कूल न जा सकने वाले बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा से संबंधित मुद्दे और समस्याएँ। उन्हें औपचारिक और वैकल्पिक शिक्षा देने के लिए आदर्श पाठ्यचर्या और शिक्षण सामग्री के अनुसंधान और विकास से संबंधित कार्यकलापों के माध्यम से पढ़ाना। स्कूल-पूर्व, प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्तरों पर गुणवत्तापरक शिक्षा देने के लिए राज्य और जिला स्तर के समूहों की क्षमता का निर्माण करके तथा अनुसंधान एवं विकास के कार्यकलाप आरंभ करके सर्व शिक्षा अभियान को शैक्षिक/अकादमिक एवं व्यावसायिक सहायता प्रदान करने के लिए प्रमुख विभाग के रूप में कार्य करना।
विशेष आवश्यकता समूह शिक्षा विभाग (डी.ई.जी.एस.एन)	अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों, अल्पसंख्यकों, विकलांगों और विशेष आवश्यकता वाले अन्य समूहों की शिक्षा से संबंधित मुद्दे और समस्याएँ, और तत्संबंधी अनुसंधान, विकास, प्रशिक्षण तथा ऐसे ही कार्यकलापों में संलग्न संगठनों के साथ संपर्क/नेटवर्क बनाए रखना। तृणमूल स्तर पर अच्छे समवेत व्यवहारों का विश्लेषण करना और उनके लिए सुविधाएं प्रदान करना और इस हेतु कार्यकर्ताओं तथा संगठनों की क्षमता का निर्माण करना।
महिला अध्ययन विभाग (डी.डब्ल्यू.एस.)	बालिकाओं और स्त्रियों की शिक्षा से संबंधित मुद्दे और समस्याएँ तथा तत्संबंधी अनुसंधान, विकास, प्रशिक्षण, महिलाओं की समानता तथा सशक्तीकरण और समर्थन के कार्यकलाप।
विज्ञान और गणित शिक्षा विभाग (डी.ई.एस.एम.)	विज्ञान और गणित शिक्षा के मुद्दे और समस्याएं तथा प्राथमिक, माध्यमिक और उच्चतम माध्यमिक स्तरों के लिए आदर्श पाठ्यचर्या और शिक्षण सामग्री में अनुसंधान एवं विकास तथा विज्ञान उपकरणों का अभिकल्पन/डिजाइनिंग व विकास।
अध्यापक शिक्षा और विस्तार विभाग (डी.टी.ई.ई.)	राज्य/उप-राज्य स्तरों पर अध्यापक शिक्षा संस्थानों की क्षमता के निर्माण/विकास के लिए कार्यक्रम तथा अध्यापक शिक्षा की केंद्र-प्रायोजित योजनाओं को शैक्षिक/अकादमिक सहायता; प्रारंभिक शिक्षा विभाग तथा राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् (एन.सी.टी.ई.) और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के समन्वय से प्रशिक्षण, शिक्षाशास्त्र और पाठ्यचर्या पर राष्ट्रीय संसाधन दल के कार्य तथा विस्तार शिक्षा से संबंधित मुद्दे।
सामाजिक विज्ञान और मानविकी शिक्षा विभाग (डी.ई.एस.एस.एच.)	सामाजिक विज्ञान और मानविकी शिक्षा संबंधी मुद्दे और समस्याएं, आदर्श पाठ्यचर्या और उच्च प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्चतम माध्यमिक स्तरों के लिए अनुदेशात्मक/शिक्षण सामग्री का अनुसंधान और विकास, राष्ट्रीय जनसंख्या शिक्षा परियोजना (एन.पी.ई.पी.) के भाग के रूप में जनसंख्या शिक्षा कार्यकलाप।

विभाग/प्रभाग	*शैक्षिक कार्यक्षेत्र*
शैक्षिक मनोविज्ञान और शिक्षा आधार विभाग (डी.ई.पी.एफ.ई.)	शिक्षा के मनोवैज्ञानिक, समाजशास्त्रीय और दार्शनिक आधारों से संबंधित अध्ययन, तुलनात्मक शिक्षा और विद्यालयी शिक्षा के लिए उनके निहितार्थ, मूल्यपरक शिक्षा को सबल बनाना, विद्यालय स्तर पर, अध्यापक प्रशिक्षण/शिक्षा में मनोविज्ञान पढ़ाना और मार्गदर्शन तथा परामर्श।
शैक्षिक मापन और मूल्यांकन विभाग (डी.ई.एम.ई.)	विद्यालयी शिक्षा से संबंधित मापन और मूल्यांकन संबंधी मुद्दे, सतत और व्यापक मूल्यांकन सहित परीक्षा सुधार और तत्संबंधी अनुसंधान और विकास के कार्यकलाप।
शैक्षिक सर्वेक्षण और आंकड़ा प्रक्रिया विभाग (डी.ई.एस.डी.पी.)	अखिल भारतीय शैक्षिक सर्वेक्षण सहित आवधिक विषयगत, शैक्षिक अध्ययन, अनुसंधान के सांख्यिकीय तरीकों में प्रशिक्षण, डेटाबेस का विकास; राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् के संघटकों द्वारा बड़े स्तर पर आयोजित सर्वेक्षण/अध्ययन से संबंधित आंकड़ों का सांख्यिकीय विश्लेषण तथा परिमाणात्मक विश्लेषण में प्रयोग हेतु विभिन्न अनुप्रायोगिक सॉफ्टवेयर क्षमता के संबंध में अनुसंधान और प्रयोग सहित मूल विषयक शैक्षिक अध्ययन।
शैक्षिक अनुसंधान और नीतिगत संदर्श विभाग (डी.ई.आर.पी.पी.)	शिक्षा में नीतिगत अनुसंधान को बढ़ावा देना, 'थिंक टैंक' कार्यों के प्रचालन के लिए कार्यकलाप को आयोजित करना; विद्यालयी शिक्षा और शैक्षिक अनुसंधान और नवाचार समिति सचिवालय के कार्यों और विद्यालयी शिक्षा में अनुसंधान और नवाचारों को आरंभ करना, समन्वित करना, प्रायोजित करना।
कंप्यूटर शिक्षा और प्रौद्योगिकीय सहायता विभाग (डी.सी.ई.टी.ए.)	कंप्यूटर शिक्षा के लिए राष्ट्रीय संसाधन केन्द्र के रूप में कार्य करता है; छात्रों के लिए अनुदेशात्मक सामग्री विकसित करता है; विद्यालयी शिक्षा में कंप्यूटर के प्रयोग के विषय में अध्यापक-प्रशिक्षकों तथा अध्यापकों के प्रशिक्षण का संचालन करता है; शिक्षा संबंधी मल्टी-मीडिया सॉफ्टवेयर विकसित करता है।
प्रकाशन विभाग (पी.डी.)	विद्यालयी स्तर की पाठ्यपुस्तकें, शिक्षण तथा अनुपूरक सामग्री, पत्रिकाएं और शोध प्रबंध प्रकाशित करना।
योजना, प्रोग्रामिंग, परिवीक्षण और मूल्यांकन प्रभाग (पी.पी.एम.ई.डी.)	शैक्षिक कार्यक्रम प्रारूपण का समन्वय, कार्यान्वयन, परिवीक्षण, बजट कार्य, मानव संसाधन विकास मंत्रालय को भेजी जाने वाली आवधिक रिपोर्टें और विवरणियाँ तथा वार्षिक रिपोर्ट तैयार करना।
अंतर्राष्ट्रीय संबंध प्रभाग (आई.आर.डी.)	अंतर्राष्ट्रीय संबंधों को बढ़ावा देने के लिए अन्य देशों में स्थित शैक्षिक संस्थाओं के साथ कार्यकलापों का समन्वय तथा राष्ट्रीय विकास दल के लिए अकादमिक सचिवालय के रूप में कार्य करना।
पुस्तकालय, प्रलेखन और सूचना प्रभाग (डी.एल.डी.आई.)	शैक्षिक सूचना का प्रलेखन और पुस्तकालय सेवाएं प्रदान करना, शैक्षिक सूचना के राष्ट्रीय आदान-प्रदान के केंद्र के रूप में कार्य करना और राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर की शैक्षिक संस्थाओं के साथ संपर्क-संबंध बनाए रखना।

संस्थान, भुवनेश्वर के अधिकार क्षेत्र में अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मिजोरम, मेघालय, नागालैंड, सिक्किम, त्रिपुरा, बिहार, झारखंड, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल तथा संघ राज्य क्षेत्र अंडमान व निकोबार द्वीपसमूह शामिल हैं। क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, मैसूर के अधिकार क्षेत्र में आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, केरल तथा तमिलनाडु, लक्षद्वीप व पांडिचेरी शामिल हैं।

शिलांग में एक नए क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान की स्थापना की गई है जो चालू होने पर पूर्वोत्तर राज्यों अर्थात् असम, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा तथा सिक्किम की शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा करेगा।

संगठनात्मक संरचना

मानव संसाधन विकास मंत्री राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् के महानिकाय के अध्यक्ष (पदेन) हैं। महानिकाय के सदस्यों में सभी राज्यों तथा संघ राज्य क्षेत्रों के शिक्षा मंत्री शामिल हैं। महानिकाय के अन्य सदस्यों में अध्यक्ष, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग; सचिव, मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग), भारत सरकार; विश्वविद्यालयों के चार उपकुलपति (प्रत्येक क्षेत्र से एक); अध्यक्ष, केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड; आयुक्त, केंद्रीय विद्यालय संगठन; निदेशक, केंद्रीय स्वास्थ्य शिक्षा ब्यूरो; प्रशिक्षण निदेशक, प्रशिक्षण तथा रोजगार महानिदेशालय, श्रम मंत्रालय; शिक्षा प्रभाग, योजना आयोग के एक प्रतिनिधि; परिषद् की कार्यकारिणी समिति के सभी सदस्य (ऊपर शामिल नहीं) और भारत सरकार द्वारा मनोनीत व्यक्ति (छः से अधिक नहीं, इनमें कम से कम चार स्कूल शिक्षक हों) शामिल हैं। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् के सचिव इस महानिकाय के संयोजक होते हैं।

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् का मुख्य शासी निकाय यह कार्यकारिणी समिति है। मानव संसाधन विकास मंत्री इसके अध्यक्ष (पदेन) तथा मानव संसाधन विकास राज्य मंत्री इसके पदेन उपाध्यक्ष हैं। कार्यकारिणी समिति के सदस्यों में सचिव, मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग), भारत सरकार; निदेशक, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्; विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष; विद्यालयी शिक्षा में रुचि लेने वाले चार विख्यात शिक्षाविद् (इनमें से दो स्कूल शिक्षक हों); राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् के संयुक्त निदेशक; राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् के तीन संकाय सदस्य (इनमें से कम से कम दो प्रोफेसर तथा विभागाध्यक्ष के स्तर के हों); मानव संसाधन विकास मंत्रालय का एक प्रतिनिधि और वित्त मंत्रालय का एक प्रतिनिधि (जो राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् का वित्तीय सलाहकार हो) होंगे। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् के सचिव कार्यकारिणी समिति के संयोजक के रूप में कार्य करते हैं।

कार्यकारिणी समिति निम्नलिखित स्थायी समितियों के सहयोग से कार्य करती है :

1. वित्त समिति
2. स्थापना समिति
3. भवन एवं निर्माण समिति
4. क्षेत्रीय शिक्षा संस्थानों की प्रबंध समितियां
5. केंद्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थान का सलाहकार बोर्ड
6. पंडित सुंदरलाल शर्मा केंद्रीय व्यावसायिक शिक्षा संस्थान का सलाहकार बोर्ड
7. राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान की अकादमिक समिति
8. राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान के विभागों के सलाहकार बोर्ड
9. कार्यक्रम सलाहकार समिति
10. शैक्षिक अनुसंधान एवं नवाचार समिति

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् के मुख्यालय के दो भाग हैं :

1. परिषद् का सचिवालय
2. लेखा शाखा

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् में सरकार द्वारा मनोनीत पांच वरिष्ठ पदाधिकारियों में निदेशक, संयुक्त निदेशक, केंद्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थान के संयुक्त निदेशक, पंडित सुंदरलाल शर्मा

केंद्रीय व्यावसायिक शिक्षा संस्थान के संयुक्त निदेशक और सचिव शामिल हैं। रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान इन पदों पर निम्नलिखित व्यक्ति आसीन थे :

एन.सी.ई.आर.टी. के वरिष्ठ पदाधिकारी

निदेशक	प्रो. जगमोहन सिंह राजपूत
संयुक्त निदेशक (सी)	प्रो. एम.एस. खापर्डे
संयुक्त निदेशक (सी.आई.ई.टी.)	प्रो. पी.के. भट्टाचार्य (31-05-2001 तक) *प्रो. एम.एस. खापर्डे* (1-06-2001 से)
संयुक्त निदेशक (पी.एस.एस.सी.आई.वी.ई.)	प्रो. एस.ज़ैड. हैदर
सचिव	श्री सतिन्दर सिंह

अकादमिक कार्यकलापों में तीन संकायाध्यक्ष (डीन) निदेशक की सहायता करते हैं। डीन (अकादमिक) राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान के विभागों के कार्य का समन्वय करते हैं; डीन (अनुसंधान) अनुसंधान कार्यक्रमों का समन्वय करते हैं और शैक्षिक अनुसंधान व नवाचार समिति के कार्य देखते हैं तथा डीन (समन्वय) सेवा उत्पादन विभागों और क्षेत्रीय शिक्षा संस्थानों के कार्यकलापों का समन्वय करते हैं। आलोच्य वर्ष के दौरान निम्नलिखित व्यक्ति इन पदों पर रहेः

एन.सी.ई.आर.टी. के संकायाध्यक्ष

डीन (अनुसंधान)	प्रो. एम.एस. खापर्डे
डीन (अकादमिक)	प्रो. जी.के. लहरी
डीन (समन्वय)	प्रो. आर.डी. शुक्ल

कार्यकलाप और उपलब्धियां

अपनी स्थापना के समय से ही, एन.सी.ई.आर.टी. एक ऐसी संस्था के रूप में कार्य करती रही है जो अनुसंधान, विकास, प्रशिक्षण और विस्तार कार्यों के प्रति समर्पित हो; विज्ञान और सामाजिक अध्ययन विषयक पाठ्यपुस्तकों की अनेक शृंखलाएं विख्यात लेखकों तथा सुप्रसिद्ध संगठनों के सहयोग से प्रकाशित की जा चुकी हैं। एन.सी.ई.आर.टी. ने वैज्ञानिक प्रयोगों के लिए उपस्कर/उपकरण भी विकसित किए हैं। अध्यापकों को इस बात के लिए प्रोत्साहित किया गया है कि वे विभिन्न अनुदेश विधियों के साथ इन सामग्रियों तथा प्रयोगों की व्यावहारिक जांच करें। छात्रों के अध्ययन-अधिगम निष्कर्षों का मूल्यांकन और अध्यापक शिक्षा के लिए पाठ्यचर्या का विकास पिछले दस वर्षों में हुए महत्त्वपूर्ण कार्यकलाप हैं।



परम पावन दलाई लामा एन.सी.ई.आर.टी. परिसर में आयोजित 'शांति के लिए शिक्षा' विषय पर विस्तार भाषण के समारोह के अवसर पर दीप प्रज्ज्वलित करते हुए। साथ में हैं डा. कर्ण सिंह भूतपूर्व शिक्षा मंत्री तथा अध्यक्ष, एन.सी.ई.आर.टी. और प्रो. जगमोहन सिंह राजपूत, निदेशक, एन.सी.ई.आर.टी.

जिन उल्लेखनीय कार्यकलापों ने एन.सी.ई.आर.टी. को राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में लोकप्रिय बनाया है उनमें शामिल हैं: बच्चों के लिए पाठ्यपुस्तकों तथा अनुदेशात्मक सामग्रियों की अनेक शृंखलाएं तैयार करना; नवाचारात्मक सेवा-पूर्व अध्यापक शिक्षा पाठ्यक्रम, जैसे 4-वर्षीय बी.एससी. बी.एड, 2-वर्षीय बी.एड. (माध्यमिक) और एम.एड. (प्रारंभिक), राष्ट्रीय प्रतिभा खोज योजना/स्कीम, बच्चों के लिए जवाहरलाल नेहरु राष्ट्रीय विज्ञान प्रदर्शनी-राष्ट्रीय और राज्य स्तर; बाल साहित्य के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार प्रतियोगिता; अध्यापक शिक्षा में नवाचारों के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार; विद्यालयी शिक्षा में नवाचारों के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार; व्यावसायिक शिक्षा के संवर्धन के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार; मार्गदर्शन तथा परामर्श/उपबोधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम; सामुदायिक गायन कार्यक्रम, स्कूली बच्चों के लिए श्रव्य कार्यक्रमों तथा ई.टी.वी. का प्रसारण; आकाशवाणी पर 'उमंग' और 'ज्ञानवाणी', ज्ञानदर्शन चैनल और डी.डी.-1 पर 'तरंग' कार्यक्रम।

देश में राष्ट्रीय शिक्षा प्रणाली यानी 10+2+3 प्रणाली के कार्यान्वयन के लिए, एन.सी.ई.आर.टी. ने 1976, 1988 और 2000 के दौरान राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा और उसके संशोधनों के रूप में और आदर्श पाठ्यचर्या, अनुदेशात्मक सामग्री, मूल्यांकन उपकरण और नवाचारात्मक अध्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रमों के रूप में निविष्टियां (इनपुट) प्रस्तुत कीं।

एन.सी.ई.आर.टी. ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति, कार्यवाही कार्यक्रम (एन.पी.ई., पी.ओ.ए. 1986/92) के निर्माण में सर्वेक्षण, अनुसंधान और विकास संबंधी निविष्टियों के रूप में योगदान देकर एक उल्लेखनीय भूमिका अदा की। एन.पी.ई. और पी.ओ.ए. की अनुवर्ती कार्रवाई के रूप में, एन.सी.ई.आर.टी. ने प्रारंभिक तथा माध्यमिक शिक्षा के लिए राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा 1988 (नेशनल करीक्यूलम फॉर एलिमेंटरी एंड सेकंडरी एजुकेशन : ए फ्रेमवर्क 1988) और उसके बाद विद्यालयी शिक्षा के सभी स्तरों के लिए मार्गनिर्देश तथा पाठ्यचर्या प्रकाशित कीं।

एन.सी.ई.आर.टी. ने सभी एस.सी.ई.आर.टी., डी.आई.ई.टी., एस.आई.ई.टी. आदि संस्थाओं में क्षमता के निर्माण में और विज्ञान शिक्षा, जनसंख्या शिक्षा, पर्यावरण शिक्षा, अनौपचारिक शिक्षा, सुविधावंचित समूहों की शिक्षा आदि को लोकप्रिय बनाने और उसमें सुधार करने की दिशा में भी उल्लेखनीय कार्य किया।

राज्यों के साथ सार्थक संबंध जोड़ने और साझेदारी स्थापित करने के उद्देश्य से, एन.सी.ई. आर.टी. ने अनेक केंद्रीय सेक्टर की परियोजनाओं/स्कीमों में अकादमिक योगदान दिया। इन परियोजनाओं/स्कीमों में से कुछ ये हैं : माध्यमिक शिक्षा का व्यवसायीकरण; 6-14 वर्ष के आयु-वर्ग के बच्चों के लिए अनौपचारिक शिक्षा कार्यक्रम; शैक्षिक प्रौद्योगिकी; प्राथमिक अध्यापकों के लिए विशेष अभिविन्यास कार्यक्रम (एस.ओ.पी.टी.); सर्व शिक्षा अभियान (एस.एस.ए.); विद्यालयी अध्यापकों के सामूहिक अभिविन्यास के कार्यक्रम (पी-मोस्ट); विद्यालयों में विज्ञान शिक्षा के सुधार की योजना; विद्यालयी शिक्षा का पर्यावरणिक अभिविन्यास; विद्यालयों में कंप्यूटर साक्षरता और अध्ययन (क्लास); ऑपरेशन ब्लैकबोर्ड (ओ.बी.) स्कीम, विद्यालयों में योग संवर्धन और विकलांगों की एकीकृत शिक्षा की स्कीम आदि।

एन.सी.ई.आर.टी. ने अंतर्राष्ट्रीय अभिकरणों द्वारा निधि-पोषित अनेक महत्त्वपूर्ण परियोजनाओं को हाथ में लिया, जिन्होंने शिक्षा संबंधी नीतियों और योजनाओं तथा कार्यक्रमों के निर्माण के लिए आधारभूत सामग्री एवं आंकड़े प्रस्तुत किए। उनमें से कुछ हैं : आई.ई.ए. (शैक्षिक उपलब्धि के मूल्यांकन के लिए अंतर्राष्ट्रीय संगम); प्राथमिक शिक्षा की पाठ्यचर्या का नवीकरण (पी.ई.सी.आर.); भाषा तथा विज्ञान में हुई उपलब्धियों का अध्ययन; आई.ई.ए. कॉम्पेड स्टडी/अध्ययन; सामुदायिक शिक्षा और सहभागिता में विकासात्मक कार्यकलाप (डी.ए.सी.ई.पी.), प्राथमिक शिक्षा तक व्यापक पहुंच (केप); जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम (डी.पी.ई.पी.); राष्ट्रीय जनसंख्या शिक्षा परियोजना (एन.पी.ई.पी.); माध्यमिक विद्यालयों का सर्वेक्षण, हाईस्कूल के बालकों में उपलब्धि अभिप्रेरक और उसके लिए प्रशिक्षण; श्रेणी-8 और 9 के लिए हिंदी में शैक्षिक अभिक्षमता परीक्षण; माध्यमिक विद्यालयों में निरीक्षण

राज्य शिक्षा प्राधिकारियों के साथ विचार-विमर्श करके एन.सी.ई.आर.टी. द्वारा अभिनिर्धारित राज्य शैक्षिक आवश्यकताओं पर राज्य समन्वय समितियों के माध्यम से कार्रवाई की जाती है।

क्षेत्रीय शिक्षा संस्थाओं के शैक्षिक कार्यक्रमों पर क्षेत्रीय शिक्षा संस्थानों की प्रबंध समितियों के माध्यम से कार्यवाही की जाती है।

विश्वविद्यालय विभागों और स्वैच्छिक संगठनों सहित परिषद् के संघटक, यूनिट व अन्य संस्थानों/संगठनों द्वारा प्रस्तावित अनुसंधान कार्यक्रमों पर शैक्षिक अनुसंधान एवं नवाचार समिति द्वारा विचार किया जाता है।

मानव संसाधन विकास मंत्रालय के परामर्श पर राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान के विभागों के शैक्षिक कार्यक्रमों, राज्य शिक्षा प्राधिकारियों के साथ राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तालमेल, केंद्रीय शिक्षा संगठनों (सी.ए.बी.ई., के.वि.सं., नवोदय विद्यालय, के.मा.शि.बो. आदि) को सहायता आदि पर राष्ट्रीय शिक्षा संस्थानों के विभागों के सलाहकार बोर्डों द्वारा तथा तत्पश्चात् राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान की अकादमिक समिति द्वारा कार्रवाई की जाती है।

शिक्षा प्रणाली द्वारा अपेक्षित मीडिया सहायता के आधार पर केंद्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थान के कार्यक्रमों और एन.सी.ई.आर.टी. और उनके संघटकों की आवश्यकताओं पर संस्थान के सलाहकार बोर्ड द्वारा कार्रवाई की जाती है।

केंद्रीय व्यावसायिक शिक्षा संस्थान के कार्यक्रमों पर संस्थान के सलाहकार बोर्ड द्वारा कार्रवाई की जाती है।

ए.सी., आई.ए.बी., एम.सी. और एरिक द्वारा संदर्भित कार्यक्रमों की कार्यक्रम सलाहकार समिति द्वारा जांच की जाती है ताकि पुनरावृत्ति, अतिव्याप्ति, अंतर आदि से बचा जा सके।

कार्यक्रम सलाहकार समिति की उप-समिति द्वारा जांचे गए कार्यक्रमों पर परिषद् की कार्यक्रम सलाहकार समिति द्वारा विचार किया जाता है।

कार्यक्रम सलाहकार समिति द्वारा अनुमोदित कार्यक्रमों को अंततः परिषद् की कार्यकारिणी समिति द्वारा अनुमोदित किया जाता है।

कार्यक्रम सलाहकार समिति और कार्यकारिणी समिति द्वारा अनुमोदित कार्यक्रम परिषद् द्वारा कार्यान्वित किए जाते हैं।

कार्यक्रमों के कार्यान्वयन की प्रगति का प्रतिमाह संघटक/विभाग के अध्यक्ष द्वारा तथा निदेशक की अध्यक्षता में गठित परिवीक्षण समिति द्वारा परिवीक्षण किया जाता है।

कार्यक्रमों के परिणामों की संघटक/विभाग द्वारा जांच की जाती है ताकि उन्हें स्कूली शिक्षा में गुणात्मक सुधार हेतु शिक्षा प्रणाली में व्यापक रूप से समाविष्ट किया जा सके।

शैक्षिक कार्यक्रमों के प्रारूपण के लिए एन.सी.ई.आर.टी. के स्तर पर तंत्र का आरेखी प्रस्तुतीकरण जो राज्यों की शैक्षिक आवश्यकताओं, राष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं और अंतर्राष्ट्रीय निवेशों, विद्यालयी शिक्षा के गुणात्मक सुधार हेतु उनके कार्यान्वयन, कार्यक्रम कार्यान्वयन के परिवीक्षण, अंतिम उत्पादों/निष्कर्षों के मूल्यांकन और शिक्षा प्रणाली में सुधार के लिए उनके उपयोग को दर्शाता है।

और पर्यवेक्षण के लिए मूल्यांकन कसौटियां; प्राथमिक तथा मिडिल स्कूलों में अपव्यय और गतिरोध; विद्यालयी शिक्षा के तीन स्तरों पर गणित में उपलब्धि का सर्वेक्षण; प्रारंभिक तथा माध्यमिक विद्यालयों में प्रतिभा की पहचान; माध्यमिक विद्यालयों में गणित की पाठ्यचर्या और अध्यापन विधियां।

एन.सी.ई.आर.टी. द्वारा हाल में उठाए गए कदमों में शामिल हैं: विद्यालयी शिक्षा के लिए राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा (एन.सी.एफ.एस.ई.)-2000 का प्रकाशन और कार्यान्वयन; राष्ट्रीय मूल्यपरक शिक्षा संसाधन केंद्र (एन.आर.सी.वी.ई.) की स्थापना; राष्ट्रीय कंप्यूटर शिक्षा केंद्र की स्थापना; शैक्षिक सार और मूल्यपरक शिक्षा की पत्रिकाओं का प्रकाशन प्रारंभ करना।

कार्यक्रमों का आयोजन एवं क्रियान्वयन

परिषद् के संघटक अपने कार्यक्रम तैयार करते समय अन्य बातों के साथ-साथ राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रावधानों को और जिन राज्यों को परिषद् के निवेशों (इनपुट) की आवश्यकता है, उनकी शैक्षिक जरूरतों को भी ध्यान में रखते हैं। राज्यों की शैक्षिक आवश्यकताओं का अभिनिर्धारण मुख्यतः राज्य समन्वय समितियों के तंत्र के माध्यम से किया जाता है जो परिषद् के संकाय और राज्य शिक्षा विभागों के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के बीच तालमेल के लिए एक मंच प्रदान करता है। राज्य शिक्षा सचिव, राज्य समन्वय समिति के अध्यक्ष हैं तथा संबंधित क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान के प्राचार्य (प्रिंसिपल) सदस्य-संयोजक हैं।

राज्यों की अभिनिर्धारित शैक्षिक आवश्यकताओं पर क्षेत्रीय शिक्षा संस्थानों (आर.आई.ई.) द्वारा अपनी प्रबंध समितियों (एम.सी.) में विचार किया जाता है। राज्यों की इन शैक्षिक आवश्यकताओं के लिए निवेश क्षेत्रीय शिक्षा संस्थानों द्वारा प्रदान किया जाता है। परिषद् के अन्य संघटकों से जिन राज्यों को निवेशों की आवश्यकता है उनकी शैक्षिक आवश्यकताओं को आवश्यक कार्रवाई हेतु उनके पास भेज दिया जाता है। एन.आई.ई. के विभागों के शैक्षिक कार्यक्रमों पर संबंधित विभागों के सलाहकार बोर्डों के माध्यम से कार्रवाई की जाती है तथा तत्पश्चात् एन.आई.ई. की अकादमिक समिति (ए.सी.) उस पर कार्रवाई करती है। शैक्षिक प्रणाली के लिए अपेक्षित मीडिया सहायता पर आधारित केंद्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थान (सी.आई.ई.टी.) के कार्यक्रमों पर संस्थान के सलाहकार बोर्ड (आई.ए.बी.) के माध्यम से कार्रवाई की जाती है।

पंडित सुंदरलाल शर्मा केंद्रीय व्यावसायिक शिक्षा संस्थान (पी.एस.एस.सी.आई.वी.ई.) के कार्यक्रमों पर संस्थान के सलाहकार बोर्ड के माध्यम से कार्रवाई की जाती है। एन.सी.ई.आर.टी. तथा अन्य संस्थाओं/ संगठनों के संघटकों द्वारा प्रस्तावित अनुसंधान कार्यक्रमों पर शैक्षिक अनुसंधान व नवाचार समिति (एरिक) द्वारा विचार किया जाता है। यह समिति विद्यालयी शिक्षा और अध्यापक शिक्षा के विभिन्न क्षेत्रों में अनुसंधान कार्य को प्रोत्साहित और प्रायोजित करती है। अकादमिक समिति, संस्थान के सलाहकार बोर्ड, क्षेत्रीय शिक्षा संस्थानों की प्रबंध समितियों और शैक्षिक अनुसंधान एवं नवाचार समितियों द्वारा निर्दिष्ट कार्यक्रमों की छानबीन कार्यक्रम सलाहकार समिति की उप समिति द्वारा की जाती है और उन्हें अनुमोदन के लिए पी.ए.सी. के समक्ष रखा जाता है।

विभिन्न कार्यक्रम क्रियान्वयन समितियों द्वारा तैयार किए गए कार्यक्रमों पर अंतिम रूप से कार्यक्रम सलाहकार समिति (पी.ए.सी.) द्वारा विचार किया जाता है। कार्यक्रम सलाहकार समिति, अन्य बातों के साथ-साथ परिषद् की कार्यकारिणी समिति को ऐसे दिशानिर्देशों की सिफारिश करती है जिस पर अनुसंधान, प्रशिक्षण, विस्तार और अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए तथा ऐसे चैनल प्रदान करती है जिन पर उन्हें देश में विद्यालयी शिक्षा को बढ़ावा देने के लक्ष्य को पूरा करने के निर्देश दिए जाने चाहिए। कार्यक्रम सलाहकार समिति उन कार्यक्रमों पर भी विचार करती है जो परिषद् को मानव संसाधन विकास मंत्रालय के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय संगठनों से प्राप्त होते हैं।

कार्यक्रम कार्यान्वयन का परिवीक्षण

एन.सी.ई.आर.टी. के प्रत्येक संघटक/विभाग के अध्यक्ष मुख्यतः अपने कार्यक्रमों के कार्यान्वयन के परिवीक्षण (मानीटरिंग) के लिए उत्तरदायी हैं। परिषद् के संघटकों/ विभागों के कार्यक्रमों के कार्यान्वयन की प्रगति की समीक्षा निदेशक/संयुक्त निदेशक, एन.सी.ई.आर.टी. द्वारा की जाती है। एन.सी.ई. आर.टी. के विभिन्न संघटकों के कार्यक्रमों के आयोजन, कार्यान्वयन, परिवीक्षण व मूल्यांकन की संपूर्ण प्रक्रिया एन.सी.ई.आर.टी. और राज्यों का एक संयुक्त कार्य है। परिषद् के लगभग सभी शैक्षिक कार्यक्रमों में राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के शिक्षाविद् और व्यावसायिक विभिन्न स्तरों पर अर्थात् आयोजन से लेकर प्रणाली में निष्कर्षों के व्यापक प्रसार तक शामिल होते हैं।

परिषद् के कार्यक्रमों और कार्यकलापों से संबंधित सूचनाओं का प्रसार एन.सी.ई.आर.टी. कार्यक्रम, एन. सी.ई.आर.टी. प्रशिक्षण कार्यक्रमों के कलैण्डर, एन. सी.ई.आर.टी. की वार्षिक रिपोर्ट और एन.सी.ई. आर.टी. की वेबसाइट (www.ncert.nic.in) के माध्यम से किया जाता है।

रिपोर्टें और विवरणियाँ

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् विभिन्न उद्देश्यों हेतु अपने कार्यक्रमों और कार्यकलापों के संबंध में समय-समय पर कई रिपोर्टें और विवरणियाँ तैयार करती है। निम्नलिखित रिपोर्टें व विवरणियाँ मानव संसाधन विकास मंत्रालय को प्रस्तुत की गई हैं:

1. महत्त्वपूर्ण कार्यकलापों और विशिष्ट घटनाओं की मासिक रिपोर्ट।
2. महत्त्वपूर्ण कार्यकलापों और विशिष्ट घटनाओं का मासिक सारांश।
3. मंत्रिमंडल सचिवालय के लिए महत्त्वपूर्ण घटनाओं की मासिक रिपोर्ट।
4. अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अल्पसंख्यकों की शिक्षा के संबंध में मासिक प्रगति रिपोर्ट।
5. राष्ट्रीय एकता परिषद् की सिफारिशों के कार्यान्वयन हेतु की गई कार्रवाई के संबंध में त्रैमासिक रिपोर्ट।
6. अल्पसंख्यकों के कल्याण तथा सांप्रदायिकता की रोकथाम के लिए की गई कार्रवाई के संबंध में त्रैमासिक रिपोर्ट।
7. शिक्षा विभाग (मानव संसाधन विकास मंत्रालय) की वार्षिक रिपोर्ट के लिए सामग्री।
8. कार्यनिष्पादन बजट।
9. पूर्वोत्तर क्षेत्र और सिक्किम में विकास कार्यक्रमों पर 10 प्रतिशत बजट व्यवस्था विषयक रिपोर्ट।

स्टाफ संख्या

31 मार्च 2002 की स्थिति के अनुसार राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् की श्रेणीवार संस्वीकृत स्टाफ संख्या *परिशिष्ट II* में दर्शाई गई है।

वित्त

वर्ष 2001-2002 के लिए राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् की प्राप्ति व भुगतान के संबंध में सूचना *परिशिष्ट III* में दी गई है।

2

विद्यालयी शिक्षा में एन.सी.ई.आर.टी. के योगदान का विहंगावलोकन


राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् (एन.सी.ई.आर.टी.) वर्षों से विद्यालयी शिक्षा में गुणात्मक सुधार करने की दिशा में प्रयासरत है। अपने उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए परिषद् अपने विभिन्न संघटकों के माध्यम से अनुसंधान, विकास, प्रशिक्षण, विस्तार तथा शैक्षिक सूचनाओं के प्रचार-प्रसार से संबंधित अनेक कार्यक्रम कार्यान्वित कर रही है।

विद्यालयी शिक्षा में एन.सी.ई.आर.टी. के योगदान का विहंगावलोकन

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् (एन.सी.ई.आर.टी.) वर्षों से विद्यालयी शिक्षा में गुणात्मक सुधार करने की दिशा में प्रयासरत है। अपने उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए परिषद् अपने विभिन्न संघटकों के माध्यम से अनुसंधान, विकास, प्रशिक्षण, विस्तार तथा शैक्षिक सूचनाओं के प्रचार-प्रसार से संबंधित अनेक कार्यक्रम कार्यान्वित कर रही है।

एन.सी.ई.आर.टी. ने विज्ञान की शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा और जनसंख्या शिक्षा के उन्नयन, अध्यापक शिक्षा, विद्यालय पद्धतियों में नवाचार, प्रतिभा की खोज, महिलाओं का सशक्तीकरण, अध्यापकों का सशक्तीकरण आदि के संबंध में पहले से चल रहे अपने सुज्ञात कार्यक्रमों को जारी रखा। उनमें से कुछ निम्नलिखित हैं:

- बच्चों के लिए जवाहरलाल नेहरु राष्ट्रीय विज्ञान प्रदर्शनी।
- राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनियों को सहायता-समर्थन।
- अध्यापक शिक्षा में नवाचारों के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार।
- विद्यालयी शिक्षा में नवाचारों के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार।
- एन.पी.ई.पी. के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय पोस्टर प्रतियोगिता और जनसंख्या सप्ताह का आयोजन।
- राष्ट्रीय प्रतिभा खोज योजना/स्कीम।
- प्राथमिक स्तर पर विद्यालय की प्रभावकारिता के विषय में हुए अनुसंधान कार्यों पर अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी/सेमिनार।
- स्त्री-शिक्षा और विकास की कार्यप्रणाली पर प्रशिक्षण कार्यक्रम।
- एरिक के माध्यम से शैक्षिक अनुसंधान और नवाचारों को समर्थन-सहायता।
- एस.ओ.पी.टी., ई.जी.एस., एन.एफ.ई., वी.ई.पी., डी.पी.ई.पी., एन.पी.ई.पी., ई.टी. इत्यादि जैसी केन्द्र-प्रायोजित स्कीमों का कार्यान्वयन।
- ज्ञानदर्शन, 'तरंग', 'उमंग' के माध्यम से दूरदर्शन आकाशवाणी पर शैक्षिक कार्यक्रमों का प्रदर्शन-प्रसारण।
- विद्यालयी अध्यापकों के लिए विशेष अभिविन्यास कार्यक्रम (एस.ओ.पी.टी.)।
- क्षेत्रीय शिक्षा संस्थानों (आर.आई.ई.) में नवाचारात्मक सेवापूर्व पाठ्यक्रम।
- राष्ट्रीय एकता के लिए सामुदायिक गायन परियोजना।
- विद्यालयी शिक्षा का अखिल भारतीय सर्वेक्षण।
- शैक्षिक अनुसंधानों का सर्वेक्षण।
- पत्र-पत्रिकाएं।





माननीय मा.सं.वि.मं. तथा एन.सी.ई.आर.टी. के अध्यक्ष डा. मुरली मनोहर जोशी बच्चों के लिए जवाहरलाल नेहरु राष्ट्रीय विज्ञान प्रदर्शनी में अभिभाषण देते हुए

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान हाथ में लिए गए कुछ नए कार्यक्रम यह हैं :

- विद्यालयी शिक्षा के लिए राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा का कार्यान्वयन और कम-से-कम समय में पहली, तीसरी, छठी, नौवीं और ग्यारहवीं कक्षाओं के भिन्न-भिन्न विषयों के लिए पाठ्यपुस्तकें और मार्गनिर्देश तथा पाठ्यविवरण तैयार करना। शेष कक्षाओं के लिए अनुदेशात्मक सामग्री की तैयारी शुरू कर दी गई है।
- विद्यालयी शिक्षा में उभरते हुए मुद्दों/सरोकारों तथा एन.सी.ई.आर.टी. की भूमिका के विषय में राष्ट्रीय सम्मेलनों का आयोजन करना, ताकि एन.सी.ई.आर.टी. के भावी कार्यकलापों/कार्यक्रमों के बारे में नीति संबंधी परिप्रेक्ष्य विकसित किया जा सके।
- शैक्षिक अनुसंधान के छठे सर्वेक्षण का श्रीगणेश करना।
- 30 सितंबर, 2002 को संदर्भ तिथि मानकर सातवें अखिल भारतीय विद्यालयी शिक्षा सर्वेक्षण का समारंभ करना।
- क्षेत्रीय शिक्षा संस्थानों से जुड़े डी.एम. विद्यालयों में विद्यालय-आधारित आकलन की योजना प्रारंभ करना।
- एन.सी.ई.आर.टी. के दिव्य दर्शन का विकास करना।
- प्राथमिक अवस्था के अंत में (कक्षा-5) और उच्च प्राथमिक अवस्था के अंत में (कक्षा-7/8) उपलब्धि संबंधी सर्वेक्षण।
- 'सॉप्ट' कार्यक्रम को विद्यालयी शिक्षा की सभी अवस्थाओं तक बढ़ाना।
- उच्च स्तर के अनुसंधान कार्यविधि पाठ्यक्रम और अनुसंधान-आधारित शोध प्रबंधों की एक शृंखला के विषय में योजना बनाना।
- विज्ञान को लोकप्रिय बनाने के लिए एक विज्ञान केन्द्र का विकास करना, जिसमें विज्ञान उद्यान, ऊर्जा उद्यान और विज्ञान क्लब स्थापित हों।

प्रारंभिक शिक्षा

प्रारंभिक शिक्षा के क्षेत्र में एन.सी.ई.आर.टी. इन तीन प्रमुख विषय-क्षेत्रों से सरोकार रखती है, अर्थात्, शैशवकालीन देखभाल और शिक्षा, अनौपचारिक शिक्षा और प्रारंभिक शिक्षा (औपचारिक) जो प्रारंभिक शिक्षा के सार्वजनीकरण (यू.ई.ई) के लिए महत्वपूर्ण रणनीतियां हैं।

शैशवकालीन देखभाल और शिक्षा (ई.सी.सी.ई.) के अंतर्गत एन.सी.ई.आर.टी. संगत संसाधन सामग्रियों के विकास, कार्यरत कार्मिकों की क्षमता के निर्माण, सामग्रियों तथा सूचना के प्रसार और अनुभवों के आदान-प्रदान के माध्यम से विद्यालय-पूर्व शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए उल्लेखनीय निविष्टियां तथा अकादमिक समर्थन देती रही है। विद्यालय-पूर्व आयु के बच्चों के क्रमिक विकास के अनुरूप उनकी आवश्यकताओं के संदर्भ में बच्चों को और उनकी जरूरतों को समझने में अभिभावकों तथा अध्यापकों को सहायता देने के उद्देश्य से, अध्यापकों तथा माता-पिता/अभिभावकों के लिए एक पूर्व-प्राथमिक शिक्षा नामक पुस्तिका का प्रारूप तैयार किया गया। प्रशिक्षण पैकेज, खेल सामग्री और/अथवा किटों और अभिभावकों की जागरूकता के लिए अध्ययन सामग्री के विकास के लिए भिन्न-भिन्न डी.पी.ई.पी. राज्यों को अकादमिक सहायता दी गई। 'प्राथमिक अध्यापकों के लिए विशेष अभिविन्यास कार्यक्रम' (एस.ओ.पी.टी.) पैकेज के लिए 'बच्चों के लिए विद्यालय जाने की तैयारी' विषय पर एक मॉड्यूल तैयार किया गया। इसके अलावा, बच्चों की मीडिया प्रयोगशाला (सी.एम.एल.) के लगभग 300 किट विभिन्न राज्य स्तरीय अभिकरणों, गैर-सरकारी संगठनों, डी.पी.ई.पी. राज्यों और अन्य शैक्षिक संस्थाओं को बांटे गए, और ई.सी.सी.ई. पर अभिभावकों के लिए विकसित किए गए सात जागरूकता पोस्टरों के 5000 सेट भिन्न-भिन्न राज्यों को भेजे गए।

प्रारंभिक शिक्षा के सार्वजनीकरण की योजना की व्यापक परिधि के भीतर, एन.सी.ई.आर.टी. ने पाठ्यचर्या के नए सेट और अनुदेशात्मक सामग्री के विकास, राज्यों की क्षमता के निर्माण, उभरते हुए विषय क्षेत्रों

में अनुसंधान-अध्ययन और सर्व शिक्षा अभियान (एस.एस.ए.) को अकादमिक एवं व्यावसायिक सहायता आदि से संबंधित अनेक कार्यकलाप संपन्न किए। प्रारंभिक अवस्था में विज्ञान की शिक्षा की स्थिति और उसकी उभरती हुई प्रवृत्तियों का अध्ययन पिछले दशक (1990-2000) के दौरान हुए शोधकार्यों के परिविश्लेषण और कक्षा में प्राप्त अनुभवों के आधार पर किया गया। प्राथमिक अवस्था के लिए मार्गनिर्देश और पाठ्यचर्या नामक एक नया पाठ्यचर्या सेट और सभी पाठ्यचर्यात्मक विषयों अर्थात् भाषा, गणित, पर्यावरणिक अध्ययन और स्वस्थ तथा उत्पादक जीवन की कला में अध्यापन-अध्ययन सामग्री का नया सेट तैयार किया गया और उसे प्रकाशित भी कर दिया गया। विज्ञान तथा गणित के क्षेत्र में अधिगम/अध्ययन संबंधी कुछ कमियों का पता चला है और प्राथमिक स्तर की अन्तिम अवस्था (ग्रेड-5) में इन स्थलों को कठिन माना गया है। उच्च प्राथमिक अवस्था पर भिन्न-भिन्न पाठ्यचर्यात्मक विषय क्षेत्रों के लिए विषय-वस्तु संवृद्धि पैकेज (विषय-वार) तैयार किया गया है। प्राथमिक अवस्था के लिए, क्षेत्रीय भाषाओं में अमुद्रित सामग्री के विकास के लिए भी प्रयत्न किए गए हैं।

स्वतंत्रता संग्राम में अध्यापकों की भूमिका तथा स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदानों के बारे में बच्चों को अवगत करने के लिए और उनमें जागरूकता उत्पन्न करने के लिए और अध्यापकों को भी अपने कर्तव्यों के प्रति संवेदनशील बनाने और उनमें देशभक्ति की भावना भरने के लिए 'शिक्षकों के लिए एक चुनौती: बच्चों में देश प्रेम की भावना कैसे जागृत करें' नामक एक कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है।

वर्ष 2001 को स्वयंसेवकता (वालंटियरिज्म) के अंतर्राष्ट्रीय वर्ष के रूप में मनाए जाने के उपलक्ष्य में, स्वयंसेवकता विषय पर 3-दिवसीय एक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। बच्चों में अनुभवजन्य मूल्यपरक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए तीन अंतर्राज्यीय शिविरों का आयोजन किया गया। इसके अलावा अध्यापक-प्रशिक्षकों तथा अध्यापकों के लिए दो शिविर लगाए गए और पांच सामूहिक गायन कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। संगीत के अध्यापकों के लिए एक प्रशिक्षण पैकेज भी विकसित किया गया।

उच्च प्राथमिक स्तर पर कामचलाऊ अध्यापन उपकरणों तथा अध्यापन-अधिगम सहायता-सामग्रियों के निर्माण के लिए उत्तरी राज्यों के प्रमुख संसाधन व्यक्तियों तथा अध्यापकों के लिए प्रशिक्षण पाठ्यक्रम संचालित किए गए। देश के भिन्न-भिन्न भागों के भिन्न-भिन्न प्रकार के लाभार्थियों (के.आर.पी., अध्यापक-प्रशिक्षकों और अध्यापकों) के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम भी चलाए गए।

सर्व शिक्षा अभियान के राष्ट्रीय कार्यक्रम के अंतर्गत, शिलांग, ऐजावल और मसूरी में तीन प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए गए, जिनमें प्रारंभिक शिक्षा के गुणवत्तात्मक आयामों की योजना बनाने के कार्य में राज्य तथा जिला स्तर की टीमों का अभिविन्यास किया गया। मूल्यांकन तथा पर्यवेक्षण के कार्य में मूल्यांकन दलों के सदस्यों का अभिविन्यास करके, सर्व शिक्षा अभियान (राज्य/जिला स्तर) के मूल्यांकन मिशन में अकादमिक सहायता दी गई। 'सर्व शिक्षा अभियान की योजनाओं के मूल्यांकन के लिए मैन्युअल' नामक एक दस्तावेज तैयार किया गया और कार्य क्षेत्र में इसके प्रभाव का परीक्षण किया गया। अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षा संघ (ए.आई.पी.एफ.टी.) के सदस्यों को भी सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत गुणात्मक मुद्दों पर अभिविन्यस्त किया गया। जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम (डी.पी.ई.पी.) के अंतर्गत, अन्तस्थ आकलन सर्वेक्षण (टी.ए.एस.) आठ डी.पी.ई.पी. चरण-I के राज्यों के 49 जिलों में स्थित 2444 विद्यालयों, 80697 छात्रों तथा 7587 अध्यापकों के बारे में किया गया। 'टी.ए.एस. के अंतर्गत छात्रों की उपलब्धि-चरण-I के जिलों में मूल्यांकन' नामक एक दस्तावेज प्रकाशित किया गया।

अनौपचारिक शिक्षा के क्षेत्र में, एन.सी.ई.आर.टी. मुख्यतः सरकारी तथा गैर-सरकारी दोनों प्रकार के संगठनों में क्षमता निर्माण और संसाधन विकास, नवाचारात्मक परियोजनाओं के मूल्यांकन और मानव संसाधन विकास मंत्रालय की स्वीकृति के लिए प्राप्त गैर-सरकारी संगठनों की परियोजनाओं की

जांच से सरोकार रखती है। एन.एफ.ई. और वैकल्पिक शिक्षा कार्यक्रमों का कार्यान्वियन करने वाले स्वैच्छिक संगठनों को परामर्श तथा अनुसंधान सहायता दी जाती है।

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान चंडीगढ़ के रात्रि विद्यालयों में पढ़ाने वाले अध्यापकों की प्रशिक्षण संबंधी जरूरतों का पता लगाया गया। महाराष्ट्र राज्य के रात्रि विद्यालयों के लिए काम करने वाले मुख्य संसाधन व्यक्तियों को भी विज्ञान तथा गणित शिक्षण के लिए प्रशिक्षित किया गया। झारखंड, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार और महाराष्ट्र के वरिष्ठ एन.एफ.ई. कार्यकर्ताओं को शिक्षा गारंटी योजना तथा वैकल्पिक एवं नवाचारात्मक शिक्षा (ई.जी.ई. व ए.आई.ई.) के सभी आयामों में प्रशिक्षित किया गया। मानव संसाधन विकास मंत्रालय की नवाचारात्मक और प्रायोगिक कार्यक्रमों की योजना के अंतर्गत, 40 से अधिक परियोजना प्रस्तावों की समीक्षा तथा छानबीन की गई। मानव संसाधन विकास मंत्रालय की प्रारंभिक शिक्षा में नवाचारात्मक और प्रायोगिक कार्यक्रमों की योजना के अंतर्गत गैर-सरकारी संगठनों की परियोजनाओं के मूल्यांकन पर एक अनुसंधान एवं मूल्यांकन अध्ययन संपन्न किया गया और मानव संसाधन विकास मंत्रालय को उसकी रिपोर्ट भेज दी गई।

अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति और अल्पसंख्यकों की शिक्षा

सबके लिए शिक्षा के राष्ट्रीय लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए, एन.सी.ई.आर.टी. सामाजिक दृष्टि से सुविधावंचित समूहों, जैसे अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और शैक्षिक दृष्टि से पिछड़े अल्पसंख्यकों की शिक्षा पर विशेष बल देती है; शुरू किए गए अध्ययनों में शामिल थे : (i) जनजातीय छात्रों को विद्यालयों में रखने में रुकावट डालने वाले कारकों की पहचान, (ii) अल्पसंख्यकों (मुस्लिमों) के लिए केंद्र-प्रायोजित योजनाओं से उनके द्वारा उठाए गए शैक्षिक लाभ और (iii) अनुसूचित जाति के बच्चों के प्रति अध्यापकों में अभिवृत्ति संबंधी मुद्दों का पता लगाना। उत्तरांचल के जौनसार-बावर क्षेत्र के जनजातीय लोगों, जिन्हें खस या जौनसारी कहा जाता है, की नृजातिसूचक परिच्छेदिका (प्रोफाइल) तैयार की गई और उसमें उनकी शैक्षिक जरूरतों पर ध्यान केंद्रित किया गया। 'भारत में जनजातीय शिक्षा : प्रवृत्तियां और रणनीतियां' विषय पर एक स्रोत पुस्तक तैयार की जा रही है। पूर्वोत्तर राज्यों के संसाधन व्यक्तियों को सामाजिक रूप से सुविधावंचित समूहों के लिए शिक्षा के क्षेत्र में एन.ई.आर.आई.ई., शिलांग में अभिविन्यस्त किया गया। उत्तरांचल, छत्तीसगढ़ और झारखंड के नव-निर्मित राज्यों के अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के बच्चों की शिक्षा से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करने के लिए दो-दिवसीय एक कार्याशाला एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इन राज्यों से तथा स्वैच्छिक अभिकरणों से आए सहभागियों ने परस्पर अनुभव बांटे और अपने राज्य से संबंधित विशेष मुद्दों पर चर्चा की। पहली तथा दूसरी कक्षा के लिए पर्यावरणिक अध्ययन के अध्यापकों के लिए एक प्रशिक्षण पैकेज भी विकसित किया गया जिसका उद्देश्य शिक्षा को आनंदप्रद बनाना था। वर्ष 2000-2001 के दौरान, गणित, उड़िया तथा अंग्रेजी भाषा, और पर्यावरणिक अध्ययन में विषय-वस्तु मॉडयूल विकसित किए गए, साथ ही जनजातीय प्राथमिक विद्यालयों में प्रभावकारी पाठ्यचर्या संव्यवहार के लिए जागरूकता मॉड्यूलों को अंतिम रूप दिया गया। आंध्र प्रदेश के लिए, रिहायशी विद्यालयों में जनजातीय बच्चों के लिए सहपाठ्यचारी कार्यकलापों के विकास के लिए तीन कार्यशालाओं की शृंखला आयोजित की गई।

विशेष जरूरतमंद बच्चों के लिए शिक्षा

'सबके लिए शिक्षा' के राष्ट्रीय लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए, एन.सी.ई.आर.टी. विशेष शैक्षिक आवश्यकताओं वाले बच्चों को सामान्य विद्यालयों में शामिल कराने के लिए प्रयत्नशील है। विकलांग बच्चों के लिए एकीकृत शिक्षा के मूल्यांकन अध्ययन (आई.ई.डी.सी.) की योजना विशेष जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा पर अब तक हुए प्रभाव का आकलन करने के लिए हाथ में ली गई। इस अध्ययन से पता चला

कि आई.ई.डी.सी. स्कीम 'सबके लिए शिक्षा' के लक्ष्य को प्राप्त करने में सहायक सिद्ध हुई है, इसने विरत यानी बीच में पढ़ाई छोड़ देने वाले छात्रों की दर में कमी की है और सामान्य अध्यापक को बेहतर अध्यापक बना दिया है। विकासात्मक कार्यकलापों में शामिल थे : (i) बच्चों के श्रवण विकास हेतु भाषा पाठ्यक्रम अनुकूलन एवं समायोजन : प्राथमिक विद्यालयों के अध्यापकों के लिए पुस्तिका, (ii) समवेत प्राथमिक विद्यालयों में प्रमस्तिष्क अंगघात पीड़ित बच्चों की विशेष शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पाठ्यचर्या में अनुकूलन, (iii) विशेष जरूरतों वाले बच्चों की शिक्षा तथा प्रशिक्षण को सुकर बनाने के लिए श्रव्य-दृश्य सामग्री, (iv) समवेत शिक्षा चलाने वाले संगठनों का विशेष अध्ययन, (v) भिन्न-भिन्न निर्योग्यताओं वाले बच्चों के अध्यापकों तथा अध्यापक-प्रशिक्षकों के लिए स्वतः शिक्षण-सामग्री, (vi) विशेष शैक्षिक आवश्यकताएं : माता-पिता के लिए संदर्शिका, (vii) व्यावहारिक समवेत शिक्षा पर प्रशिक्षण पैकेज (viii) विशेष ध्यान-केंद्रित समूहों की शिक्षा, (ix) पाठ्यचर्या को विशेष जरूरतमंद बच्चों की पहुंच योग्य बनाना, और (x) दृष्टि-बाधित बच्चों के लिए पाठ्यचर्या की पुनःसंरचना और परीक्षा प्रक्रियाओं में आशोधन।

राज्य तथा जिला स्तर पर अध्यापक-प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण के रूप में क्षमता निर्माण करने के लिए, समवेत शिक्षा में प्रशिक्षण मॉड्यूलों के विकास का काम हाथ में लिया गया है, जिनकी सहायता से नेटवर्किंग के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जाएगा। उत्तरी राज्यों में इस स्कीम का कार्यान्वयन करने वाले आई.ई.डी.सी. प्रकोष्ठों में कार्यरत कार्मिकों के लिए दो-दिवसीय एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। पश्चिमी क्षेत्र की एस.सी.ई.आर.टी. परिषदों और 'डाइट' संस्थाओं के प्रमुख संसाधन व्यक्तियों को समवेत विद्यालयों के विकलांग बच्चों को शिक्षा देने के लिए प्रशिक्षित किया गया। एस.सी.ई.आर.टी. और डी.आई.ई.टी. संस्थाओं के प्रमुख संसाधन व्यक्तियों के लिए समवेत शिक्षा के विभिन्न पक्षों पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य इन प्रमुख व्यक्तियों को अपने-अपने राज्य में कक्षा की पद्धतियों के साथ-साथ प्रशिक्षण अध्यापक की जिम्मेदारी निभाने के लिए तैयार करना और समवेत कक्षा में विशेष जरूरतों वाले बच्चों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सक्षम बनाना था। विशेष जरूरतों वाले बच्चों की शिक्षा से संबंधित नवीनतम मुद्दों और सरोकारों पर, विभिन्न संगठनों से आने वाले शिष्टमंडलों के साथ चर्चा की गई।

बालिकाओं की शिक्षा

एन.सी.ई.आर.टी. बालिकाओं की शिक्षा और महिलाओं के सशक्तीकरण और विद्यालयों में बालिका-अनुकूल वातावरण के निर्माण को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

भारत में पचास वर्षों में स्त्री शिक्षा की स्थिति पर एक अध्ययन किया गया जिसका उद्देश्य स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भारत में बालिकाओं तथा महिलाओं की शिक्षा में हुए विकास की समीक्षा करना था। यह अध्ययन स्त्रियों में वर्षों से चले आ रहे शैक्षिक तथा सामाजिक पिछड़ेपन को दूर करने के लिए अपनाई गई नीतियों और योजना तथा प्रबंध संबंधी रणनीतियों के संदर्भ में किया गया था। बालिकाओं की शिक्षा के क्षेत्र में, राष्ट्रीय शिक्षा नीति की घोषणा के बाद किए गए प्रयत्नों के सकारात्मक परिणाम प्राप्त हुए हैं। स्त्रियों के साक्षरता स्तर में तेजी से वृद्धि हुई है, विद्यालयों में छात्राओं की संख्या बढ़ी है और छात्राएं शिक्षा के उच्चतर स्तरों पर आगे बढ़ने लगी हैं। कर्नाटक के माध्यमिक विद्यालयों में निर्धारित पाठ्यपुस्तकों में लैंगिक पक्षपात यानी बालिकाओं/स्त्रियों के विरुद्ध पक्षपात का पता लगाने के लिए एक छोटा-सा अध्ययन किया गया। विद्यालयी शिक्षा के लिए राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा, 2000 के अनुसरण में, बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए जीवन-कौशलों को शिक्षा से जोड़ने के उद्देश्य से, 'प्रारंभिक स्तर पर जीवन-कौशलों का शिक्षा के साथ एकीकरण' विषय पर दिल्ली, हिमाचल प्रदेश और पंजाब के शिक्षा विभागों के सहयोग से दो सप्ताह तक चलने वाली विकासात्मक कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें अध्यापकों तथा अध्यापक-प्रशिक्षकों को भिन्न-भिन्न विषय-क्षेत्रों के साथ जीवन-कौशलों

के एकीकरण/समावेश के लिए और विषय-विशेष के मॉड्यूल तैयार करने के लिए अभिप्रेरित किया गया। स्त्री-शिक्षा तथा विकास की कार्य-विधि पर छह-सप्ताह का ग्यारहवां प्रशिक्षण कार्यक्रम, प्रमुख संसाधन व्यक्तियों को प्रशिक्षकों के रूप में कार्य करने हेतु तैयार करने के लिए आयोजित किया गया। एक प्रशिक्षण मैन्युअल भी तैयार किया गया। 14 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से आए सत्ताईस प्रमुख स्तर के कार्मिकों ने, जिनमें से अधिकांश डी.आई.ई.टी. तथा एस.सी.ई.आर.टी. से थे, कार्यक्रम में भाग लिया। एक ऐसा ही कार्यक्रम भुवनेश्वर में भी अध्यापकों तथा अध्यापक-प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण के लिए आयोजित किया गया।

विज्ञान तथा गणित की शिक्षा

प्रारंभिक शिक्षा के सार्वजनीकरण के स्थूल ढांचे के अंतर्गत प्रारंभिक शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करने के उल्लेखनीय प्रयास किए गए हैं। पाठ्यचर्या और शिक्षण सामग्री का एक नया सेट विकसित करने, क्षमता-निर्माण के लिए प्रशिक्षण विषयक निविष्टियों के बारे में बैठकें आयोजित करने और नवोदित क्षेत्रों में अनुसंधान-अध्ययन शुरू करने से संबंधित विभिन्न क्रियाकलाप हाथ में लिए गए। प्रारंभिक शिक्षा के सार्वजनीकरण के राष्ट्रीय कार्यक्रम-सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत एन.सी.ई.आर.टी. ने राज्यों और जिलों की टीमों की क्षमता-निर्माण के रूप में शैक्षिक और व्यावसायिक समर्थन प्रदान किया; इसके अतिरिक्त, मानव जीवन और राष्ट्रीय मेल-मिलाप के लिए सामाजिक और सांस्कृतिक मूल्यों के महत्त्व को ध्यान में रखते हुए, 'बच्चों में मूल्यों की शिक्षा को प्रोत्साहन' का कार्यक्रम परिषद् के एक महत्त्वपूर्ण कार्यान्वयनाधीन कार्यक्रम के रूप में उभरा है। परस्पर लाभ के लिए और विभिन्न संगठनों के साथ समन्वय स्थापित करने (नेटवर्किंग) के लिए राष्ट्रीय प्रलेखन यूनिट के माध्यम से इन क्षेत्रों में महत्त्वपूर्ण और संगत सूचना को बांटने के लिए भी प्रयत्न किए गए हैं।

प्रारंभिक शिक्षा के क्षेत्र में 2001-2002 के दौरान शुरू किए गए प्रमुख क्रियाकलाप इस प्रकार हैं :

अनुसंधान

गैर-सरकारी संगठनों की परियोजनाओं का मूल्यांकन

देश के ग्यारह राज्यों में उन पैंतीस गैर-सरकारी संगठनों के जिन्हें मानव संसाधन विकास मंत्रालय से सहायता अनुदान मिले थे, योगदान की जांच करने के लिए, 'प्रारंभिक शिक्षा के संबंध में अभिनव और प्रयोगात्मक कार्यक्रमों के बारे में एम.एच.आर.डी. की स्कीम के अंतर्गत एन.जी.ओ. परियोजनाओं का मूल्यांकन' नाम से एक अध्ययन किया गया। इस अध्ययन में कार्यक्रमों के अभिनव पहलुओं के बारे में और समूचे देश में शिक्षा की आम प्रणाली में सफल अनुभवों को अपनाने/उनके अनुकूलन की कार्यनीतियों के प्रचार के बारे में कुछ उपयोगी सुझाव दिए गए थे।

विज्ञान शिक्षण की स्थिति और उभरती हुई प्रवृत्तियां

पिछले एक दशक (1990-2000) में किए गए अनुसंधानों के विश्लेषणों और शिक्षण-कक्षाओं में किए गए अवलोकनों के आधार पर प्रारंभिक शिक्षा के स्तर पर विज्ञान के शिक्षण की प्रवृत्तियों की जांच करने के लिए "प्रारंभिक स्तर पर विज्ञान शिक्षण की स्थिति और उभरती हुई प्रवृत्तियां" नामक एक अध्ययन किया गया। इस अध्ययन का उद्देश्य अध्यापन की प्रक्रिया के दौरान विद्यमान शैक्षणिक अंतरों का पता लगाने के इरादे से कक्षाओं में विज्ञान के शिक्षण के तत्वों की गहराई से जांच करना था। इस अध्ययन के लिए गुणात्मक कार्यविधि अपनाई गई, जिसमें कक्षा IV और VII के कक्षों में गहन अवलोकन करना, अध्यापकों, प्रशासकों और बच्चों के साथ, महत्त्वपूर्ण दृश्य उपकरणों (स्पॉट) के साथ साक्षात्कार करना भी शामिल था। इसमें तीनों श्रेणियों अर्थात सरकारी स्कूलों, सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों और केंद्रीय विद्यालयों में से 9 स्कूलों के नौ प्रिंसीपलों और अठारह अध्यापकों और छत्तीस छात्रों के साथ साक्षात्कार और चउवन कक्षाओं का अवलोकन शामिल था। संबंधित साहित्य की समीक्षा करने के लिए राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय दोनों स्तरों पर जो अनुसंधान-अध्ययन किए गए थे, उनका विश्लेषण इस क्षेत्र में उभर रही प्रवृत्तियों को समझने के लिए किया गया। विज्ञान शिक्षण और उसकी प्रक्रियाओं को समझने पर प्रमुख रूप से ध्यान केन्द्रित करते हुए कक्षाओं में विज्ञान शिक्षण के महत्त्वपूर्ण कदमों का भी विश्लेषण किया गया। रिपोर्ट संबंधित अभिकरणों के बीच शीघ्र ही प्रचारित की जाएगी।

प्रारंभिक शिक्षा के क्षेत्र में कुछ अन्य अनुसंधान अध्ययन भी किए गए हैं, जो इनके बारे में हैं (i) प्रारंभिक विद्यालयों के बच्चों के व्यवहार में खराबियां, (ii) 8वीं कक्षा के कन्नड़ भाषी विद्यार्थियों में हिंदी में पढ़ने और लिखने की योग्यता में कमियों का पता लगाना, (iii) कन्नड़ माध्यमिक स्कूलों में उच्च प्राथमिक कक्षाओं के बच्चों में अंग्रेज़ी शब्दों के वर्णाविन्यास की भूलें।

विकास

स्कूल-पूर्व जागरूकता सामग्री

माता-पिता, अध्यापकों और नीति-निर्माताओं में स्कूल-पूर्व शिक्षा के बारे में जागरूकता उत्पन्न करने की दृष्टि से, जिससे कि वे स्कूल-पूर्व शिक्षा से संबंधित मुद्दों को समझ सकें और विशेष रूप से यह समझ सकें कि स्कूल-पूर्व शिक्षा क्या है, और बच्चों को शिक्षा के अति-भार से बचाने के लिए "पूर्व प्राथमिक शिक्षा" नामक एक पुस्तिका तैयार की गई है, जो अध्यापकों और माता-पिता को संबोधित है। मोटे रूप से, इस पुस्तिका में ई.सी.सी.ई. के महत्व पर और स्कूल-पूर्व अवस्था के बच्चों को उद्दीप्त करने वाले अनुभव प्रदान करने की आवश्यकता पर बल दिया गया है, ताकि बाद के जीवन में उनका विकास स्वस्थ और अच्छी तरह से संतुलित व्यक्तियों के रूप में हो सके। इस पुस्तिका का एक प्रारूप तैयार किया गया है और उसे व्यापक रूप से वितरित किया गया है।

इस पुस्तिका में स्कूल-पूर्व शिक्षा के स्वरूप, स्कूल-पूर्व शिक्षा की आवश्यकता और उसके महत्व, स्कूल पूर्व-शिक्षा के आयोजन और संगठन, स्कूल-पूर्व शिक्षा में माता-पिता और अध्यापकों की भूमिका जैसे विषयों को शामिल किया गया है। यह सही प्रकार की स्कूल-पूर्व शिक्षा के बारे में संवेदनशील बनाने की एक कोशिश है। इस पुस्तक को इसके प्रकाशन के बाद व्यापक रूप से प्रचारित किया जाएगा।

प्राथमिक अध्यापकों के लिए विशेष अभिविन्यास कार्यक्रम (एस.ओ.पी.टी.) के अंतर्गत स्कूलों के लिए बच्चों की तैयारी के संबंध में एक माड्यूल तैयार किया गया था। इस माड्यूल में स्कूलों के लिए बच्चों की तैयारी की आवश्यकता और उसके महत्व पर प्रकाश डाला गया था और इसके साथ-साथ कक्षा-I के शुरू में स्कूल के लिए तैयारी के लिए कुछ क्रियाकलापों का सुझाव दिया गया था।

पाठ्यचर्या नवीकरण और सामग्री विकास

प्राथमिक शिक्षा के स्तर पर पर्यावरणिक अध्ययनों और स्वस्थ और उत्पादक जीवन की कला के क्षेत्रों में सलाहकार समितियों का गठन किया गया। 'प्राथमिक स्तर के लिए मार्गनिर्देश और पाठ्यविवरण' शीर्षक से पाठ्यविवरण का एक नया सेट विकसित और प्रकाशित किया गया। जिन प्रमुख विचारणीय बातों के कारण प्राथमिक स्तर पर पाठ्यचर्या का संशोधन किया गया, वे ये थीं: विषय-वस्तु का नवीकरण, शिक्षा प्रदान करने की प्रक्रियाओं में परिवर्तन, पाठ्यचर्या के भार को कम करना और मूल्यों की शिक्षा पर ध्यान। इन सभी परिवर्तनों को कार्यान्वित करने और इन सभी बातों को प्रणाली में शामिल करने के लिए प्राथमिक स्तर के पाठ्यचर्या संबंधी सभी क्षेत्रों, अर्थात भाषा (हिंदी, अंग्रेजी और उर्दू), गणित, पर्यावरणिक अध्ययन, और स्वस्थ तथा उत्पादक जीवन की कला में अध्यापन-अधिगम सामग्री के नए सेट विकसित किए गए; इस शृंखला में, पाठ्यचर्या के सभी क्षेत्रों में, ए.एच.पी.एल. को छोड़ कर, जिसके लिए श्रेणी I, II और III के वास्ते अध्यापक मार्गदर्शिका विकसित की गई थी।

उत्तर प्रदेश और राजस्थान (उपनगर/ग्रामीण क्षेत्र) राज्यों के लिए कक्षा V के विद्यार्थियों में विज्ञान (पर्यावरणिक अध्ययन) और गणित के अधिगम संबंधी कमियों का पता लगाया गया है, ताकि इन क्षेत्रों के कठिन स्थलों को समझा जा सके। उत्तर प्रदेश और उत्तरांचल राज्यों के लिए उच्च प्राथमिक स्तर पर तीसरी भाषा के रूप में संस्कृत की पढ़ाई के लिए और कक्षा I और II में हिंदी और गणित की क्रियाकलाप-आधारित पढ़ाई के लिए कुछ विषयों के बारे में विषय-वस्तु को समृद्ध बनाने के पैकेज विकसित किए गए। गुजरात के डाइट (डी.आई.ई.टी.) के लिए प्राथमिक स्तर पर विज्ञान पढ़ाने के लिए अनुदेशात्मक सामग्री विकसित की गई। इनके अलावा, प्राथमिक स्तर पर तमिल पढ़ाने के लिए अध्यापकों के लिए एक पुस्तिका और उच्च प्राथमिक स्तर पर अंग्रेजी पढ़ाने के लिए प्रशिक्षण पैकेज तैयार किया गया। सुन कर समझने के लिए कक्षा I और II के लिए तमिल भाषा में योग्यता-आधारित श्रव्य कार्यक्रम भी विकसित किए गए हैं।

देशभक्ति की भावना का संचार

"शिक्षकों के लिए एक चुनौती : बच्चों में देश प्रेम की भावना जागृत करें" नामक एक कार्यक्रम बच्चों को अध्यापकों के संघर्ष और स्वतंत्रता सेनानियों के रूप में उनके बलिदानों से अवगत कराने और अध्यापकों को अपने कर्तव्यों के प्रति संवेदनशील बनाने तथा देशभक्ति की भावना भरने के लिए शुरू किया गया है। देश के विभिन्न भागों के ऐसे लगभग पच्चीस अध्यापकों का पता लगाया गया था, जिन्होंने स्वतंत्रता-संघर्ष में भाग लिया था और उनसे साक्षात्कार (आमने-सामने बातचीत) किया जाएगा। इस अध्ययन की एक रिपोर्ट तैयार की जाएगी और देश भर में प्रचारित की जाएगी।

प्रशिक्षण

उत्तरी राज्यों के लिए उच्च प्राथमिक स्तर पर गणित और विज्ञान की शिक्षा देने, विज्ञान किटों/कम लागत वाली सामग्री का उपयोग करने और शिक्षण उपकरण (टीचिंग एड्स) तैयार करने के लिए मुख्य संसाधन व्यक्तियों और संसाधन व्यक्तियों के लिए प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आयोजित किए गए। प्राथमिक विद्यालयों के अध्यापकों का विभिन्न सामाजिक-सांस्कृतिक पृष्ठभूमि वाले विद्यार्थियों को पढ़ाने की कार्यनीतियों के बारे में अभिविन्यास किया गया। गोवा राज्य के लिए 'मूल्यपरक शिक्षा का पर्यावरणिक अध्ययनों के साथ एकीकरण' और पश्चिमी क्षेत्रों के लिए 'उर्दू के शिक्षण की कार्यनीतियों' के बारे में मूल संसाधन व्यक्तियों के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रारंभिक शिक्षा की उभरती हुई प्रवृत्तियों और उसके मुख्य सरोकारों, विशेष रूप से अधिगम के न्यूनतम स्तरों, योग्यता-आधारित शिक्षण और मूल्यांकन, अंग्रेजी पढ़ाने की तकनीकों और पर्यावरणिक अध्ययनों के कुछ चुने हुए विषयों के बारे में अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, उड़ीसा और बिहार के प्रारंभिक शिक्षा स्तर के अध्यापक-शिक्षकों के लिए एक अन्य अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। लक्षद्वीप के उच्च प्राथमिक विद्यालयों के अध्यापकों के लिए आयोजित अभिविन्यास कार्यक्रम के दौरान मूल्यांकन के पहलुओं के बारे में शैक्षिक मार्गदर्शन और निविष्टियां भी प्रदान की गईं।

झारखंड, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार और महाराष्ट्र के गैर-औपचारिक शिक्षा संबंधी वरिष्ठ पदधारियों के लिए नागपुर में एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में ई.जी.एस. और ए.आई.ई. के सभी आयामों को शामिल किया गया, जिनमें नए केन्द्र खोलने, सामग्री विकास, शिक्षकों के प्रशिक्षण, शिक्षण-अधिगम कार्यनीतियों, विद्यार्थियों के मूल्यांकन, मानीटरिंग, पर्यवेक्षण और मूल्यांकन के तंत्र से संबंधित मुद्दे भी सम्मिलित थे। पाठ्यक्रम के दौरान सभी आयामों पर विस्तार से चर्चा की गई।

चंडीगढ़ में रात्रिकालीन विद्यालयों में पढ़ाने वाले शिक्षकों की प्रशिक्षण संबंधी आवश्यकताओं का पता गुणवत्ता में सुधार के लिए लगाया गया है। महाराष्ट्र राज्य के मूल संसाधन व्यक्तियों को रात्रिकालीन विद्यालयों में विज्ञान और गणित की शिक्षा देने का प्रशिक्षण दिया गया है।

विस्तार

स्वैच्छिक सेवा संबंधी राष्ट्रीय संगोष्ठी

अंतर्राष्ट्रीय स्वैच्छिक सेवा वर्ष 2001 के कार्यक्रम की अनुवर्ती कार्रवाई के रूप में स्वैच्छिक सेवा के बारे में तीन-दिवसीय एक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी का प्रयोजन विभिन्न क्षेत्रों में स्वयंसेवकों के योगदान को स्वीकार करना और मान्यता प्रदान करना तथा देश में स्वैच्छिक सेवाओं को बढ़ावा देना और सुविधाजनक बनाना था। संगोष्ठी में शिक्षा के विभिन्न क्षेत्रों, जैसे स्वस्थ जीवन, पर्यावरणिक सुरक्षा, राष्ट्रीय एकता, अंतर्राष्ट्रीय सद्भावना, मूल्य और सदाचार, सामाजिक बुराइयों के निवारण, स्वैच्छिक सेवाओं में विद्यार्थियों की भूमिका, सर्वजनीन शिक्षा और विभिन्न रूपों में विकलांग समूहों की शिक्षा के क्षेत्रों में स्वैच्छिक सेवाओं को बढ़ावा देने पर भी ध्यान दिया गया। संगोष्ठी में निर्धारित विषयों पर आलेख

प्रस्तुत किए गए और अनेक मुद्दों पर चर्चा की गई। स्वैच्छिक सेवाओं को प्रोत्साहन देने की कार्यनीतियां विकसित करने के बारे में एक पेनल चर्चा भी आयोजित की गई। इस संगोष्ठी में भाग लेने वाले व्यक्तियों में सुप्रतिष्ठित शिक्षाविद, समाज सुधारक और विभिन्न स्वैच्छिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल थे, जिहोंने संगोष्ठी में अपने अनुभवों का परस्पर आदान-प्रदान किया। आलेखों के उद्धरणों, प्रमुख मुद्दों और संगोष्ठी की सिफारिशों को रिपोर्ट के रूप में प्रलेखबद्ध किया गया और उसे व्यापक रूप से प्रचारित किया गया।

अनुभवजन्य मूल्यपरक शिक्षा का संवर्धन

समूचे विश्व में बच्चों में सामाजिक और सांस्कृतिक मूल्यों का विकास करने की आवश्यकता स्वीकार की जाती है। मानव जीवन में उनके महत्व को देखते हुए, एन.सी.ई.आर.टी. ने वर्ष 1999 में 'बच्चों में अनुभवजन्य मूल्यपरक शिक्षा को बढ़ावा देने' की परियोजना शुरू की थी। इस परियोजना का उद्देश्य बच्चों के अंतर्राज्यीय शिविरों और सामुदायिक गायन के दो प्रमुख क्रियाकलापों के जरिए बच्चों और अध्यापकों के लिए इकट्ठे रहने और सामुदायिक गायन में भाग लेने के अवसर प्रदान करके भावनात्मक एकता और सामाजिक मूल्यों को बढ़ावा देना है।

वर्ष के दौरान, पांडिचेरी और साधुफूल (हिमाचल प्रदेश) में बच्चों और अध्यापकों के लिए 15-15 दिन की अवधि के दो अंतर्राज्यीय शिविर आयोजित किए गए। इन शिविरों में विद्यालयों में पढ़ने वाले 13+ से 15+ के आयु-वर्गों के 130 बच्चों और 25 अध्यापकों ने भाग लिया था। हरियाणा, छत्तीसगढ़, पांडिचेरी और तमिलनाडु के बच्चों ने पांडिचेरी के शिविर में और हिमाचल प्रदेश, झारखंड, मध्य प्रदेश और पंजाब के बच्चों ने हिमाचल प्रदेश में आयोजित शिविर में भाग लिया। एस.सी.ई.आर.टी., गुवाहाटी, असम द्वारा फरवरी, 2002 में बच्चों और अध्यापकों के लिए एक अंतरजिला शिविर आयोजित किया गया। इस पंद्रह-दिवसीय शिविर में असम के 14 जिलों के 266 बच्चों और 33 अध्यापकों ने भाग लिया। सामुदायिक गायन के बारे में अध्यापक शिक्षकों और अध्यापकों के लिए जून, 2001 में दो शिविर-एक गुवाहाटी में और दूसरा शिलांग में-आयोजित किए गए। इन शिविरों में 75 व्यक्तियों ने भाग लिया। शिविरों के अलावा, विद्यालयों के बच्चों के लिए भोपाल (अगस्त, 2001), मैसूर (अक्तूबर, 2001), शिलांग (अक्तूबर, 2001), अजमेर (अक्तूबर, 2001) और भुवनेश्वर (नवंबर, 2001) में पांच बृहद सामुदायिक गायन कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में लगभग 23,000 बच्चों और 1200 अध्यापकों ने भाग लिया। इन क्रियाकलापों के अलावा, विभिन्न भाषाओं के गीतों को सिखाने के लिए संगीत-शिक्षकों के लिए 10 श्रव्य कैसेटों वाला एक प्रशिक्षण पैकेज भी तैयार किया गया है, जिसका उपयोग देश भर में किया जाता है।

प्रारंभिक शिक्षा के सार्वजनीकरण का राष्ट्रीय कार्यक्रम : सर्व शिक्षा अभियान

प्रारंभिक शिक्षा के सार्वजनीकरण का राष्ट्रीय कार्यक्रम : सर्व शिक्षा अभियान एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है, जिसमें राष्ट्रीय, राज्य और जिला स्तरों पर गुणवत्तापूर्ण हस्तक्षेप करने पर बल दिया गया है। सर्व शिक्षा अभियान से संबंधित क्रियाकलापों में मुख्य ध्यान सर्व शिक्षा अभियान के क्रियाकलापों की योजनाएं बनाने के लिए राज्यों, विशेष रूप से उत्तर-पूर्वी राज्यों, जम्मू और कश्मीर और पंजाब की क्षमता-निर्माण की ओर दिया गया है। शिलांग, एजावल और मसूरी में एक-एक दिन की अवधि के तीन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए ताकि राज्यों और जिलों की टीमों का प्रारंभिक शिक्षा के गुणात्मक आयामों की योजनाएं बनाने में अभिविन्यास किया जाए। उच्च प्राथमिक स्तर पर शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करने के संबंध में डी.पी.ई.पी. चरण-I के राज्यों की टीमों के अभिविन्यास के लिए भी एक अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के बार में कार्य करने के लिए एन.आई.ई. और आर.आई.ई. के संकाय के 26 सदस्यों की एक टीम गठित की गई और सर्व शिक्षा अभियान के विभिन्न पहलुओं के बारे में उनका अभिविन्यास किया गया।

एन.सी.ई.आर.टी. संकाय के सदस्यों ने भी इसमें भाग लिया और सर्व शिक्षा अभियान (राज्य/जिला स्तर) के मूल्यांकन मिशनों को शैक्षिक (अकादमिक) समर्थन प्रदान किया। सर्व शिक्षा अभियान की योजनाओं के मूल्यांकन और पर्यवेक्षण के बारे में, विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों और अन्य व्यक्तियों में से गठित मूल्यांकन टीमों के सदस्यों के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की रिपोर्ट तैयार की गई और व्यापक रूप से प्रचारित की गई। एस.एस.ए. (सर्व शिक्षा अभियान) के बारे में एन.सी.ई.आर.टी. की टीम को, जिसमें संकाय के छत्तीस सदस्य शामिल थे, उनके द्वारा विभिन्न राज्यों के मूल्यांकन मिशनों में भाग लिए जाने से पहले, जिला योजनाओं के मूल्यांकन और पर्यवेक्षण के विभिन्न पहलुओं के बारे में पांच-दिवसीय एक कार्यक्रम में प्रशिक्षण दिया गया। भारत सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय के सहयोग से क्षेत्र परीक्षण के बाद ''सर्व शिक्षा अभियान की योजनाओं के मूल्यांकन के लिए नियम पुस्तिका'' नामक एक दस्तावेज तैयार किया गया। मानव संसाधन विकास मंत्रालय के आमंत्रण पर एस.एस.ए. संबंधी पहलें अथवा कार्यों के लिए अकादमिक संसाधन सहायता भी प्रदान की गई। एस.एस.ए. में अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ (ए.आई.पी.टी.एफ.) को शामिल करने के प्रयत्न भी किए जा रहे हैं। उन्हें दो कार्यशालाओं में, जिनमें से एक मैसूर में और दूसरी उदयपुर में आयोजित की गई थी, एस.एस.ए. के गुणवत्ता संबंधी मुद्दों के बारे में अभिविन्यास प्रदान किया गया था। इसके अलावा, सर्व शिक्षा अभियान और 'सबके लिए शिक्षा' कार्यक्रमों को समर्थन प्रदान करने के लिए मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा सौंपे गए कुछ अन्य अतिरिक्त कार्य भी हाथ में लिए गए थे।

जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम

जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत एन.सी.ई.आर.टी. आधार-रेखा मूल्यांकन सर्वेक्षण (बी.ए.एस.), मध्यावधिक मूल्यांकन सर्वेक्षण (एम.ए.एस.) और अंतिम मूल्यांकन सर्वेक्षण (टी.ए.एस.) करती है। एम.ए.एस. और टी.ए.एस. के लिए अनुसंधान-डिजाइन के विकास और उपकरणों के पुनरीक्षण का काम हाथ में लिया गया। असम, हरियाणा, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और तमिलनाडु राज्यों में स्थित 40 जिलों में किए गए टी.ए.एस. के आंकड़ों (डाटा) का विश्लेषण किया गया और छात्रों की उपलब्धियों का तुलनात्मक अध्ययन करने का काम हाथ में लिया गया। सर्वेक्षण में डी.पी.ई.पी. चरण-I के आठ राज्यों के 49 जिलों के 2444 विद्यालयों, 80697 छात्रों और 7587 शिक्षकों को कवर किया गया। तुलनात्मक अध्ययन के आधार पर ''टी.ए.एस. के अंतर्गत छात्रों की उपलब्धियां-चरण I के जिलों में एक मूल्यांकन'' नामक एक दस्तावेज तैयार किया गया और संदर्भ तथा प्रचार-प्रसार के लिए मानव संसाधन विकास मंत्रालय को प्रस्तुत किया गया। वर्ष के दौरान, ई.सी.सी.ई. के क्षेत्र में, माता-पिता में जागरूकता उत्पन्न करने, खेल-कूद की सामग्री और/अथवा किट तैयार करने, अधिगम सामग्री और प्रशिक्षण पैकेज विकसित करने के लिए डी.पी.ई.पी. के विभिन्न राज्यों को अकादमिक सहायता भी प्रदान की गई। एस.एस.ए. कार्यक्रम के अंतर्गत ई.सी.सी.ई. के लिए बेसलाइन सर्वेक्षण करने के लिए बिहार राज्य में डी.पी.ई.पी. के क्रियाकलापों के वास्ते गैर-सरकारी संगठनों को ई.सी.सी.ई. संबंधी निविष्टियां भी उपलब्ध कराई गईं।

प्रचार-प्रसार

पाठ्यचर्या, अधिगम के न्यूनतम स्तरों (एम.एल.एल.), सर्व शिक्षा अभियान, सबके लिए शिक्षा (ई.एफ.ए.), शिक्षा गारंटी स्कीम और वैकल्पिक नवाचारी शिक्षा (ई.जी.एस./ए.आई.ई.) के संबंध में उपयोगी सूचना और सामग्री राष्ट्रीय प्रलेखन एकक में स्कूल-पूर्व और प्रारंभिक शिक्षा के डाटा बैंक के अनुरक्षण की परियोजना के अंतर्गत संकलित और वर्गीकृत की जा रही है। एम.एल.एल. संबंधी क्रियाकलापों की मानीटरिंग करने और राज्यों को अकादमिक निविष्टियां मुहैया करने का काम भी एन.सी.ई.आर.टी. द्वारा किया जा रहा है। एम.एल.एल. क्रियाकलापों के क्रियान्वयन में हुई राज्य-वार प्रगति को एक रिपोर्ट के रूप में समेकित किया गया और रिपोर्ट मानव संसाधन

विकास मंत्रालय को प्रस्तुत की गई। विद्यालय-पूर्व और प्रारंभिक शिक्षा से संबंधित महत्त्वपूर्ण सामग्री और उपयोगी सूचना नियमित रूप से संकलित की गई है और उसे परस्पर लाभ और नेटवर्किंग के लिए संबंधित अभिकरणों के पास भेजा गया है।

इस क्षेत्र में नई संसाधन सामग्री का प्रचार-प्रसार और अनुभवों का आदान-प्रदान भी नियमित रूप से किया गया है। वर्ष के दौरान, ई.सी.सी.ई. के बारे में माता-पिता में जागरूकता पैदा करने वाले सात पोस्टरों के 5000 से अधिक सेट विकसित किए गए और विभिन्न राज्यों में भेजे गए। इसके अलावा, बच्चों के लगभग 300 मीडिया प्रयोगशाला किट राज्य स्तर की विभिन्न एजेंसियों, गैर-सरकारी संगठनों, डी.पी.ई.पी., राज्यों, आई.सी.डी.सी. केन्द्रों और अन्य शिक्षा संस्थाओं के पास भेजे गए।

वर्ष 2001-2002 के दौरान प्रकाशित रिपोर्टें और अन्य सामग्री

- प्राथमिक स्तर के लिए मार्गनिर्देश और पाठ्य विवरण
- लेट अस लर्न मेथेमैटिक्स बुक-I (क्लास-I)
- लेट अस लर्न मेथेमैटिक्स बुक-III (क्लास-III)
- आओ गणित सीखें-पुस्तक 1
- आओ गणित सीखें-पुस्तक 3
- बाल भारती-I (कक्षा-1 के लिए पाठ्यपुस्तक) संशोधित संस्करण (मुद्रणाधीन)
- अभ्यास पुस्तिका बाल भारती-I, कक्षा-1 (संशोधित संस्करण) (मुद्रणाधीन)
- बाल भारती-III (कक्षा-3 के लिए पाठ्यपुस्तक) (संशोधित संस्करण) (मुद्रणाधीन)
- अभ्यास पुस्तिका बाल भारती-III, कक्षा-3 (संशोधित संस्करण) (मुद्रणाधीन)
- लर्निंग इंग्लिश-बुक-III, क्लास-III
- लर्निंग इंग्लिश-वर्कबुक, क्लास-III
- लेटअस लुक, लर्न एण्ड एराउण्ड, एनवायरनमेंटल स्टडी, क्लास-III
- देखे, करें और सीखें-पर्यावरण अध्ययन, कक्षा-3
- टीचर्स हैण्डबुक फॉर आर्ट ऑफ हैल्थी एंड प्रोडक्टिव लिविंग, क्लास I, II एण्ड III (मुद्रणाधीन)
- स्वस्थ और उत्पादक जीवन की कला के बारे में अध्यापकों के लिए पुस्तिका (कक्षा I, II और III) (मुद्रणाधीन)
- स्वैच्छिक सेवा के बारे में राष्ट्रीय संगोष्ठी-एक रिपोर्ट (फोटोकापी)
- कक्षा-कक्ष की प्रक्रियाएं : प्राथमिक स्तर पर बच्चों के कार्य-निष्पादन के संबंध में अध्यापकों की अभिवृत्तियाँ/ अपेक्षाएं-एक रिपोर्ट (फोटोकापी)
- कक्षा-कक्ष की प्रक्रियाएं : महाराष्ट्र राज्य की तुलनात्मक मामला अध्ययन : एक रिपोर्ट (फोटोकापी)
- सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत गुणवत्तापूर्ण प्रारंभिक शिक्षा के लिए योजना बनाने के बारे में प्रशिक्षण : एक रिपोर्ट (फोटोकापी)
- सर्व शिक्षा अभियान-मूल्यांकन और पर्यवेक्षण संबंधी अभिविन्यास-एक रिपोर्ट (फोटोकापी)
- प्रारंभिक स्तर पर उदीयमान संसाधन परिप्रेक्ष्य के बारे में डी.आई.ई.टी. के संकाय का अभिविन्यास – एक रिपोर्ट
- जनजातीय प्राथमिक विद्यालयों (सेवाश्रमों) में अध्यापकों के लिए पाठ्यचर्या के संचालन के बारे में प्रशिक्षण पैकेज (मुद्रणाधीन)
- शिष्यों की वैयक्तिक सफाई और स्वास्थ्य उपचर्या के बारे में प्राथमिक विद्यालयों के अध्यापकों का ज्ञान, उनकी अभिवृत्ति और उनका व्यवहार: विद्यालय की प्रभावकारिता के बारे में इनका फलितार्थ
- प्रारंभिक स्तर पर मूल संसाधन व्यक्तियों को योग्यता-आधारित अध्यापन, अधिगम और मूल्यांकन के बारे में प्रशिक्षण (मुद्रणाधीन)
- उच्च प्राथमिक स्तर पर गणित की शिक्षा देने के बारे में सिक्किम के मूल संसाधन व्यक्तियों को प्रशिक्षण-एक रिपोर्ट (मुद्रणाधीन)
- जनजातीय प्राथमिक विद्यालयों में पाठ्यचर्या के संचालन से संबंधित कार्यनीतियों का क्षेत्र परीक्षण-एक रिपोर्ट (मुद्रणाधीन)
- क्रियाकलाप-आधारित आनंदपूर्ण शिक्षण ढांचे के आधार पर पर्यावरणिक अध्ययनों के बारे

में जनजातीय प्राथमिक विद्यालयों के अध्यापकों के लिए प्रशिक्षण पैकेज का विकास (मुद्रणाधीन)

- अंग्रेजी पढ़ाने के बारे में प्रारंभिक अध्यापक-शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम (उड़ीसा)-एक रिपोर्ट (मुद्रणाधीन)
- प्रारंभिक शिक्षा के क्षेत्र में उभरते हुए मुद्दों के बारे में मूल संसाधन व्यक्तियों का अभिविन्यास (अंडमान और निकोबार) (मुद्रणाधीन)
- चंडीगढ़ के रात्रिकालीन स्कूलों के अध्यापकों की प्रशिक्षण संबंधी आवश्यकताओं का निर्धारण (गन्दी बस्तियों में माता-अध्यापकों की जरूरतें) (फोटोकापी)
- उत्तरांचल और उत्तर प्रदेश राज्यों के लिए उच्च प्राथमिक स्तर पर गणित में वस्तु-विषय की समृद्धि और संसाधन व्यक्तियों का प्रशिक्षण-एक रिपोर्ट (फोटोकापी)
- उच्च प्राथमिक स्तर पर विज्ञान-किट और कम लागत वाली सामग्री के उपयोग के बारे में प्रशिक्षण पैकेज (फोटोकापी)
- विभिन्न सामाजिक-सांस्कृतिक पृष्ठभूमि वाले विद्यार्थियों के लिए शिक्षण की कार्यनीतियों के बारे में प्राथमिक स्कूलों के अध्यापकों का प्रशिक्षण – एक रिपोर्ट (फोटोकापी)
- प्रारंभिक स्तर पर शिक्षण के सहायक उपकरण तैयार करने के बारे में प्रशिक्षण पैकेज (फोटोकापी)
- प्राथमिक स्तर पर उर्दू पढ़ाने की कार्यनीतियों का प्रशिक्षण पैकेज (फोटोकापी)
- प्राथमिक स्तर पर उर्दू की शिक्षा संबंधी कार्यनीतियों के बारे में मूल संसाधन व्यक्तियों का अभिविन्यास (फोटोकापी)
- उच्च प्राथमिक कक्षाओं के लिए अंग्रेजी भाषा की शिक्षा देने के बारे में प्रशिक्षण पैकेज (फोटोकापी)
- प्राथमिक स्तर पर तमिल शिक्षण के लिए अध्यापकों के लिए पुस्तिका (फोटोकापी)
- सुनकर समझने की योग्यता विकसित करने के लिए कक्षा I और II के लिए तमिल भाषा में योग्यता-आधारित श्रव्य कार्यक्रम (फोटोकापी)
- प्राथमिक शिक्षा के बारे में मानव संसाधन विकास मंत्रालय की नवाचारी और प्रयोगात्मक कार्यक्रमों की स्कीम के तहत एन.जी.ओ. परियोजनाओं का मूल्यांकन-एक रिपोर्ट
- प्राथमिक स्तर पर योग्यता-आधारित अध्यापन, अधिगम और मूल्यांकन के बारे में मूल संसाधन व्यक्तियों का प्रशिक्षण (मुद्रणाधीन)
- बिहार राज्य के लिए पर्यावरणिक अध्ययनों के बारे में प्राथमिक स्तर पर अध्यापक-शिक्षकों के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम (मुद्रणाधीन)
- प्रारंभिक स्तर पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के निर्देशकों के बारे में क्षेत्रीय अनुसंधान संगोष्ठी (सारांश) (फोटोकापी)

4

अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अल्पसंख्यकों की शिक्षा

सबके लिए शिक्षा के राष्ट्रीय लक्ष्य को प्राप्त करने के उद्देश्य से, एन.सी.ई आर.टी. विशेष आवश्यकताओं वाले समूहों, जैसे अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अल्पसंख्यकों की शिक्षा की ओर विशेष ध्यान दे रही है।



अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अल्पसंख्यकों की शिक्षा

सबके लिए शिक्षा के राष्ट्रीय लक्ष्य को प्राप्त करने के उद्देश्य से, एन.सी.ई.आर.टी. विशेष आवश्यकताओं वाले समूहों, जैसे अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अल्पसंख्यकों की शिक्षा की ओर विशेष ध्यान दे रही है। देश में अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अल्पसंख्यकों की शिक्षा के क्षेत्र में पाठ्यचर्या और सामग्री विकास के क्षेत्र में उपयुक्त हस्तक्षेप करने की योजना बनाती है, अध्यापकों और अध्यापक-प्रशिक्षकों, शैक्षिक प्रशासकों की क्षमता-निर्माण के कार्यक्रम चलाती है, इन बच्चों की पहुंच, उनके प्रतिधारण और उनकी उपलब्धियों को बढ़ावा देने के संबंध में नीतियां तैयार करती है और डी.पी.ई.पी. के संदर्भ में जनजातीय शिक्षा के राष्ट्रीय संघटक के अंतर्गत क्रियाकलापों का संचालन करती है।


अनुसंधान

उन बातों का पता लगाना, जिनके कारण विद्यालयों में अनुसूचित जनजातियों के बच्चों को बनाए रखने में बाधा आती है

बच्चों के प्रतिधारण की मौजूदा स्थिति का अध्ययन करने, विद्यालयों में अनु. जनजातियों के छात्रों के कम प्रतिधारण के मुख्य कारणों का पता लगाने और स्थिति में सुधार करने की कार्यनीतियां विकसित करने तथा विद्यार्थियों के प्रतिधारण पर उनका क्या प्रभाव पड़ता है, उसका अध्ययन करने के लिए मध्य प्रदेश और गुजरात के क्रमशः बस्तर और डांग जिलों के जनजातीय क्षेत्रों में एक अध्ययन किया गया है। प्रश्नावलियों, साक्षात्कारों और अवलोकन अनुसूचियों की सहायता से प्रिंसीपलों, अध्यापकों, माता-पिता और सामुदायिक नेताओं से आंकड़े एकत्र किए गए थे। 20 स्कूलों में गहन अवलोकन इस कार्यक्रम का एक अभिन्न अंग था। इस प्रकार एकत्र किए गए आंकड़ों का विश्लेषण अंतिम रिपोर्ट तैयार करने के लिए किया जा रहा है।

अल्पसंख्यकों (मुसलमानों) के लिए केन्द्र-प्रायोजित स्कीमों से प्राप्त शैक्षिक लाभ

अल्पसंख्यक समूहों के सदस्यों (मुसलमानों) के लिए चलाई गई चार केन्द्र-प्रायोजित स्कीमों, अर्थात शैक्षिक रूप से पिछड़े अल्पसंख्यकों के लिए क्षेत्र सघन कार्यक्रम, मदरसा-शिक्षा के आधुनिकीकरण के लिए वित्तीय सहायता की स्कीम, शैक्षिक रूप से पिछड़े अल्पसंख्यक समुदाय के कमजोर वर्गों के लिए कोचिंग कक्षाओं की स्कीम और सामुदायिक पॉलीटैकनिकों की स्कीम, से अल्पसंख्यक समुदाय (मुस्लिमों) के सदस्यों को किस हद तक लाभ हुआ है, इसका अध्ययन करने के लिए एक नमूना सर्वेक्षण किया गया है। बिहार, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल के तीन राज्यों में से एक प्रतिनिधिक नमूने का चुनाव प्रबंधकों, अध्यापकों, विद्यार्थियों और समुदाय के सदस्यों से आंकड़े एकत्र करने के प्रयोजन से किया गया। आंकड़ों का विश्लेषण कर



मध्य प्रदेश के आदिवासी क्षेत्र में कक्षा का एक दृश्य

लिया गया है और रिपोर्ट को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

अनुसूचित जातियों के बच्चों के प्रति अध्यापकों की अभिवृत्ति संबंधी मुद्दों का पता लगाना

इस अध्ययन का उद्देश्य शिक्षार्थियों के रूप में अनुसूचित जातियों के बच्चों के प्रति अध्यापकों की अभिवृत्ति से संबंधित विभिन्न मुद्दों का पता लगाना और कक्षा में कार्यरत गतिकी का अध्ययन करना है। इस परियोजना के अंतर्गत दस जिलों - बिहार और उत्तर प्रदेश के पांच-पांच जिलों - से अध्यापकों, छात्रों, माता-पिता और समुदाय के सदस्यों से आंकड़े एकत्र किए गए हैं। प्रत्येक राज्य से चुने गए पांच जिलों में से चार जिले ऐसे चुने गए थे, जहां पर अनुसूचित जातियों की महिलाओं की साक्षरता दर 5 प्रतिशत से कम थी और एक जिला ऐसा था, जहां पर अनु. जाति की महिला साक्षरता दर अपेक्षाकृत अधिक अर्थात 5 प्रतिशत से अधिक, लेकिन 10 प्रतिशत से कम थी। परियोजना के अंतर्गत एकत्र किए गए गुणात्मक और मात्रात्मक, दोनों प्रकार के डाटा का विश्लेषण किया जा रहा है।

विकास

भारत में जनजातीय शिक्षा : प्रवृत्तियां और कार्यनीतियां - एक स्रोत पुस्तक

इस विषय पर उपलब्ध साहित्य का अध्ययन किया गया और इस स्रोत पुस्तक में शामिल किए जाने के लिए सामग्री एकत्र की गई। इस स्रोत पुस्तक के प्रथम प्रारूप में विभिन्न विद्वानों की प्रकाशित सामग्री और कुछ नए अध्याय शामिल हैं। विशेषज्ञों के सुझावों को शामिल करके प्रारूप को अन्तिम रूप दिया जा रहा है।

जनजातीय लोगों की शैक्षिक आवश्यकताओं पर ध्यान केन्द्रित करते हुए उनकी जाति-वैज्ञानिक रूपरेखा

इस परियोजना के लिए जाति-वैज्ञानिक रूपरेखा तैयार करने के लिए उत्तरांचल के देहरादून जिले के जौनसार-बावर क्षेत्र के जनजातीय लोगों को चुना गया था, जिन्हें खासा अथवा जौनसारी कहा जाता है। सूचना और सामग्री क्षेत्र का वास्तविक दौरा करके और द्विवितीयक स्रोतों, जैसे पुस्तकों और पत्रिकाओं से एकत्र की गई। जनजातीय लोगों की जनजातीय रूपरेखा का खाका तैयार किया गया था और उसे अंतिम रूप दिया गया था और तदनुसार जौनसारियों की जाति-वैज्ञानिक रूपरेखा तैयार की गई है।

जनजातीय प्राथमिक स्कूलों के अध्यापकों के लिए पर्यावरणिक अध्ययन के बारे में क्रियाकलाप-आधारित आनंदपूर्ण प्रशिक्षण ढांचे के आधार पर प्रशिक्षण का पैकेज

विशेषज्ञों द्वारा पर्यावरणिक अध्ययनों (I और II) के बारे में अध्यापकों के लिए आनंदपूर्ण क्रियाकलाप का कार्यपद्धति वाला एक प्रशिक्षण पैकेज विकसित किया गया था।

जनजातीय प्राथमिक विद्यालयों में पाठ्यचर्या पढ़ाने से संबंधित कार्यनीतियां

चरण-I में गणित, भाषाओं (उड़िया और अंग्रेजी) और ई.वी.एस. के बारे में विकसित माड्यूलों और जनजातीय प्राथमिक स्कूलों में पाठ्यचर्या की प्रभावकारी पढ़ाई से संबंधित जागरूकता माड्यूलों का परीक्षण किया गया और कार्यरत अध्यापकों और इस क्षेत्र के विशेषज्ञों के सहयोग से इन्हें अन्तिम रूप दिया गया।

आंध्र प्रदेश के रिहायशी स्कूलों में जनजातीय बच्चों के लिए संस्कृति-सापेक्ष सह-पाठ्यचर्या संबंधी क्रियाकलाप

इस कार्यक्रम के अंतर्गत तीन कार्यशालाएं आयोजित की गईं और विशेषज्ञों की सहायता से सामग्री विकसित की गई। रिपोर्ट तैयार की जा रही है।

प्रशिक्षण

सामाजिक रूप से असुविधाग्रस्त समूहों (अनु. जातियों/अनु. जनजातियों और अल्पसंख्यकों) के लिए शिक्षा के क्षेत्र में पूर्वोत्तर राज्यों में राज्यों के संसाधन व्यक्तियों के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम

आवश्यकता-आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम के जरिए पूर्वोत्तर राज्यों के राज्य-स्तर के पदधारियों की क्षमता का निर्माण करने के उद्देश्य से, विभिन्न एस.सी.ई.आर.टी. और डी.आई.ई.टी. से इस प्रयोजन के लिए विशेष रूप से तैयार की गई प्रश्नावली के जरिए सूचना एकत्र की गई थी। राज्यों के प्रत्युत्तरों का विश्लेषण किया गया, जिससे यह पता चला कि ये राज्य विषय-वस्तु की समृद्धि के रूप में और प्राथमिक तथा उच्च प्राथमिक दोनों स्तरों पर विशेष विषयों, जैसे गणित, विज्ञान, सामाजिक अध्ययन, भाषाएं, विशेष रूप से अंग्रेजी की शिक्षा के रूप में विशेष प्रशिक्षण निविष्टियां प्राप्त करने के इच्छुक हैं। अध्यापकों से यह भी अपेक्षित किया जाता था कि उनके पास विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न ग्रेडों और विभिन्न आयु-समूहों के शिक्षार्थियों को संभालने की योग्यता/कौशल भी हो। राज्यों से प्राप्त प्रत्युत्तरों के आधार पर, उत्तर-पूर्वी क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, शिलांग में 8-दिवसीय एक अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया।

राज्यों और स्वैच्छिक अभिकरणों में संसाधनों का विकास

उत्तरांचल, छत्तीसगढ़ और झारखंड के नव-निर्मित राज्यों में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों की शिक्षा से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करने के लिए जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थान, रातू, रांची में दो-दिवसीय एक कार्यशाला-व-प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मंच से इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी राज्यों को आपस में अपने अनुभव बाँटने की व्यवस्था हुई और सामाजिक रूप से असुविधाग्रस्त समूहों के बच्चों को शिक्षा प्रदान करने और उनकी योजना बनाने के लिए राज्य-सापेक्ष मुद्दों पर चर्चा करने का अवसर प्राप्त हुआ। इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले व्यक्तियों से, जो राज्यों द्वारा सामाजिक रूप से असुविधाग्रस्त समूहों की शिक्षा के क्षेत्र में काम करने वाले विभिन्न संगठनों में से भेजे गए थे, यह अपेक्षा की जाती है कि वे संबंधित क्षेत्र में विशिष्ट कार्यक्रम तैयार करेंगे और उन्हें क्रियान्वित करेंगे। एन.सी.ई.आर.टी. इन सभी कार्यक्रमों को अकादमिक सहायता प्रदान करेगी।

वर्ष 2001-2002 के दौरान प्रकाशित रिपोर्टें और अन्य सामग्री

- भारत में जनजातीय शिक्षा-एक स्रोत पुस्तक (प्रारूप)
- जनजातीय लोगों की जाति-वैज्ञानिक रूपरेखा-जौनसारी जनजाति और कुनबी जनजाति (टंकित)
- उड़ीसा में जनजातीय बच्चों की विज्ञान की शिक्षा पर मनोवैज्ञानिक-सामाजिक कारकों का प्रभाव
- जनजातीय प्राथमिक स्कूलों (सेवाश्रम) के अध्यापकों के लिए पाठ्यचर्या को पढ़ाने के बारे में प्रशिक्षण का पैकेज (मुद्रणाधीन)
- जनजातीय प्राथमिक विद्यालयों में पाठ्यचर्या को पूरा करने से संबंधित कार्यनीतियों का क्षेत्र में परीक्षण (मुद्रणाधीन)
- पर्यावरणिक अध्ययनों के बारे में क्रियाकलाप-आधारित आनंदपूर्ण अधिगम ढांचे के अंतर्गत जनजातीय प्राथमिक विद्यालयों के अध्यापकों के लिए प्रशिक्षण पैकेज का विकास (मुद्रणाधीन)

5

विशेष आवश्यकताओं वाले बच्चों की शिक्षा

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् विशेष शैक्षिक आवश्यकताओं वाले विद्यार्थियों सहित सभी विद्यार्थियों में निष्पक्ष अधिगम की उपलब्धता को बढ़ावा देने वाले कार्यक्रम चलाती रही है। जिन क्षेत्रों पर अधिक जोर दिया जा रहा है, उनमें ये शामिल हैं : अनुसंधान, क्षमता-निर्माण, विशेष समूहों की शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार, शैक्षिक सुविधाओं की उपलब्धता में वृद्धि और इन क्षेत्रों में काम करने वाले गैर-सरकारी संगठनों और अन्य संस्थाओं के साथ नेटवर्क स्थापित करना।



विशेष आवश्यकताओं वाले बच्चों की शिक्षा

सबके लिए शिक्षा के राष्ट्रीय लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए, एन.सी.ई.आर.टी. विशेष आवश्यकताओं वाले बच्चों को सामान्य विद्यालयों में शामिल करने के लिए कार्य कर रही है। एन.सी.ई.आर.टी. विशेष शैक्षिक आवश्यकताओं वाले विद्यार्थियों सहित सभी विद्यार्थियों में निष्पक्ष अधिगम की उपलब्धता को बढ़ावा देने वाले कार्यक्रम चलाती रही है। जिन क्षेत्रों पर अधिक जोर दिया जा रहा है, उनमें ये शामिल हैं: अनुसंधान, क्षमता-निर्माण, विशेष समूहों की शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार, शैक्षिक सुविधाओं की उपलब्धता में वृद्धि और इन क्षेत्रों में काम करने वाले गैर-सरकारी संगठनों और अन्य संस्थाओं के साथ नेटवर्क स्थापित करना। एन.सी.ई.आर.टी. ने विकलांग व्यक्ति अधिनियम, 1995 को क्रियान्वित करने पर भी ध्यान केंद्रित किया और नियमित विद्यालयों में विकलांग बच्चों की एकीकृत शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए कई कार्यक्रम हाथ में लिए। इन कार्यक्रमों का केंद्र-बिंदु सभी बच्चों के लिए गुणवत्ता वाली शिक्षा की उपलब्धता को बढ़ावा देना और इस प्रकार नीतिगत निदेशों के अनुसार विशेष आवश्यकताओं वाले बच्चों के सर्वांगीण विकास में योगदान देना है।

अनुसंधान

विकलांग बच्चों के लिए एकीकृत शिक्षा की योजना का मूल्यांकन


विकलांग बच्चों के लिए एकीकृत शिक्षा की योजना आई.ई.डी.सी. के मूल्यांकन-अध्ययन का काम हाथ में लिया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य यह देखना था कि राजस्थान, महाराष्ट्र, दिल्ली, उड़ीसा, उत्तर प्रदेश और मिजोरम राज्यों में विशेष आवश्यकताओं वाले बच्चों की शिक्षा पर आई.ई.डी.सी. का क्या प्रभाव पड़ा है। एकीकृत शिक्षा का प्रभाव विशेष आवश्यकताओं वाले बच्चों की शिक्षा के प्रति अध्यापकों की अभिवृत्ति, सामाजिक एकीकरण और पाठ्यचर्या और सह-पाठ्यचर्या संबंधी क्रियाकलापों में इन बच्चों की भागीदारिता पर देखा गया। विभिन्न राज्यों से प्राप्त डाटा से प्रकट हुआ कि आई.ई.डी.सी. के शुरू किए जाने से न केवल विकलांग बच्चों बल्कि गैर-विकलांग बच्चों द्वारा भी बीच में स्कूल छोड़ देने की दर में कमी आई है। सामान्य अध्यापकों ने यह पाया है कि विकलांगता वाले बच्चों के लिए तैयार की गई शैक्षिक सामग्री/संसाधन सामग्री गैर-विकलांग बच्चों के लिए भी उपयोगी है। इस अध्ययन से यह भी पता चला कि सामान्य कक्षाओं में विकलांग बच्चों की उपस्थिति ने एक सामान्य अध्यापक को एक बेहतर अध्यापक बनाया। इस प्रकार, आई.ई.डी.सी. स्कीम से सबके लिए शिक्षा के लक्ष्य को प्राप्त करने में सहायता मिली है। नीति-निर्माताओं को इस अध्ययन के निष्कर्षों के आधार पर आई.ई.डी.सी. स्कीम को संशोधित करने और योजना-निर्माताओं को विभिन्न राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में विशेष आवश्यकताओं वाले बच्चों के लिए शैक्षिक क्रियाकलापों की योजना बनाने में सहायता प्राप्त होगी।

विकास

श्रवण विकार बच्चों हेतु भाषा पाठ्यक्रम अनुकूलन एवं समायोजन : प्राथमिक स्कूलों के अध्यापकों के लिए पुस्तिका

पहले किए गए एक अनुसंधान और विकास अध्ययन के अंतर्गत हिंदी भाषा के पाठ्यक्रम, विशेष रूप से प्राथमिक स्तर पर अधिगम के न्यूनतम स्तर के अनुकूलन के लिए और अध्यापन की कार्यविधियों तथा मूल्यांकन की प्रक्रियाओं को उन श्रवण विकारयुक्त बच्चों की, जो सामान्य स्कूलों में पढ़ते हैं, आवश्यकताओं के अनुकूल बनाने और उनका समायोजन करने के लिए प्राथमिक स्कूलों के अध्यापकों के लिए एक पुस्तिका तैयार की गई है। इस पुस्तिका में समवेत शिक्षा की अवधारणाओं, पाठ्यक्रम के अनुकूलन और समायोजन और प्राथमिक स्तर पर भाषा की शिक्षा के न्यूनतम स्तरों के बारे में सैद्धांतिक सूचना दी गई है। इसमें श्रवण विकार वाले बच्चों की विशेष शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पाठ्यक्रमों, शैक्षिक सामग्री, शिक्षण के तरीकों, मूल्यांकन और

प्रक्रियाओं के अनुकूलन के लिए व्यावहारिक मार्ग निर्देश दिए गए हैं। इसमें समवेत शिक्षा के ढांचे के अंदर विशेष आवश्यकताओं वाले बच्चों की पहुंच पाठ्यक्रम तक सुगम बनाने के लिए विभिन्न स्तरों पर जो प्रणालीगत परिवर्तन जरूरी हैं, उनके बारे में भी मार्ग निर्देश दिए गए हैं।


प्रमस्तिष्कीय पक्षाघात से ग्रस्त बच्चे को घर पर सहायता करते हुए अभिभाविका

समवेत प्राथमिक विद्यालयों में प्रमस्तिष्कीय पक्षाघात से ग्रस्त बच्चों की विशेष शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पाठ्यचर्या का अनुकूलन

यह परियोजना प्रमस्तिष्कीय पक्षाघात से ग्रस्त बच्चों के लिए आवश्यक अनुकूलनों का सुझाव देने के लिए हाथ में ली गई थी, ताकि पाठ्यचर्या को सभी बच्चों की पहुंच के योग्य बनाया जा सके। प्रमस्तिष्कीय पक्षाघात से पीड़ित बच्चों में अंग-संचलन संबंधी विकारों सहित अन्य विकार भी होते हैं, जैसे दृष्टि विकार, वाक् और श्रवण विकार और बौद्धिक विकार। विशेष स्कूलों तथा इसके अलावा समवेत स्कूलों से डाटा एकत्र किया गया। दिल्ली, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, हरियाणा, हैदराबाद और कर्नाटक राज्यों से निविष्टियां प्राप्त हुईं। पाठ्यचर्या के विश्लेषण से उन कठिनाइयों का पता चला है, जो प्रमस्तिष्कीय पक्षाघात से ग्रस्त बच्चों को स्कूल में अन्य बच्चों के साथ शिक्षण प्राप्त करने में पेश आती हैं। इससे शिक्षा प्रदान करने की कार्यनीतियों, इन बच्चों के लिए पाठ्यचर्या क्रियान्वित के लिए अपेक्षित सहायक सामग्री और मूल्यांकन करने के लिए अपनाई जाने वाली प्रक्रियाओं का भी पता लगा है। तैयार की गई सामग्री से अध्यापकों को इन अवधारणाओं को अमली रूप देने, सामग्री तैयार करने और विभिन्न प्रकार की असमर्थताओं वाले बच्चों का मूल्यांकन करने में सहायता मिलेगी।

विशेष आवश्यकताओं वाले बच्चों की शिक्षा और उनके प्रशिक्षण को सुगम बनाने वाली श्रव्य और दृश्य सामग्री

ई.टी.वी कार्यक्रम असमर्थताओं वाले बच्चों की शिक्षा और उनके अधिकारों के बारे में समाज के विभिन्न वर्गों को संवेदनशील बनाने और उनमें जागरूकता उत्पन्न करने के उद्देश्य से तैयार किए जा रहे हैं। विभिन्न पदधारियों, जैसे नीति-निर्माताओं, स्कूल प्रशासकों, अध्यापकों और स्कूलों के अन्य कर्मचारियों, समकक्ष व्यक्तियों, बच्चों, माता-पिता, सामान्य समाज और असमर्थताओं वाले बच्चों के लिए श्रव्य और दृश्य सामग्री तैयार की जा रही है। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य इस बात पर प्रकाश डालना है कि असमर्थताओं से ग्रस्त लोगों को किन कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है और वे इन पर किस प्रकार काबू पाते हैं। इन कार्यक्रमों में सभी प्रकार की असमर्थताओं, असमर्थता की मात्रा, आयु, लिंग, पाठ्यचर्या के क्षेत्र और बच्चों के सामाजिक-आर्थिक स्तरों, आदि सभी बातों को शामिल किया गया है। एक कार्यक्रम तैयार कर लिया गया है और शेष निर्माण की विभिन्न अवस्थाओं में हैं।

समवेत शिक्षा प्रणाली को व्यवहार में लाने वाले संगठनों का मामला-अध्ययन

एन.सी.ई.आर.टी. ने समय-समय पर उन सकल प्रयोगों और व्यवहारों के बारे में, जो स्कूलों द्वारा असमर्थताओं वाले बच्चों को सामान्य स्कूलों में शामिल करने के लिए अपनाए गए हैं, दस्तावेज़ प्रकाशित किए हैं। ऐसे व्यवहारों के बारे में अंतर्दृष्टि प्राप्त करने का एक तरीका मामला-अध्ययन (केस स्टडी) करना है। जो मामला-अध्ययन किए गए हैं, वे दो विद्यालयों और कुछ गैर-सरकारी संगठनों के बारे में हैं। ये स्कूल हैं: राजेंद्र प्रसाद सर्वोदय विद्यालय, नई दिल्ली, जिसने दृष्टि विकार वाले बच्चों को और बलवंत राय मेहता विद्या भवन, नई दिल्ली जिसने मंद बुद्धि वाले बच्चों तथा वाक् और श्रवण विकार वाले बच्चों को शामिल किया। जिन गैर-सरकारी संगठनों को शामिल किया गया था, वे हैं : नेशनल एसोसिएशन फॉर ब्लाइंड, दिल्ली; सी.बी.आर. नेटवर्क, बंगलौर (कर्नाटक), स्पास्टिक सोसाइटी ऑफ तमिलनाडु, चेन्नई और अमर ज्योति चैरिटेबिल ट्रस्ट, दिल्ली।

विभिन्न असमर्थताओं वाले बच्चों को शिक्षित करने के बारे में अध्यापकों और अध्यापक-प्रशिक्षकों की क्षमता निर्माण के लिए स्व-शिक्षण सामग्री

एन.सी.ई.आर.टी. दृष्टि विकार वाले बच्चों, वाक् और श्रवण विकारों वाले बच्चों और मंद बुद्धि वाले बच्चों को पढ़ाने के लिए अध्यापकों के वास्ते स्व-शिक्षण सामग्री पहले ही प्रकाशित कर चुकी है। इस शृंखला में अंग-संचलन लोकोमोटर असमर्थताओं वाले बच्चों को पढ़ाने वाले अध्यापकों के लिए स्व-शिक्षण सामग्री प्रकाशित की गई है। अध्यापक-प्रशिक्षकों के लिए स्व-शिक्षण सामग्री तैयार करने के प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि अध्यापकों को समवेत शिक्षा के ढांचे में विभिन्न असमर्थताओं वाले बच्चों के साथ व्यवहार करने के लिए अपेक्षित योग्यता प्रदान की जा सके।

विशेष शैक्षिक आवश्यकताएं : माता-पिता के लिए संदर्शिका

बच्चों के माता-पिता को स्कूलों के अध्यापकों और प्रशासकों की सहायता करने में एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभानी होती है, ताकि वे ऐसे हस्तक्षेपों की योजना बना सकें, जो उनके बच्चों के लिए उपयुक्त हो। इस बात को ध्यान में रखते हुए, यह संदर्शिका तैयार की गई थी कि इस बात की जानकारी प्राप्त करने में माता-पिता की सहायता की जा सके कि उनके बच्चे और अन्य बच्चों की विभिन्न आवश्यकताएं क्या हैं और उन्हें कैसे पूरा किया जा सकता है। संदर्शिका में इस प्रकार के विषय शामिल हैं, जैसे विशेष शैक्षिक आवश्यकताओं से परिचय, पांच वर्ष से कम आयु के बच्चे, स्कूल जाने वाले बच्चे, परिवार की भूमिका, सामुदायिक समर्थन और बार-बार पूछे जाने वाले सवाल। यह संदर्शिका विशेष आवश्यकताओं वाले बच्चों के माता-पिता के मार्ग-दर्शन के लिए उपयोगी सिद्ध होगी। इससे अध्यापकों को सबके लिए गुणवत्तायुक्त शिक्षा के लक्ष्य को पाने में, बच्चों के माता-पिता के साथ भागीदारों के रूप में भी काम करने में सहायता मिलेगी।

समवेत शिक्षा-कार्यरूप में

यह माड्यूल उच्च प्राथमिक स्तर के अध्यापकों के लिए सॉप्ट (एस.ओ.पी.टी.) पैकेज के वास्ते तैयार किया गया था और इसमें समवेत शिक्षा की अवधारणा और विशेष शैक्षिक आवश्यकताएँ, सम्मिलन और एकीकरण में अंतर और सम्मिलन का औचित्य, किसी समवेत स्कूल की विशेषताएँ, पाठ्यचर्या अनुकूलन, अध्यापन संबंधी योग्यताएँ और कार्यनीतियाँ, समर्थन सेवाओं की भूमिका और नीतिगत और कानूनी ढाँचे में हाल में हुए परिवर्तन जैसे विषय शामिल हैं।

विशेष केंद्रित समूहों की शिक्षा

यह मॉड्यूल विशेष आवश्यकताओं वाले बच्चों, अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के बच्चों और बालिकाओं को सफलतापूर्वक शामिल करने के

संबंध में अध्यापकों का अभिविन्यास करने के लिए विकसित किया गया था। यह स्व-शिक्षण (सेल्फ लर्निंग) मॉड्यूल अध्यापकों का संवैधानिक उपबंधों, नीतिगत ढांचे और कानूनों, विशेष शैक्षिक आवश्यकताओं के अर्थ, विशेष आवश्यकताओं वाले बच्चों के बारे में पाठ्यचर्या के सरोकारों और अध्यापकों की भूमिका, लैंगिक अंतर के कारणों और उन्हें कम करने की कार्यनीतियाँ, जातिगत और जनजातिगत भेदों और अंतरों के कारणों और उन्हें कम करने की कार्यनीतियों, लैंगिक, जातिगत और जनजातिगत विषमताओं को घटाने में अध्यापक की भूमिका से परिचय कराता है।

इस मॉड्यूल का उपयोग अध्यापकों को समवेत शिक्षा को कार्य रूप देने की कार्यनीतियों की जानकारी देने और इन विशेष जरूरतों वाले बच्चों की आवश्यकताओं के बारे में जब उन्हें नियमित स्कूल शिक्षा में शामिल किया जाएगा, जागरूकता उत्पन्न करने के लिए किया जाएगा।

पाठ्यचर्या तक विशेष आवश्यकताओं वाले बच्चों की पहुँच सुगम बनाने के बारे में मॉड्यूल

''विशेष आवश्यकताओं वाले बच्चों की पहुँच पाठ्यचर्या तक सुगम बनाने'' के लिए एक स्व-शिक्षण मॉड्यूल तैयार किया गया। इस मॉड्यूल में पाठ्यचर्या, विशेष आवश्यकताओं की परिभाषा, विशेष आवश्यकताओं वाले बच्चों के लिए पाठ्यचर्या प्रबंध, अध्यापन संबंधी कार्यनीतियाँ और कक्षा प्रबंध, आकलन और भावी कार्य जैसे उप-विषय शामिल हैं। इस मॉड्यूल का उपयोग एन.सी.ई.आर.टी और यूनेस्को द्वारा आयोजित ''पाठ्यचर्या में परिवर्तन के बारे में उप-क्षेत्रीय अभिविन्यास पाठ्यक्रम'' में अन्य क्षेत्रों के स्व-शिक्षण मॉड्यूलों के साथ किया गया था।

दृष्टि विकार वाले बच्चों के लिए पाठ्यचर्या का पुनर्गठन और परीक्षा की प्रक्रियाओं में फेर-बदल

एन.सी.ई.आर.टी. और सी.बी.एस.ई. ने संयुक्त रूप से उन कदमों और कार्यकलापों का पता लगाया, जो शिक्षा प्रदान करने की प्रक्रिया में परिवर्तन करके दृष्टि विकार वाले बच्चों की पहुंच पाठ्यचर्या तक सुगम बनाने के लिए जरूरी हैं; इसके लिए परीक्षा लेने की प्रक्रिया में फेरबदल करने के लिए भी कदम उठाए जाने जरूरी हैं, जैसे अध्यापकों और अध्यापक-प्रशिक्षकों के लिए पुस्तिकाओं, स्रोत पुस्तकों और संदर्शिकाओं को विकसित करना और इस प्रकार अध्यापकों और अध्यापक-प्रशिक्षकों के संसाधनों/क्षमता का निर्माण, दृष्टि विकार वाले बच्चों सहित सभी बच्चों के लिए सहायता सामग्री तैयार करने के लिए क्षमता विकसित करना, उन प्रश्नों के स्थान पर, जिसके लिए उम्मीदवारों की दृश्य निविष्टियों पर आधारित स्थानिक कौशलों (स्पेशियल स्किल) की आवश्यकता होती है, वैकल्पिक प्रश्न रखना, श्रुतलेखकों का उपयुक्त चुनाव और उनका प्रशिक्षण, 20 मिनट प्रति घंटे की दर से अतिरिक्त समय की व्यवस्था करना, और परीक्षा के दौरान ब्रेल स्लेट टेलोर फ्रेमों, एबेकस आदि जैसे विशेष उपस्करों के उपयोग की अनुमति।

समवेत स्कूलों में विकलांग बच्चों की शिक्षा के क्षेत्र में शैक्षिक सामग्री का विकास और एस.सी.ई.आर.टी. और 'डाइट' के मुख्य संसाधन व्यक्तियों को प्रशिक्षण

मुख्य संसाधन व्यक्तियों को समवेत शिक्षा के बारे में प्रशिक्षण देने का एक कार्यक्रम चलाया गया। इसमें भाग लेने वाले व्यक्ति विभिन्न एस.सी.ई.आर.टी. से और आर.आई.ई., भोपाल के अंतर्गत आने वाले राज्यों के डी.आई.ई.टी. से थे। उन्हें अपने-अपने संगठनों में समवेत शिक्षा के संबंध में अध्यापक-प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने का प्रशिक्षण दिया गया। विकलांगता के विभिन्न पहलुओं, जैसे श्रवण विकार, दृष्टि विकार अधिगम संबंधी असमर्थताएँ, अस्थि विकलांगता और मंद बुद्धि जैसे पहलुओं पर चर्चा की गई। शारीरिक चुनौतियों वाले बच्चों को सामान्य कक्षाओं में शामिल करने के तरीकों पर विस्तारपूर्वक विचार-विमर्श किया गया, ताकि मूल संसाधन व्यक्ति अध्यापकों को सही किस्म का प्रशिक्षण दे सकें।

प्रशिक्षण

नेटवर्किंग के जरिए प्रशिक्षण : समवेत शिक्षा के बारे में प्रशिक्षण मॉड्यूलों का विकास

अध्यापक-प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण के रूप में राज्य और जिला स्तर पर क्षमता-निर्माण के महत्त्व को

महसूस करते हुए, उपर्युक्त परियोजना हाथ में ली गई थी। इस परियोजना में राजस्थान, दिल्ली, महाराष्ट्र, उड़ीसा, मिजोरम, मध्य प्रदेश और हरियाणा के विशेषज्ञों को शामिल किया गया था। मॉड्यूल राज्यों के विशेषज्ञों और एन.सी.ई.आर.टी. के संकाय के सदस्यों द्वारा विकसित किए गए थे। मॉड्यूलों को अंतिम रूप देने के लिए कार्यशालाएं आयोजित की गई थीं और अंततः अध्यापक-प्रशिक्षकों के लिए एक प्रायोगिक अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। विभिन्न प्रशिक्षण मॉड्यूलों के शीर्षक ये हैं : समवेत शिक्षा : अवधारणा और अर्थ, सबके लिए कक्षा-कक्ष : कक्षा-कक्ष का प्रबंध, मार्गदर्शन और परामर्श, स्कूल जाने की तैयारी, अध्यापन क्षमता, सामुदायिक समर्थन और मूल्यांकन। इस प्रकार विकसित किए गए स्व-शिक्षण मॉड्यूलों से अध्यापक-प्रशिक्षकों की क्षमता के निर्माण में सहायता मिलेगी।

एस.सी.ई.आर.टी. और डी.आई.ई.टी. के मुख्य संसाधन व्यक्तियों को समवेत विद्यालयों में विकलांगता वाले बच्चों की शिक्षा के बारे में प्रशिक्षण दिया गया और शिक्षण-सामग्री का प्रचार-प्रसार किया गया।

राज्यों और स्वैच्छिक अभिकरणों में संसाधन विकास

विकलांग बच्चों की एकीकृत शिक्षा की स्कीम क्रियान्वित करने वाले आई.ई.डी.सी. कक्षों के कार्मिकों की क्षमता विकसित करने के उद्देश्य से अनन्य रूप से उत्तरी राज्यों के लिए दो-दिवसीय एक कार्यशाला 31 मार्च से 2 अप्रैल, 2002 तक आयोजित की गई। दिल्ली, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, जम्मू और कश्मीर और बिहार राज्यों के प्रतिनिधियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया था। भाग लेने वाले व्यक्तियों ने विकलांगता वाले बच्चों की शिक्षा की मौजूदा स्थिति के बारे में अपने-अपने राज्यों की स्थिति रिपोर्ट पेश की, जिनमें बताया गया था कि इस प्रकार की स्कीम कितने जिलों में क्रियान्वित की जाती है और इन स्कीमों के क्रियान्वयन में क्या बाधाएँ आती हैं। अपने राज्यों में इन सेवाओं को शामिल करने और उन्हें मजबूत बनाने से संबंधित मुद्दों पर विस्तारपूर्वक चर्चा करने के बाद, भागीदार राज्यों ने अपने राज्यों में क्रियान्वयन के लिए कार्य-योजनाएँ तैयार कीं। उन्होंने एन.सी.ई.आर.टी. से सहायता मिलने और एन.सी.ई.आर.टी. के साथ सूचना के आदान-प्रदान की आवश्यकता भी व्यक्त की। विकलांगता वाले बच्चों की शिक्षा से संबंधित दो महत्त्वपूर्ण क्षेत्र थे – अध्यापकों की क्षमता का निर्माण और विशेष आवश्यकताओं वाले बच्चों के लिए सामग्री का विकास।

विस्तार

एन.सी.ई.आर.टी. में बहुत से विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधिमंडल संपर्क स्थापित करने और विशेष आवश्यकताओं वाले बच्चों की शिक्षा से संबंधित अद्यतन मुद्दों और सरोकारों की जानकारी प्राप्त करने के लिए आते रहते हैं। इस वर्ष के दौरान विद्यार्थियों के दो समूह - एक समूह नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ विज़ुएली हैंडीकैप्ड, देहरादून से और दूसरा समूह विवेकानंद मिशन से - एन.सी.ई.आर.टी. में आए। उन्होंने संकाय के सदस्यों के साथ विचार-विनिमय किया और विशेष आवश्यकताओं वाले बच्चों की शिक्षा के क्षेत्र में एन.सी.ई.आर.टी. द्वारा किए गए कार्य की जानकारी प्राप्त की।

वर्ष 2001-2002 के दौरान प्रकाशित रिपोर्टें और अन्य सामग्री


- समवेत शिक्षा के संवर्धन के लिए गैर-सरकारी संगठनों के साथ भागीदारी निर्माण (टंकित)
- समवेत प्राथमिक स्कूलों में प्रमस्तिष्कीय पक्षाघात से ग्रस्त बच्चों की विशेष शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पाठ्यचर्या का अनुकूलनः बहु माध्यम पैकेज (टंकित)
- दृष्टि विकार वाले बच्चों के लिए पाठ्यचर्या का पुनर्गठन और परीक्षाओं की प्रक्रियाओं में फेर-बदल (टंकित)
- समवेत शिक्षा के बारे में मामला-अध्ययन-सी.बी.आर. नेटवर्क, बंगलौर (टंकित)
- समवेत शिक्षा के बारे में मामला अध्ययन-स्पास्टिक सोसाइटी ऑफ तमिलनाडु (टंकित)

- विकलांग बच्चों की एकीकृत शिक्षा का मूल्यांकन-अध्ययन - एक अनुसंधान परियोजना
- निम्नलिखित रिपोर्टें प्रकाशित की गईं :
  1. राजस्थान में छाबरा ब्लॉक में आई.ई.डी.सी. (टंकित)
  2. राजस्थान के 24 विभिन्न जिलों में आई.ई. डी.सी. (टंकित)
  3. 4 राज्यों - राजस्थान, महाराष्ट्र, मिजोरम और दिल्ली में आई.ई.डी.सी. के बारे में अंतरिम रिपोर्ट (टंकित)
- श्रवण विकार बच्चों हेतु भाषा पाठ्यक्रम अनुकूलन एवं समायोजन : प्राथमिक स्कूल अध्यापकों के लिए हैंडबुक (मुद्रणाधीन)
- विशेष शैक्षिक आवश्यकताएँ माता-पिता के लिए एक संदर्शिका (टंकित)
- पाठ्यक्रम तक विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की पहुँच को सुगम बनाने के लिए स्व-शिक्षण मॉड्यूल (टंकित)
- मंद बुद्धि बच्चों को पढ़ाने वाले अध्यापकों के लिए स्व-शिक्षण मॉड्यूल (टंकित)
- दृष्टि विकार वाले बच्चों को पढ़ाने वाले अध्यापकों के लिए स्व-शिक्षण मॉड्यूल (टंकित)
- वाक् और श्रवण विकार वाले बच्चों को पढ़ाने वाले अध्यापकों के लिए स्व-शिक्षण मॉड्यूल (टंकित)
- अंग-संचलन लोकोमोटर समस्याओं से ग्रस्त बच्चों को पढ़ाने वाले अध्यापकों के लिए स्व-शिक्षण मॉड्यूल (टंकित)
- नेटवर्किंग के जरिए प्रशिक्षण : समवेत शिक्षा के बारे में मॉड्यूल का विकास (टंकित)
- समवेत शिक्षा-अमली रूप में : उच्च प्राथमिक स्तर पर एस.ओ.पी.टी. प्रशिक्षण पैकेज के लिए स्व-शिक्षण मॉड्यूल (टंकित)
- विशेष केन्द्रित समूहों की शिक्षा : प्राथमिक स्तर पर एस.ओ.पी.टी. प्रशिक्षण पैकेज के लिए स्व-शिक्षण मॉड्यूल (टंकित)
- विशेष आवश्यकताओं वाले बच्चों की शिक्षा के लिए डी.आई.ई.टी. के संकाय के अभिविन्यास के बारे में रिपोर्ट
- सेवाश्रमों में जनजातीय शिक्षार्थियों की मनोवैज्ञानिक- सामाजिक और शैक्षिक समस्याएँ

6

बालिका शिक्षा

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् नीतिगत योजना, पाठ्यचर्या के क्रियान्वयन और अध्यापकों की शिक्षा के संबंध में उपयुक्त उपाय करके बालिकाओं की शिक्षा और महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के लिए वचनबद्ध है। इसके कार्यक्षेत्र में ये बातें शामिल हैं : एक मजबूत आंकड़ा-आधार का विकास, लैंगिक पक्षपात और रूढ़िबद्ध छवि चित्रण को दूर करने के लिए पाठ्यचर्या का पुनरभिकल्पन, सभी शैक्षिक कार्मिकों को लैंगिक परिप्रेक्ष्य से संवेदनशील बनाना, अध्यापकों और अध्यापक-प्रशिक्षकों के लिए हस्त-पुस्तिकाएं तैयार करना, जागरूकता उत्पन्न करना, बालिकाओं की शिक्षा और विकास का पक्षपोषण करना।



बालिका शिक्षा

एन.सी.ई.आर.टी. नीतिगत योजना, पाठ्यचर्या के क्रियान्वयन और अध्यापकों की शिक्षा के संबंध में उपयुक्त उपाय करके बालिकाओं की शिक्षा और महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के लिए वचनबद्ध है। इसके कार्यक्षेत्र में ये बातें शामिल हैं: एक मजबूत आंकड़ा-आधार का विकास, लैंगिक पक्षपात और रूढ़िबद्ध छवि चित्रण को दूर करने के लिए पाठ्यचर्या का पुनरभिकल्पन, सभी शैक्षिक कार्मिकों को लैंगिक परिप्रेक्ष्य से संवेदनशील बनाना, अध्यापकों और अध्यापक-प्रशिक्षकों के लिए हस्त-पुस्तिकाएं तैयार करना, जागरूकता उत्पन्न करना, बालिकाओं की शिक्षा और विकास का पक्षपोषण करना, लैंगिक न्याय, सौहार्द और शान्ति को बढ़ावा देने के लिए माता-पिता और समाज के दृष्टिकोण में परिवर्तन लाना। विद्यालयों में बालिकाओं के अनुकूल वातावरण का निर्माण करने का निरन्तर प्रयास किया जाता है।

अनुसंधान

भारत में महिला शिक्षा के पचास वर्ष

इस अध्ययन में महिलाओं के चिरकालीन शैक्षिक और सामाजिक पिछड़ेपन को दूर करने के लिए किए गए नीतिगत उपायों और आयोजन तथा प्रबंध संबंधी कार्यनीतियों के संदर्भ में, भारत में 1947 से बालिकाओं और महिलाओं की शिक्षा के विकास की समीक्षा की गई है।

नीति और घोषणाओं के स्तर पर महिलाओं की शैक्षिक और सामाजिक स्थिति को ऊंचा उठाने के लिए बहुत कुछ किया गया है, लेकिन नीतियों को कार्यान्वित करने में रह गई कमियों और कथनी तथा करनी के बीच के अंतर को दूर करने के लिए इरादों को ठोस अमली रूप देने के लिए शायद और अधिक प्रयत्न किए जाने की आवश्यकता है। शिक्षा के सभी स्तरों पर शैक्षिक सुविधाओं का विस्तार हुआ है और बालिकाओं तथा विशेष रूप से शहरी बालिकाओं, को उससे लाभ भी हुआ है। भेदभाव रहित पाठ्यचर्या की स्वीकृत नीति और शिक्षा की विषय-वस्तु और प्रक्रिया के अभिविन्यास से शिक्षा को लैंगिक परिप्रेक्ष्य से संवेदनशील और महिलाओं की समानता और उनके सशक्तीकरण का एक सशक्त साधन बनाने का प्रयास किया गया है। बालिकाओं की शिक्षा के क्षेत्र में एन.पी.ई. के बाद के काल में जो प्रयत्न किए गए हैं, उनके सकारात्मक परिणाम आने लगे हैं। इसका एक प्रमुख मानदंड यह है कि महिला साक्षरता दर में तेजी से वृद्धि हुई है और शिक्षा के क्रमिक उच्चतर स्तरों में बालिकाओं के प्रतिधारण में वृद्धि हुई है और इन स्तरों पर अधिक लड़कियां प्रवेश ले रही हैं।


अध्ययन रिपोर्ट में ये बातें शामिल हैं: (i) स्वतंत्र भारत में बालिकाओं और महिलाओं की शिक्षा का अवधारणात्मक ढांचा, (ii) स्वतंत्रतापूर्व भारत में, विशेष रूप से औपनिवेशिक शासन के दौरान महिला शिक्षा के विकास की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि में, भारत में 1947 से लेकर महिलाओं की शिक्षा में हुए विकास का विस्तृत विश्लेषण, (iii) महिला साक्षरता और महिलाओं तथा बालिकाओं की भागीदारिता के रूप में पिछले पांच दशकों में महिला शिक्षा के क्षेत्र में प्राप्त उपलब्धियां और कमियां-मात्रात्मक आयाम, (iv) पाठ्यचर्या और उसके क्रियान्वयन के जरिए लैंगिक समानता लाने और महिलाओं का सशक्तीकरण करने के गुणात्मक पहलू, (v) बालिकाओं की शिक्षा के बारे में अनुसंधान और इस क्षेत्र में कुछ कार्य/अनुसंधान परियोजनाएं, (vi) निष्कर्षों का सारांश, वे मुद्दे, जिनकी ओर अभी ध्यान दिया जाना बाकी है और वे प्रस्तावित क्षेत्र, जिन पर भविष्य में जोर दिया जाना है।

कर्नाटक में माध्यमिक स्कूलों की पाठ्यपुस्तकों में लैंगिक पक्षपात का पता लगाने के लिए भी एक लघु अनुसंधान-अध्ययन किया गया था।

विकास

जीवन कौशलों का प्रारंभिक स्तर की शिक्षा के साथ एकीकरण

विद्यालयी शिक्षा के लिए राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा, 2000 में इस बात पर बल दिया गया है कि बच्चों के संपूर्णतावादी विकास के लिए



जीवन-कौशलों का शिक्षा के साथ एकीकरण विषय पर कार्यशाला का एक दृश्य (7-18 जनवरी 2002)

जीवन-कौशलों को शिक्षा के साथ जोड़ना आवश्यक है। इससे बच्चों में ज्ञान को आलोचनात्मक सोच-विचार में बदलने, समस्याओं को हल करने, निर्णय लेने और जीवन की वास्तविक स्थितियों में यह जानने की व्यावहारिक योग्यता उत्पन्न होगी कि उन्हें क्या करना है, कब करना है और कैसे करना है। इस बात को ध्यान में रखते हुए "जीवन-कौशलों का प्रारंभिक स्तर पर शिक्षा के साथ एकीकरण" के बारे में दो सप्ताह की अवधि की एक विकास-कार्यशाला दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, और पंजाब के शिक्षा निदेशालयों के सहयोग से आयोजित की गई है, ताकि अध्यापकों और अध्यापक-प्रशिक्षकों को जीवन-कौशलों का एकीकरण प्रारंभिक स्तर पर विभिन्न विषय-क्षेत्रों के साथ करने के प्रति संवेदनशील बनाया जाए और शिक्षा के प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्तर पर अध्यापकों के लिए जीवन-कौशलों के साथ एकीकृत विषय-सापेक्ष मॉड्यूल विकसित किए जाएं। इन मॉड्यूलों से अध्यापकों को कक्षाओं में काम करने में सुविधा मिलेगी।

प्रशिक्षण

महिलाओं की शिक्षा और उनके विकास की कार्यविधियों के बारे में ग्यारहवां प्रशिक्षण पाठ्यक्रम

'महिलाओं की शिक्षा और उनके विकास की कार्यविधियों' के बारे में छः सप्ताह की अवधि का एक प्रशिक्षण हर वर्ष आयोजित किया जाता है। प्रशिक्षण पाठ्यक्रम की कार्यविधि बहुत ही सहभागितापूर्ण और तालमेल युक्त होती है। पाठ्यक्रम में भाग लेने वाले सभी व्यक्तियों को एक स्थिति-रिपोर्ट तैयार करके लानी होती है, जिसकी रूपरेखा की जानकारी उनको पहले से दे दी जाती है। वे संकाय के पर्यवेक्षण में काम करते हैं और एन.सी.ई.आर.टी., एन.आई.ई.पी.ए. और अन्य संसाधन केन्द्रों में उपलब्ध सामग्री का उपयोग करके अपनी स्थिति-रिपोर्टों को समृद्ध और परिमार्जित करते हैं। इस बार इस प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में 14 राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के सत्ताईस व्यक्तियों ने भाग लिया, जिनमें से अधिकतर डी. आई.ई.टी. से लिए गए थे। एक प्रशिक्षण मेनुअल तैयार किया गया है, जिसमें पाठ्यक्रम की रूपरेखा का विस्तृत ब्योरा और विषयों की विस्तृत रूपरेखा और विषय-वस्तु दी गई है। यह कार्यक्रम मूल स्तर के कार्मिकों को महिलाओं की शिक्षा और उनके विकास की कार्यविधियों और महिलाओं के सशक्तीकरण के प्रशिक्षकों के रूप में कार्य करने के वास्ते तैयार करने के लिए विकसित किया गया है और इसके लिए उन्हें महिलाओं के मुद्दों की जानकारी प्रदान की जाती है, एक तुलनात्मक प्ररिप्रेक्ष्य में महिलाओं की शिक्षा और स्थिति के बारे में उन्हें अवगत कराया जाता है, बालिकाओं की

शिक्षा और उनके विकास के मनोवैज्ञानिक-सामाजिक आयामों की जानकारी दी जाती है, डाटा एकत्र करने, संकलित करने और उसका विश्लेषण करने के तरीके सिखाए जाते हैं और इस क्षेत्र में अनुसंधान और कार्य परियोजनाएं तैयार करने की योग्यता उत्पन्न की जाती है।

अध्यापकों और अध्यापक-प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण देने का एक ऐसा अन्य कार्यक्रम भुवनेश्वर में आयोजित किया गया था।

वर्ष 2001-2002 के दौरान प्रकाशित रिपोर्टें और अन्य सामग्री

- भारत में महिला शिक्षा के पचास वर्ष (फोटोकापी)
- लिंग संवेदन जीवन कौशल उपागम का प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक स्तर पर पाठ्यचर्या क्रियान्वयनः हरियाणा की पाठ्यपुस्तक पर आधारित एक हस्त-पुस्तिका, 2001 (फोटोकापी)
- प्रारंभिक स्तर पर शिक्षा के साथ जीवन कौशलों के एकीकरण संबंधी कार्यशाला (7-8 जनवरी, 2002)
  - सूचना विवरणिका (अंग्रेजी और हिंदी में) (फोटोकापी)
  - रिपोर्ट (अंग्रेजी में) (फोटोकापी)
- महिलाओं की शिक्षा और उनके विकास की कार्यविधियों के बारे में ग्यारहवां प्रशिक्षण कार्यक्रम :
  - घोषणा संबंधी विवरणिका
  - सूचना विवरणिका (फोटोकापी)
  - प्रशिक्षण मेनुअल (फोटोकापी)
  - रिपोर्ट (अंतिम रूप दिया जा रहा है)
- विकास के प्रति लैंगिक पूर्वाग्रहपूर्ण दृष्टिकोण, 2001-2002 (फोटोकापी)
- उच्च प्राथमिक स्तर पर बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के बारे में प्रशिक्षण पैकेज का विकास (मुद्रणाधीन)
- महिला शिक्षा और सशक्तीकरण की कार्यविधि के बारे में प्रशिक्षण पाठ्यक्रम (मुद्रणाधीन)

7

विज्ञान और गणित शिक्षा

वर्ष 2001 में पाठ्य-विवरणों के जारी होने के तुरंत बाद, एन.सी.ई.आर.टी. ने विद्यालयी शिक्षा के विभिन्न स्तरों के लिए विज्ञान और गणित के लिए पाठ्य सामग्री तैयार करने का काम शुरू कर दिया। अब, दैनिक जीवन में, और उद्योग, कृषि, संचार, रक्षा, मौसम, आदि के क्षेत्रों में प्रौद्योगिकी की भूमिका को देखते हुए, विज्ञान ने उच्च प्राथमिक और माध्यमिक स्तरों पर विज्ञान और प्रौद्योगिकी का रूप ले लिया है।



विज्ञान और गणित शिक्षा

एन.सी.ई.आर.टी. अनुसंधान, विकास, प्रशिक्षण और विस्तार संबंधी अपने क्रियाकलापों के जरिये स्कूलों के स्तर पर विज्ञान, गणित और पर्यावरण की शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करने के निरंतर प्रयास करती रही है। वर्ष 2001 में पाठ्य-विवरणों के जारी होने के तुरंत बाद, एन.सी.ई.आर.टी. ने विद्यालयी शिक्षा के विभिन्न स्तरों के लिए विज्ञान और गणित के लिए पाठ्य सामग्री तैयार करने का काम शुरू कर दिया। अब, दैनिक जीवन में, और उद्योग, कृषि, संचार, रक्षा, मौसम, आदि के क्षेत्रों में प्रौद्योगिकी की भूमिका को देखते हुए, विज्ञान ने उच्च प्राथमिक और माध्यमिक स्तरों पर विज्ञान और प्रौद्योगिकी का रूप ले लिया है। इन दो स्तरों के लिए तैयार की गई पाठ्यपुस्तकों से जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में विज्ञान और प्रौद्योगिकी की प्रायोगिक अथवा व्यावहारिक भूमिका का पता चलता है। उच्च प्राथमिक और माध्यमिक स्तरों पर विकसित की गई नई पाठ्यपुस्तकों में विज्ञान और प्रौद्योगिकी को एकीकृत कर दिया गया है। उच्चतर माध्यमिक स्तर पर, भौतिकी, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान और गणित की विषयवार पुस्तकें तैयार की जाती हैं। उच्च प्राथमिक और माध्यमिक स्तरों के लिए तैयार की गई गणित की पुस्तकों से भी दैनिक जीवन में गणित के प्रयोग पर प्रकाश पड़ता है और उनमें वाणिज्यिक गणित पर पर्याप्त बल दिया गया है।

नए तरीकों और प्रौद्योगिकियों वाली अध्यापन-अधिगम की नई कार्यनीतियों के बारे में काफी बड़े पैमाने पर प्रयोग किए जाते हैं। अन्य महत्वपूर्ण क्रियाकलापों में ये शामिल हैं: लोकप्रिय पठन सामग्री और पूरक पुस्तकों के लेखन-प्रकाशन द्वारा विज्ञान को लोकप्रिय बनाना, विज्ञान प्रदर्शनियों और 'स्कूल साइंस' नामक त्रैमासिक पत्रिका द्वारा वैज्ञानिक ईजादों और अवधारणाओं के प्रचार-प्रसार, जैसे स्कूल-बाह्य क्रियाकलापों को बढ़ावा देना। प्राथमिक और माध्यमिक स्तरों के लिए विज्ञान-किटों का निर्माण किया जाता है और विभिन्न व्यवसायों (ट्रेड्स) के लिए प्रशिक्षु प्रशिक्षण का कार्य भी हाथ में लिया जाता है।

अनुसंधान

विद्यालयी शिक्षा के विभिन्न स्तरों के लिए पाठ्यचर्याओं का नवीकरण

पाठ्यचर्याओं का नवीकरण एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। एन.सी.ई.आर.टी. ने विद्यालयी शिक्षा को वांछित स्वरूप देने और इसमें सुधार लाने के लिए पाठ्यचर्या के नवीकरण की प्रासंगिकता को देखते हुए इस कार्य को प्राथमिकता प्रदान की थी। विज्ञान और गणित की शिक्षा के बारे में विद्यालयी तंत्र से प्राप्त फीडबैक का उपयोग विद्यालयी शिक्षा के विभिन्न स्तरों के लिए पाठ्य सामग्री विकसित करने के लिए किया जा रहा है।

विद्यालयों के पाठ्यक्रमों में विज्ञान और प्रौद्योगिकी शिक्षा के प्रौद्योगिकी संघटक का निर्धारण

विद्यालयी शिक्षा के लिए राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा 2000 के अनुसार, एन.सी.ई.आर.टी. द्वारा प्राथमिक और माध्यमिक स्तरों के लिए जो मार्ग निर्देश और पाठ्यविवरण तैयार किये गये थे, उनके अनुसार विज्ञान और प्राद्योगिकी की पाठ्यपुस्तकों में प्रौद्योगिकी को विज्ञान के साथ एकीकृत किया जाना है। इस संबंध में, एन.सी.ई.आर.टी. की पाठ्यपुस्तकों में प्रौद्योगिकी को विज्ञान के साथ एकीकृत करने के क्षेत्र में एक संक्षिप्त अनुसंधान अध्ययन शुरू किया गया था। यह अध्ययन उच्च प्राथमिक स्तर तक विज्ञान की मौजूदा पाठ्यपुस्तकों की समीक्षा करने के लिए शुरू किया गया था, ताकि उसमें प्रौद्योगिकी के संघटक का पता लगाया जाए।

अवधारणात्मक समझ और अंतरण के लिए विज्ञान के 'कंस्ट्रक्टिविस्ट' अधिगम चक्र का एक प्रयोगात्मक अध्ययन

इस अध्ययन के अंतर्गत विज्ञान की अवधारणात्मक समझ और स्कूल से बाहर की विषय वस्तु में उसके अंतरण का एक अधिगम चक्र विकसित किया गया है। यह मनोवैज्ञानिक और 'कंस्ट्रक्टिविस्ट' अधिगम के सिद्धांतों पर आधारित है। इस प्रस्तावित

अधिगम चक्र में प्रगामी डायालॉजिक समन्वेषण, विस्तारण और रूपान्तरण के तीन चरण शामिल हैं, जिनमें विद्‌यार्थी प्रगामी रूप से (छोटे समूहों में वैयक्ति चर्चा से कक्षा चर्चा तक) नई अवधारणाओं की कड़ियों का समन्वेषण करता है, उनका भिन्न रूपों में दर्शन करता है, जिससे उनके महत्वपूर्ण पहलू प्रकट होते हैं जो आम तौर पर छिपे होते हैं। अवधारणा की समझ का उपयोग नए संदर्भों में स्कूल से बाह्य संदर्भों तक अंतरण के लिए किया जाता है। इस चक्र को दिल्ली और उसके आस-पास के क्षेत्रों के स्कूलों में, जिनमें वरिष्ठ माध्यमिक स्तर के केंद्रीय विद्‌यालय, जे.एन.वी. और पब्लिक स्कूल शामिल थे, आजमाया गया था। इस अध्ययन से पता चलता है कि इस अधिगम चक्र से विद्‌यार्थियों की अभिप्रेरणा, रुचि और कार्य में उनकी भागीदारी में वृद्‌धि होती है और इसके अलावा अवधारणात्मक समझ और अंतरण में भी वृद्‌धि होती है। इस अध्ययन से यह भी पता चलता है कि स्पष्टीकरण के दौर में मात्र सामूहिक चर्चा ही ऐसा एकमेव क्रियाकलाप नहीं है, जिससे अवधारणात्मक समझ में सहायता मिलती है, बल्कि विस्तारण और रूपान्तरण के चरणों में जिन क्रियाकलापों का सुझाव दिया गया है, वे भी अवधारणात्मक समझ और अंतरण के लिए आवश्यक पाए गए हैं। किसी भी सार्थक अधिगम के लिए स्पष्ट ढांचा, बाह्य मार्गदर्शन और तत्काल फीडबैक आवश्यक शर्तें हैं।

उड़ीसा राज्य के लिए माध्यमिक स्तर पर विज्ञान में अध्यापकों के लिए कठिन स्थलों का पता लगाना

राज्य की जरूरत के आधार पर, माध्यमिक स्तर पर विज्ञान में अध्यापकों के लिए कठिन स्थलों का पता लगाने के लिए यह अध्ययन किया गया था। उड़ीसा की कक्षा नौ और दस की विज्ञान विषय की पाठ्‌यपुस्तकों का उपयोग करते हुए, अवधारणाओं का समालोचनात्मक विश्लेषण किया गया था। इसके अलावा, एक प्रश्नावली तैयार की गई थी, जो विज्ञान के अध्यापकों के पास भेजी गई थी, ताकि वे यह बताएं कि उनके लिए कठिन स्थल कौन से हैं। उनके प्रत्युत्तरों का विश्लेषण एक कार्यशाला में किया गया और विशिष्ट कठिन स्थल निर्धारित किए गए, जो अध्यापकों के लिए अनुदेशात्मक सामग्री विकसित करने के लिए आधार के रूप में काम देंगे। गणित के +2 स्तर के कठिन स्थलों का भी पता लगाया गया, जिसका उद्‌देश्य केरल और आंध्र प्रदेश के अध्यापकों के लिए अधिगम संबंधी कार्यनीतियों का सुझाव देना था।

माध्यमिक स्तर पर विज्ञान की पाठ्‌यचर्या का बोझ परिप्रेक्ष्य और संभावनाएँ

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्‌देश्य अपेक्षित अवधारणाओं की मात्रा, 'कैसे सीखना चाहिए, यह सीखने' के कार्यक्षेत्र, विषयों के सातत्य और उनकी सुसंबद्‌धता पर विशेष बल देते हुए, पूर्वी राज्यों के माध्यमिक स्कूलों के विज्ञान के विषय की मौजूदा पाठ्‌यचर्या का गहराई से अध्ययन करना, और आवश्यक सिफारिशें देना था। इस कार्यक्रम में पाठ्‌यचर्या विशेषज्ञों और उड़ीसा, पश्चिम बंगाल और बिहार के कार्यरत अध्यापकों को शामिल किया गया।

गणितीय योग्यताओं के संबंध में स्त्री-पुरुषों के बीच के अंतर के बारे में भी जांच की गई और कक्षा पांच के विद्‌यार्थियों द्‌वारा गणित में की गई गलतियों का विश्लेषण भी किया गया।

पांडिचेरी और मैसूर के उच्चतर माध्यमिक स्तर (श्रेणी बारह) पर जीवविज्ञान के प्रयोगशाला-कौशल प्राप्त करने में आने वाली कठिनाइयों के कारणों का पता लगाने के लिए अध्ययन किया जा रहा है और इसके अलावा उच्चतर माध्यमिक हाई स्कूलों में ड्राइंग के कौशल के मूल्यांकन के बारे में मामला-अध्ययन किये जा रहे हैं।

विकास

विद्‌यालयी शिक्षा के विभिन्न स्तरों के लिए विज्ञान और गणित की पाठ्‌यपुस्तकों की रचना

एन.सी.ई.आर.टी. के संकाय और बाहरी विशेषज्ञों को शामिल करके श्रेणी छः, नौ और ग्यारह के लिए विज्ञान और गणित की हस्तलिपियों का पहला प्रारूप तैयार किया गया। ये हस्तलिपियां विद्‌यालयी तंत्र से फीडबैक और विद्‌यालयी शिक्षा के लिए राष्ट्रीय पाठ्‌यचर्या की रूपरेखा, 2000 में चर्चित

विभिन्न मुद्दों और सरोकारों के आधार पर विकसित की गई थीं। इन हस्तलिपियों की समीक्षा कार्यशाला में इन विषयों के विशेषज्ञों, अध्यापकों और अध्यापक-प्रशिक्षकों द्वारा की गई। समीक्षा-कार्यशालाओं में की गई टिप्पणियों और दिये गये सुझावों पर इन प्रारूपों के लेखकों द्वारा विचार किया गया और प्रारूप को उपयुक्त रूप से संशोधित किया गया। इन हस्तलिपियों को, इनके प्रकाशन से पहले, विशेषज्ञों के एक समूह द्वारा संपादित किया गया।

विज्ञान और गणित को लोकप्रिय बनाना

देश के सुप्रतिष्ठित वैज्ञानिकों को सहयोजित करके, 10 से 16 वर्ष की आयु वर्ग के बच्चों के लिए 'पढ़ें और सीखें' (रीडिंग टू लर्न)' शृंखला के अंतर्गत विज्ञान के विशुद्ध और व्यावहारिक क्षेत्रों में लगभग चार दर्जन पुस्तकें तैयार की गईं। मोटे तौर पर, ये पुस्तकें इन क्षेत्रों के बारे में थीं: प्राकृतिक विज्ञान (भौतिकी, रसायन विज्ञान और जीव विज्ञान), जैव प्रौद्योगिकी, न्यक्लीय विज्ञान, अंतरिक्ष विज्ञान और ब्रह्माण्ड विज्ञान, कंप्यूटर विज्ञान, समुद्र विज्ञान, नौ विज्ञान, इलेक्ट्रानिकी, भू-विज्ञान, चिकित्सा विज्ञान, खाद्य और पोषाहार, मौसम विज्ञान और ऊर्जा। इस शृंखला के अंतर्गत दो और पुस्तकें मुद्रण के लिए प्रस्तुत की गईं:

(1) वनस्पति-कार्बोनिक रसायनों की प्रयोगशाला, (2) रूई से नाइलॉन तक। ये पुस्तकें मुद्रित रूप में उपलब्ध होंगी।

विद्यालयी शिक्षा का पर्यावरणिक अभिविन्यास-डी.आई.ई.टी. कार्मिकों के लिए प्रशिक्षण मॉड्यूल

'विद्यालयी शिक्षा का पर्यावरणिक अभिविन्यास' के बारे में मानव संसाधन विकास मंत्रालय की परियोजना पूरी की गई और डी.आई.ई.टी. (जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थानों) के कार्मिकों द्वारा संचालित किये जाने वाले सेवाकालीन शिक्षक-प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए पर्यावरणिक शिक्षा के बारे में चार मॉड्यूल विकसित किये गये। ये मॉड्यूल चार क्षेत्रीय शिक्षा संस्थानों (अजमेर, भोपाल, भुवनेश्वर और मैसूर) की सहायता से पूरे किए गए थे, और ये चार क्षेत्रों (उत्तरी, पश्चिमी, पूर्वी और दक्षिणी) की आवश्यकताओं पर आधारित थे।

वरिष्ठ माध्यमिक स्तर पर जैव-विज्ञान के लिए एक प्रशिक्षण पैकेज, माध्यमिक स्तर पर विज्ञान में नवाचारी प्रयोगों, वरिष्ठ माध्यमिक स्तर पर अवधारणात्मक भौतिकी के बारे में एक संसाधन बैंक, माध्यमिक स्कूल के स्तर के गणित के विभिन्न विषयों की चुनी हुई अवधारणाओं के बारे में क्रियाकलापों, गणित, भौतिक विज्ञान की विषयवस्तु व कार्यविधि के बारे में विषयवस्तु समृद्धिकारी सामग्री और प्रशिक्षण पैकेज का विकास किया गया।

प्रशिक्षण और विस्तार

एन.सी.ई.आर.टी. ने माध्यमिक और वरिष्ठ माध्यमिक स्तरों पर विज्ञान और गणित के क्षेत्रों में अध्यापकों, मूल संसाधन व्यक्तियों और राज्यों के पदधारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किये। केंद्रीय विद्यालय संगठन के भौतिकी, जीव विज्ञान, रसायन विज्ञान और गणित के स्नातकोत्तर अध्यापकों को प्रशिक्षण दिया गया। रसायन विज्ञान के शिक्षण में कंप्यूटरों के अनुप्रयोग और वरिष्ठ माध्यमिक स्तर पर भौतिकी और जैव विज्ञान के शिक्षण के तरीकों और उसकी विषय वस्तु के बारे में और माध्यमिक स्तर पर रसायन विज्ञान के बारे में फैली गलत धारणाओं का पता लगाने के लिए मूल संसाधन व्यक्तियों के लिए भी प्रशिक्षण/अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किये गये। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों के दौरान उपचारात्मक उपायों के सुझाव भी दिये गये। गणित के अध्यापन को प्रभावकारी बनाने के लिए गणित के शिक्षकों को गणितीय मॉडल विकसित करने की जानकारी दी गई। उन्हें गणित की प्रयोगशाला विकसित करने के लिए काफी निविष्टियां भी प्रदान की गईं।

राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनियां

राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी किसी राज्य/संघ राज्य क्षेत्र में लगने वाली जिला और क्षेत्रीय स्तर की विज्ञान प्रदर्शनियों की परिणति है। छत्तीसगढ़,

झारखंड और उत्तरांचल के नवनिर्मित राज्यों ने भी वर्ष 2001-2002 में बच्चों के लिए राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनियों का आयोजन किया था। ये प्रदर्शनियां राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में वर्ष के दौरान राज्यों की सुविधानुसार आयोजित की जाती हैं। वर्ष 2001-2002 के दौरान आयोजित राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनियों का मुख्य विषय था 'समाज के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी'। उप-विषय थे (1) विज्ञान की युगान्तरकारी घटनाएं, (2) ऊर्जा को काबू में करना, (3) खाद्य, (4) पर्यावरणिक प्रबन्ध (5) पोषाहार और स्वास्थ्य, (6) परिवहन और संचार, (7) मनोरंजन के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी, (8) शैक्षिक प्रौद्योगिकी। राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को (1) केन्द्रीय विषय और उप-विषयों के बारे में मॉडल तैयार करने, (2) मूल्यांकन की कसौटियां विकसित करने, (3) राष्ट्रीय स्तर पर बच्चों के लिए आयोजित की जाने वाली 29वीं जवाहरलाल नेहरु राष्ट्रीय विज्ञान प्रदर्शनी में प्रदर्शित करने के लिए चुनिंदा मॉडलों के लिए आलेख प्रस्तुत करने के वास्ते प्रोफार्मा का उपयोग करने के बारे में विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया गया। वर्ष 2001-2002 के दौरान बच्चों के लिए राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित करने के बारे में और मुख्य विषय और उप-विषयों के बारे में भी मार्ग निर्देशों का हिंदी संस्करण भी कुछ राज्यों को भेजा गया था। अधिकतर राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में विद्यार्थियों, अध्यापकों, विद्यालयों और आम लोगों द्वारा इन प्रदर्शनियों में अत्यन्त रुचि ली गई। इन प्रदर्शनियों में सभी प्रकार के स्कूलों, अर्थात् प्राइवेट, सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त और पब्लिक स्कूलों ने भाग लिया। जैसा कि अधिकतर राज्यों द्वारा सूचित किया गया है, ग्रामीण और शहरी दोनों प्रकार के स्कूलों के लड़के और लड़कियों ने इन प्रदर्शनियों में हिस्सा लिया। बहुत से राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों ने विज्ञान प्रदर्शनियों के दौरान सुविख्यात वैज्ञानिकों के भाषणों, प्रश्नोत्तर कार्यक्रमों, वाद-विवादों और वैज्ञानिक अध्ययन यात्राओं का आयोजन भी किया। परिषद् ने राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को बच्चों के लिए राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी 2001-2002 आयोजित करने के लिए लगभग 15.80 लाख रुपये के सहायता अनुदान दिये।

बच्चों के लिए जवाहरलाल नेहरु राष्ट्रीय विज्ञान प्रदर्शनी

एन.सी.ई.आर.टी. ने उत्तर प्रदेश की सरकार के सहयोग से 17 से 23 नवम्बर, 2001 को इलाहाबाद (उत्तर प्रदेश) में बच्चों के लिए 28वीं जवाहरलाल नेहरु राष्ट्रीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया। प्रदर्शनी का केन्द्रीय विषय था 'विकास के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी'। प्रदर्श पांच उप-विषयों में विभाजित किए गए, अर्थात् (1) सबके लिए खाद्य, स्वास्थ्य और पोषाहार, (2) उद्योग, (3) परिवहन और संचार, (4) ऊर्जा (5) सूचना प्रौद्योगिकी। देश के विभिन्न भागों (शहरी और ग्रामीण दोनों) से राज्य स्तर पर चुने गये प्रदर्श राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित किये गये। जवाहरलाल नेहरु राष्ट्रीय विज्ञान प्रदर्शनी, 2001 में कुल मिला कर 150 प्रदर्श प्रदर्शित किये गये। लगभग 300 विद्यार्थियों और शिक्षकों ने, जो 33 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों, अजमेर और भोपाल स्थित क्षेत्रीय शिक्षा संस्थानों, केन्द्रीय विद्यालयों, नवोदय विद्यालयों, परमाणु ऊर्जा शैक्षिक सोसाइटी के स्कूलों का प्रतिनिधित्व कर रहे थे, इस प्रदर्शनी में भाग लिया। दोहा-कतार के 6 विद्यार्थियों और शिक्षकों ने भी इसमें भाग लिया था। एन.सी.ई.आर.टी. ने भी अपने स्टाल लगाये थे। प्रदर्शनी में भाग लेने वाले विद्यार्थियों, अध्यापकों और दर्शकों को निःशुल्क वितरित किये जाने के लिए सामग्री तैयार की गई, जैसे विज्ञान को लोकप्रिय बनाने के लिए विज्ञान प्रदर्शनी के उद्देश्यों सहित, प्रदर्शनी के विशेष पहलुओं पर प्रकाश डालने वाले फोल्डर (अंग्रेजी/हिंदी), प्रदर्शों की सूची (अंग्रेजी/हिंदी), और 'विज्ञान के मॉडलों का ढांचा और कार्यचालन।

'स्कूल साइंस' पत्रिका

'स्कूल साइंस' नामक त्रैमासिक पत्रिका अध्यापकों, अनुसंधानकर्ताओं, पाठ्यचर्या का विकास करने वाले व्यक्तियों, प्रशिक्षकों और विद्यार्थियों को भी विज्ञान और गणित की शिक्षा के विभिन्न पहलुओं के बारे में अपने विचार, अनुभव, नवाचार और अनुसंधान के निष्कर्ष प्रस्तुत करने का एक मंच प्रदान करती है। इस पत्रिका में विज्ञान और गणित के अध्यापन/अधिगम के क्षेत्र में हुई अद्यतन प्रगति, विषय वस्तु की समृद्धि और नवाचारात्मक विधियों के बारे में अनेक प्रकार की पठन सामग्री शामिल की जाती है। इस पत्रिका के नियमित स्तम्भों में 'विज्ञान समाचार' और 'पुस्तक समीक्षा' शामिल हैं। पत्रिका का एक 'संपादकीय सलाहकार बोर्ड' है, जिसके सदस्य सुविख्यात वैज्ञानिक हैं, और जो पत्रिका के सुधार और उसके पाठकों की संख्या को बढ़ाने के लिए सुझाव देता है। पत्रिका के चार अंकों की हस्तलिपियां तैयार की गईं। इनमें से, पत्रिका के जून और सितम्बर अंक पहले से ही मुद्रित किए जा चुके हैं। दिसम्बर, 2001 और मार्च, 2002 के शेष दो अंकों की प्रति (कापी) संपादित की जा चुकी हैं और उन्हें प्रकाशन के लिए भेज दिया गया है।

विज्ञान को लोकप्रिय बनाने का केन्द्र

एन.सी.ई.आर.टी. ने 'विज्ञान को लोकप्रिय बनाने का केन्द्र' स्थापित करने की एक परियोजना हाथ में ली है। यह केन्द्र विकसित किया जा रहा है। पहले चरण में विज्ञान उद्यान स्थापित किया गया है। विभाग की वर्कशाप में विज्ञान के बुनियादी सिद्धांतों को प्रदर्शित करने वाले परस्पर क्रियात्मक मॉडल गढ़े गए हैं। इन मॉडलों से हमारे दैनिक जीवन में विज्ञान और प्रौद्योगिकी के अनुप्रयोग को उजागर करने में भी सहायता मिलती है। स्कूलों के बच्चों को मॉडलों के प्रचालन को स्पष्ट करने वाले सूचना-पट्ट प्रत्येक मॉडल के साथ लगाये गये हैं। पार्क में लगाये गये मॉडलों में सरल मशीनें, लीवर, पुली, पेंडुलम, जादुई ध्वनि, साइक्लाइड मार्ग और पहाड़ पर चढ़ने वाली काया शामिल हैं।

पार्क में भारत सरकार के गैर-पारम्परिक ऊर्जा स्रोत मंत्रालय द्वारा प्रायोजित 'ऊर्जा पार्क' परियोजना के अंतर्गत सौर उपकरण लगाने की योजना है। इन उपकरणों में सौर पम्प, सौर टेलीविजन, सड़कों पर सौर रोशनी, सौर कुकर, सौर हीटर शामिल हैं।

परियोजना के दूसरे चरण में, केन्द्र में एक विज्ञान क्लब होगा, जो बच्चों को 'हैंड्स आन' अनुभव प्रदान करेगा। इसमें एक साइबर कैफे होगा। केन्द्र बच्चों को विज्ञान और प्रौद्योगिकी के बुनियादी सिद्धांतों और अनुप्रयोगों से परिचित कराने के लिए स्कूलों को नियमित आधार पर आमंत्रित करेगा।

विभिन्न शैक्षिक संस्थानों को उपलब्ध कराई गई संसाधन सहायता

केंद्रीय विद्यालयों, नवोदय विद्यालयों, सी.बी.एस.ई., एस.सी.ई.आर.टी., डी.आई.ई.टी., डी.ए.वी. स्कूल प्रबंधकों और कुछ पब्लिक स्कूलों द्वारा आयोजित प्रशिक्षण/अभिविन्यास कार्यक्रमों के लिए और सरकारी स्कूलों, पब्लिक स्कूलों, केन्द्रीय विद्यालयों, दिल्ली प्रशासन के स्कूलों में शिक्षकों के चयन के लिए संसाधन सहायता दी गई।

वर्ष 2001-2002 के दौरान प्रकाशित रिपोर्टें और अन्य सामग्री

- उच्च प्राथमिक स्तर के लिए मार्गनिर्देश और पाठ्य विवरण
- माध्यमिक स्तर के लिए मार्गनिर्देश और पाठ्य विवरण
- उच्च माध्यमिक स्तर के लिए मार्गनिर्देश और पाठ्य विवरण
- साइंस एण्ड टैक्नोलॉजी फॉर क्लास VI
- साइंस एण्ड टैक्नोलॉजी फॉर क्लास IX
- मैथेमैटिक्स फॉर क्लास VI
- मैथेमैटिक्स फॉर क्लास IX
- मैथेमैटिक्स फॉर क्लास XI (पार्ट I)
- कैमिस्ट्री फॉर क्लास XI
- फिजिक्स फॉर क्लास XI

- वनस्पति-कार्बोनिक रसायन की प्रयोगशाला (मुद्रणाधीन)
- बायोलॉजी फॉर क्लास XI
- 'स्कूल साइंस' त्रैमासिक पत्रिका-दो अंक 2001-2002
- बच्चों के लिए 28वीं जवाहरलाल नेहरु राष्ट्रीय विज्ञान प्रदर्शनी के लिए प्रदर्शों की सूची
- विज्ञान मॉडलों का ढांचा और कार्यचालन, 2001
- डी.आई.ई.टी. कार्मिकों के लिए विद्यालयी शिक्षा का पर्यावरणिक अभिविन्यास-4 मॉडल
- कक्षा ग्यारह के लिए रसायन विज्ञान में मल्टी मीडिया के बारे में अकादमिक आलेख (टंकित)
- प्रयोगशाला मेनुअल सहित लेसर-आधारित आप्टिक्स किट (फोटोकापी)
- वैल्यू ऑफ मैथेमैटिक्स एजुकेशन
- सृजनात्मक निर्माणवादी विज्ञान अधिगम मॉडल का प्रयोगात्मक अध्ययन, 2002 (फोटोकापी)
- पुस्तिका, 'विद्यालयों की पाठ्यचर्या में विज्ञान और प्रौद्योगिकी की शिक्षा में प्रौद्योगिकी का संघटक 2000-भाग-1 (निम्न प्राथमिक), (फोटोकापी)
- माध्यमिक स्तर पर विज्ञान में मुख्य संसाधन व्यक्तियों का प्रशिक्षण (फोटोकापी)
- वरिष्ठ माध्यमिक स्तर पर गणित पढ़ाने वाले अध्यापकों का प्रशिक्षण (फोटोकापी)
- माध्यमिक स्तर पर मुख्य संसाधन व्यक्तियों को विज्ञान के व्यावहारिक कौशलों का प्रशिक्षण (फोटोकापी)
- पंजाब राज्य के लिए समृद्धिकारी पैकेज और कंप्यूटरों का उपयोग करते हुए वरिष्ठ माध्यमिक स्तर (+2 स्तर) पर भौतिकी के अध्यापकों का प्रशिक्षण
- पंजाब राज्य के लिए वरिष्ठ माध्यमिक स्तर पर जीव विज्ञान पढ़ाने वाले अध्यापकों का प्रशिक्षण और प्रशिक्षण पैकेज का विकास (फोटोकापी)
- माध्यमिक स्तर पर रसायन विज्ञान के बारे में गलत धारणाओं का पता लगाना और उपचारात्मक उपाय सुझाना (फोटोकापी)
- केन्द्रीय विद्यालय संगठन के स्नातकोत्तर अध्यापकों (जीव विज्ञान) के लिए सेवाकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम (फोटोकापी)
- उड़ीसा राज्य के लिए माध्यमिक स्तर पर विज्ञान में अध्यापकों के लिए कठिन स्थलों का पता लगाना (मुद्रणाधीन)
- माध्यमिक स्तर पर विज्ञान की पाठ्यचर्या का बोझ–परिप्रेक्ष्य और संभावनाएं (मुद्रणाधीन)
- वरिष्ठ माध्यमिक स्तर पर अवधारणात्मक भौतिकी की संसाधन पुस्तक का विकास, भाग-1: माप, यांत्रिकी और गुरुत्वाकर्षण (मुद्रणाधीन)
- माध्यमिक स्तर पर गणित प्रयोगशाला स्थापित करने के लिए प्रयोगों की सूची तैयार करने के लिए अन्वेषण (मुद्रणाधीन)
- कर्नाटक के मुख्य संसाधन व्यक्तियों के लिए माध्यमिक स्तर के लिए भौतिक विज्ञान और जीव विज्ञान की विषय वस्तु और कार्यविधि के बारे में प्रशिक्षण पैकेज (फोटोकापी)
- आन्ध्र प्रदेश की भौतिकी की इंटरमीडिएट पाठ्यपुस्तकों के मूल्यांकन की रिपोर्ट (फोटोकापी)
- आन्ध्र प्रदेश की गणित की इंटरमीडिएट पाठ्यपुस्तकों के मूल्यांकन की रिपोर्ट (फोटोकापी)
- आन्ध्र प्रदेश में जीव विज्ञान की इंटरमीडिएट पाठ्य पुस्तकों का मूल्यांकन और विश्लेषण (फोटोकापी)
- उच्च प्राथमिक स्कूलों में गणित शिक्षण की विषय वस्तु और कार्यविधि के बारे में प्रशिक्षण पैकेज (फोटोकापी)
- गणित के स्व-शिक्षण की सामग्री (फोटोकापी)
- केन्द्रीय विद्यालयों के स्नातकोत्तर अध्यापकों के लिए भौतिकी में सेवाकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम के बारे में रिपोर्ट (फोटोकापी)

- +2 स्तर पर भौतिकी के बारे में अन्वेषणात्मक परियोजना (फोटोकापी)
- केन्द्रीय विद्यालयों के गणित संबंधी सेवाकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम के बारे में रिपोर्ट (फोटोकापी)
- उच्च प्राथमिक स्कूलों में गणित के शिक्षण की विषय वस्तु व कार्यविधि (फोटोकापी)
- विज्ञान के शिक्षण की विषय वस्तु और कार्यविधि के बारे में प्रशिक्षण पैकेज
- गणित (कक्षा छः) की स्व-शिक्षण सामग्री (फोटोकापी)
- गणित (कक्षा सात) की स्व-शिक्षण सामग्री (फोटोकापी)

8

सामाजिक विज्ञान और मानविकी शिक्षा

सामाजिक विज्ञान और मानविकी की शिक्षा के क्षेत्र में पाठ्यचर्या और अनुदेशात्मक सामग्री के अनुसंधान और विकास, अध्यापकों और अध्यापक-प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण/अभिविन्यास और राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को शैक्षिक सहायता प्रदान करने से संबंधित अनेक क्रियाकलाप कार्यान्वित किए जाते हैं। वर्ष 2001-2002 के दौरान कार्यक्रमों का मुख्य जोर इस बात पर था कि केवल तथ्यात्मक ज्ञान अर्जित करने की प्रक्रिया को पाठ्य सामग्री को समझने, उस पर मनन करने और उसे आत्मसात करने की प्रक्रिया में बदला जाए।

सामाजिक विज्ञान और मानविकी शिक्षा

सामाजिक विज्ञान और मानविकी की शिक्षा के क्षेत्र में पाठ्यचर्या और अनुदेशात्मक सामग्री के अनुसंधान और विकास, अध्यापकों और अध्यापक-प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण/अभिविन्यास और राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों को शैक्षिक सहायता प्रदान करने से संबंधित अनेक क्रियाकलाप कार्यान्वित किए जाते हैं। वर्ष 2001-2002 के दौरान कार्यक्रमों का मुख्य जोर इस बात पर था कि केवल तथ्यात्मक ज्ञान अर्जित करने की प्रक्रिया को पाठ्य सामग्री को समझने, उस पर मनन करने और उसे आत्मसात करने की प्रक्रिया में बदला जाए। कार्यक्रमों की एक अन्य महत्त्वपूर्ण विशेषता यह थी कि सभी क्षेत्रों का एकीकरण करके सामाजिक विज्ञान की एक पाठ्यपुस्तक तैयार की गई, जिसमें कक्षा X तक अध्ययन की एक सामान्य स्कीम के अंतर्गत मूल्यपरक शिक्षा, कला की शिक्षा और कार्य शिक्षा के तत्व शामिल किए गए। विभिन्न विषय-क्षेत्रों में उपयुक्त रूप से एकीकृत किए गए अति महत्त्वपूर्ण संघटक क्षेत्रों और मूल्यों को पाठ्यचर्या का अभिन्न अंग बनाया गया है।

भाषाओं के पाठ्यक्रम में सुनने, बोलने, पढ़ने, लिखने और सोचने की योग्यताओं और संचार-कौशलों पर ध्यान केंद्रित किया गया है, जबकि समाज विज्ञान में मानवीय पर्यावरण को उसके संपूर्ण रूप में समझने पर जोर दिया गया है, ताकि एक अपेक्षाकृत व्यापक परिप्रेक्ष्य और अनुभवजन्य, तर्कसंगत और मानवीय दृष्टिकोण विकसित किया जाए। पाठ्यचर्या और शिक्षण सामग्री में शिक्षार्थियों को यह सहायता देने का प्रयास किया गया है कि वे जानकारी वाले और जिम्मेदार नागरिकों के रूप में अपना विकास कर सकें, जिनके पास ऐसे कौशलों का भंडार हो, जिनसे विकास और राष्ट्र-निर्माण की प्रक्रिया में भाग ले सकें और योगदान कर सकें।

विकास

भाषाओं – हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू और संस्कृत (उच्च प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च माध्यमिक स्तर), सामाजिक विज्ञान, कला शिक्षा, स्वास्थ्य और शारीरिक शिक्षा और कार्य शिक्षा (उच्च प्राथमिक और माध्यमिक स्तर), भूगोल, इतिहास, अर्थशास्त्र, राजनीति शास्त्र, समाज शास्त्र और वाणिज्य (उच्च माध्यमिक स्तर) के लिए मार्गनिर्देश और पाठ्य विवरण प्रकाशित किए गए। हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू, संस्कृत, समाज विज्ञान, इतिहास, अर्थशास्त्र, भूगोल, राजनीति शास्त्र, समाज शास्त्र और वाणिज्य की पाठ्यपुस्तकों के नए सेट तैयार करने का काम चरणबद्ध तरीके से शुरू किया गया। वर्ष 2001-2002 में कक्षा VI, IX और XI के लिए पाठ्यपुस्तकें तैयार की गईं।

ज्ञान और आनन्द प्राप्ति के लिए और पाठकों को संस्कृत में उपलब्ध सूत्र विचारों और अवधारणाओं के समृद्ध भंडार से परिचित कराने के लिए अतिरिक्त पठन सामग्री प्रकाशित की गई। संस्कृत शैक्षिक शृंखला के अंतर्गत हिंदी में विकसित सामग्री में भारतीय बाल विकास, शिक्षा की भारतीय परंपरा-आदर्श और प्रयोग, और प्राचीन संस्कृत शिक्षा-सिद्धांत और प्रयोग शामिल हैं। संस्कृत विज्ञान शृंखला के अंतर्गत 'संस्कृत में गणित' की हस्तलिपि अंग्रेजी में तैयार की गई है। राष्ट्रीय संस्कृत परियोजना के अंतर्गत प्रारंभिक शिक्षार्थियों के लिए 20 घंटे का एक पाठ्यक्रम, शिक्षण सामग्री जिसमें कहानियां, कविताएं और व्याकरण शामिल हैं, और अध्यापकों के लिए संदर्शिकाएं और त्वरित पाठ्यक्रम की सामग्री विकसित की गई। उच्च माध्यमिक स्तर के लिए वाणिज्य के कतिपय विनिर्दिष्ट विषयों में नैदानिक परीक्षा मदों और लेखाशास्त्र के अध्यापकों के प्रशिक्षण के लिए प्रशिक्षण पैकेज का विकास किया गया।

उच्च प्राथमिक स्तर पर अंग्रेजी पढ़ाने और प्राथमिक स्तर पर उर्दू पढ़ाने की कार्यनीतियों के बारे में प्रशिक्षण पैकेज विकसित किए गए। माध्यमिक और उच्च माध्यमिक स्तरों पर अंग्रेजी में बातचीत करने के कौशल में सुधार करने के लिए श्रव्य कैसेट तैयार किए गए। माध्यमिक स्तर पर तमिल पढ़ाने के लिए अध्यापकों के लिए एक हस्तपुस्तिका तैयार की गई।

शिक्षण/विस्तार

"संस्कृत के माध्यम से संस्कृत के शिक्षण" की राष्ट्रीय संस्कृत परियोजना के अंतर्गत निम्नलिखित क्रियाकलाप आयोजित किए गए :

- एन.सी.ई.आर.टी. के कर्मचारियों के लिए चार सप्ताह की अवधि की बोलचाल की संस्कृत की कक्षाएं।
- एन.सी.ई.आर.टी. के परिसर में स्थित केंद्रीय विद्यालय और वसंत कुंज में स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों के लिए दस दिन की अवधि की बोलचाल की संस्कृत कक्षाएं।
- एन.सी.ई.आर.टी. के कर्मचारियों के लिए बीस दिन की अवधि की बोलचाल की संस्कृत की कक्षाएं और अभ्यास कक्षाएं।

उच्च माध्यमिक स्तर पर अंग्रेजी, हिंदी और लेखाशास्त्र की शिक्षा देने वाले अध्यापकों और माध्यमिक स्तर पर संस्कृत पढ़ाने वाले अध्यापकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए गए।

उड़ीसा में माध्यमिक स्तर पर भूगोल पढ़ाने वाले अध्यापकों और कर्नाटक में उच्च माध्यमिक स्तर पर अंग्रेजी पढ़ाने वाले अध्यापकों को प्रशिक्षण देने के लिए मुख्य संसाधन व्यक्तियों का अभिविन्यास किया गया। मातृभाषा (उड़िया) की शिक्षा देने के बारे में माध्यमिक स्तर के अध्यापकों और अध्यापक-प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया।

अंग्रेजी, हिंदी, उर्दू, मराठी और गुजराती पढ़ाने के तरीकों के बारे में बहुत सी संगोष्ठियां आयोजित की गईं।

असम के स्नातकोत्तर अध्यापकों के लिए +2 स्तर पर अंग्रेजी पढ़ाने और हिमाचल प्रदेश और राजस्थान के एस.सी.ई.आर.टी./एस.आई.ई.आर.टी./डी.आई.ई.टी. कार्मिकों के लिए संचार कौशलों के बारे में प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए गए।

वर्ष 2001-2002 के दौरान प्रकाशित रिपोर्टें और अन्य सामग्री

- संदर्शिकाएं और पाठ्य विवरण
  - प्राथमिक स्तर I-V
  - उच्च प्राथमिक स्तर VI-VIII
  - माध्यमिक स्तर IX-X
  - उच्च माध्यमिक स्तर XI-XII
- कक्षा VI, IX और XI के लिए विभिन्न विषय क्षेत्रों के बारे में पाठ्यपुस्तकें
- लेखाशास्त्र की शिक्षा देने के लिए प्रशिक्षण पैकेज (फोटोकापी)
- असम के स्नातकोत्तर अध्यापकों के लिए +2 स्तर पर अंग्रेजी पढ़ाने के बारे में प्रशिक्षण (मुद्रणाधीन)
- उड़ीसा में माध्यमिक स्तर पर भूगोल पढ़ाने वाले अध्यापकों के प्रशिक्षण के लिए मुख्य संसाधन व्यक्तियों का अभिविन्यास (मुद्रणाधीन)
- माध्यमिक अध्यापक-प्रशिक्षकों और मातृभाषा (उड़िया) पढ़ाने वाले अध्यापकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम (मुद्रणाधीन)
- किशोर शिक्षा संबंधी भित्ति चार्ट

राष्ट्रीय जनसंख्या शिक्षा परियोजना

राष्ट्रीय जनसंख्या शिक्षा परियोजना अप्रैल, 1980 में देश को अपने जनांककीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में सहायता देने के एक शैक्षिक उपाय के रूप में शुरू की गई थी। यह परियोजना चार चरणों में क्रियान्वित की गई है। परियोजना का पहला चरण 1985 में पूरा किया गया था; दूसरा 1992 में, और तीसरा 1997 में। वर्ष 2001-2002 इसके चौथे चरण (1998-2001) का अंतिम वर्ष है। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् (एन.सी.ई.आर.टी.) इस परियोजना को इसकी शुरूआत के समय से क्रियान्वित कर रही है।

वर्ष 2001-2002 में परियोजना के क्रियाकलापों का ध्यान पाठ्य विवरणों और पाठ्यपुस्तकों में, जिन्हें विद्यालयी शिक्षा के लिए राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा के अनुसरण में एन.सी.ई.आर.टी. और कुछ राज्यों द्वारा संशोधित किया जा रहा है, जनसंख्या संबंधी शिक्षा के तत्वों को एकीकृत करने को बढ़ावा देने पर केंद्रित था। राष्ट्रीय, क्षेत्रीय, राज्य और जिला स्तरों पर अनेक प्रकार के क्रियाकलाप, जैसे-अनुसंधान, विकास, प्रशिक्षण,

पक्षपोषण, सह-पाठ्यचर्या और मानीटरिंग और समन्वय संबंधी कार्य किए गए। जो मुख्य कार्य किए गए, वे इस प्रकार हैं :

अनुसंधान

मुख्य रूप से विभिन्न सांस्कृतिक पृष्ठभूमियों वाले किशोरों की आवश्यकताओं का पता लगाने के लिए निम्नलिखित अनुसंधान अध्ययन किए गए :

(i) किशोरों के जनन स्वास्थ्य के बारे में बेसलाइन सर्वेक्षण;

(ii) उड़ीसा के खुरदा, बालासोर और कोरापुट जिलों के लोगों के जीवन की भौतिक गुणावत्ता के प्राचलों के बारे में स्थिति रिपोर्ट;

(iii) विभिन्न सांस्कृतिक पृष्ठभूमियों वाले किशोरों की शैक्षिक आवश्यकताओं का पता लगाने के मुख्य उद्देश्य से मैसूर में किशोर शिक्षा के बारे में आवश्यकता आकलन अध्ययन।

इसके अलावा, जनसंख्या शिक्षा की भावी दिशाओं पर चर्चा करने के मुद्दों का पता लगाने के लिए राज्य-वार परियोजना स्थिति अध्ययन किए गए।

विकास

जनसंख्या और विकास के बारे में युवाओं के विचार नामक एक पुस्तक को अंतिम रूप दिया गया और उसे प्रकाशन के लिए भेजा गया। जनसंख्या शिक्षा बुलेटिन के दो अंक प्रकाशित और प्रचारित-प्रसारित किए गए। जनसंख्या सूचना शिक्षा और संचार के बारे में एक संक्षिप्त विब्लियोग्राफी तैयार की गई और पॉपडॉक, डी.एल.डी.आई. द्वारा वितरित की गई। 10 आलेखों और 6 पूरक सामग्रियों की स्लाइडों का एक सेट तैयार किया गया।

प्रशिक्षण

राष्ट्रीय, क्षेत्रीय और राज्य स्तरों पर काम करने वाले परियोजना-कार्मिकों के लिए वित्तीय प्रबंध और रिपोर्टिंग के बारे में एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें अपने-अपने संगठनों में लेखा करने वाले प्रशासनिक कार्मिकों ने भाग लिया।


विस्तार

दसवीं पंचवर्षीय योजना के लिए एक महत्त्वपूर्ण निविष्टि के रूप में, चंडीगढ़, गुवाहाटी, बंगलौर और पणजी (गोवा) में चार क्षेत्रीय संगोष्ठियां आयोजित की गईं। इन संगोष्ठियों में शिक्षा नीति निर्माताओं, पाठ्यचर्या निर्माताओं, शिक्षाविदों, विशेषज्ञों, अध्यापकों, माता-पिता और किशोरों ने भाग लिया।


मई और सितम्बर, 2001 में अंतर्राष्ट्रीय पोस्टर प्रतियोगिता, 2001 आयोजित की गई, जो यू.एन. एफ.पी.ए. द्वारा प्रायोजित क्रियाकलाप है। प्रतियोगिता का विषय था 'जनसंख्या और पर्यावरण'। देश के सभी भागों से 700 से अधिक प्रविष्टियां प्राप्त हुईं।

अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता 2000 के पंद्रह राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कार विजेताओं को राष्ट्रीय पुरस्कार समारोह में स्मारिकाएं प्रदान की गईं। पांचवें आयु वर्ग में विश्व स्तर के विजेता को भी, जो प्रथम स्थान पर रहा था, पुरस्कृत किया गया।

आर.आई.ई. संकाय और डी.एम. स्कूलों के अध्यापकों के लिए नई अवधारणाओं वाली जनसंख्या शिक्षा के पक्षपोषण के बारे में कार्यक्रम आयोजित किए गए।



एन.सी.ई.आर.टी. के संयुक्त निदेशक, डा. एम.एस. खापर्डे विश्व स्तर की अंतर्राष्ट्रीय पोस्टर प्रतियोगिता-2000 के प्रथम पुरस्कार विजेता श्री कैलाश कुमार को पुरस्कार देते हुए



पांडिचेरी सरकार के माननीय शिक्षा मंत्री परियोजना की प्रगति की समीक्षा बैठक का उद्घाटन करते हुए

परियोजना के क्रियान्वयन की मानीटरिंग

इस परियोजना का कार्यान्वयन 30 राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में संबंधित राज्य जनसंख्या शिक्षा कक्षों द्वारा और राष्ट्रीय संगठनों, जैसे केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सी.बी.एस.ई.), राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् (एन.सी.टी.ई.), राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय (एन.ओ.एस.), केंद्रीय विद्यालय संगठन (के.वी.एस.) और नवोदय विद्यालय समिति (एन.वी.एस.) द्वारा किया जा रहा है। परियोजना के कार्यान्वियन की मानीटरिंग करने के लिए निम्नलिखित कार्य किए गए थे :

- विद्यालयी शिक्षा, प्रौढ़ शिक्षा, विश्वविद्यालय शिक्षा के क्षेत्रकों की परियोजनाओं का प्रभावकारी कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए किए जा रहे प्रयासों को समर्थन प्रदान करने के लिए तीन अंतर्क्षेत्रकीय समन्वय बैठकें आयोजित की गईं।
- मानव संसाधन विकास मंत्रालय, एम.एच.ओ.एफ.डब्ल्यू. और यू.एन.एफ.पी.ए. में आयोजित की जाने वाली त्रिपक्षीय प्रगति समीक्षा बैठक सहित अन्य बैठकों में परियोजना के कार्यान्वयन की नियमित अंतराल के बाद समीक्षा की गई।
- वर्ष 2001 में हुई प्रगति की समीक्षा करने और वर्ष 2002 के लिए कार्य योजनाएं और बजट अनुमान तैयार करने और उन्हें अनुमोदित करने के लिए जनवरी, 2002 में दो परियोजना प्रगति समीक्षा बैठकें आयोजित की गईं।

जैसी कि राज्य क्रियान्वयन अभिकरणों द्वारा रिपोर्ट दी गई है, राज्य स्तर पर निम्नलिखित निविष्टियां की गईं :

- संबंधित राज्य भाषाओं में पाठ्यचर्या, पक्षपोषण, प्रशिक्षण और शिक्षण-सामग्री के बारे में तिरसठ पुस्तिकाएं तैयार की गईं।
- लगभग 80 हजार माता-पिता ने किशोर शिक्षा के पक्षपोषण कार्यक्रमों में भाग लिया।
- प्रशिक्षित संसाधन व्यक्तियों की सहायता से लगभग 1200 संसाधन व्यक्तियों को जनसंख्या शिक्षा और किशोर शिक्षा के बारे में प्रशिक्षण दिया गया और लगभग 3000 अध्यापकों को किशोर शिक्षा में सह-पाठ्यचर्या क्रियाकलापों का आयोजन करने के लिए प्रशिक्षित किया गया।
- 180 जिलों में विभिन्न सह-पाठ्यचर्या क्रियाकलाप आयोजित किए गए। 2500 से अधिक विद्यालयों में किशोर शिक्षा के बारे में विद्यार्थियों के क्रियाकलाप आयोजित किए गए।

- नौ अनुसंधान अध्ययन पूरे किए गए और ग्यारह अध्ययन पूरे होने वाले हैं।

प्रकाशन

राष्ट्रीय स्तर पर निम्नलिखित प्रकाशन निकाले गए :

- जनसंख्या और विकास के बारे में युवाओं के विचार (मुद्रणाधीन)
- जनसंख्या शिक्षा बुलेटिन (दो अंक)
- वार्षिक परियोजना प्रगति समीक्षा बैठक, 1999 की रिपोर्ट (फोटोकापी)
- परियोजना स्थिति सर्वेक्षण अनुसूची (फोटोकापी)
- मैसूर जिले में किशोर शिक्षा के बारे में आवश्यकता आकलन अध्ययन (फोटोकापी)
- किशोरों के जनन स्वास्थ्य के बारे में विद्‌यार्थियों की जागरूकता और उनकी अभिवृत्ति के संबंध में अध्ययन (फोटोकापी)

9

परीक्षा सुधार

शिक्षार्थियों के कार्य-निष्पादन में गुणात्मक सुधार के लिए, अजमेर, भोपाल, भुवनेश्वर और मैसूर में स्थित क्षेत्रीय शिक्षा संस्थानों से संबंधित चार डी.एम. विद्यालयों में 'स्कूल-आधारित आकलन की स्कीम' शुरू की गई है। इस स्कीम में विद्यार्थियों के कार्य-निष्पादन की निरंतर मानीटरिंग, अधिगम के विद्यालयी और सह-विद्यालयी दोनों पहलुओं के आकलन और निदान के द्वारा वांछनीय उपचारात्मक उपाय करने की व्यवस्था है।

परीक्षा सुधार

एन.सी.ई.आर.टी. ने इससे पहले शैक्षिक मापन और मूल्यांकन और विशेष रूप से परीक्षा सुधार के क्षेत्र में बहुत से कार्यक्रम हाथ में लिए हैं। मौजूदा कार्यक्रमों का उद्देश्य विशिष्ट रूप से राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में शैक्षिक और परीक्षा लेने वाले दोनों किस्मों के अभिकरणों को शैक्षिक और तकनीकी सहायता मुहैया करना है। इनमें संसाधन व्यक्तियों, प्रश्नपत्र तैयार करने वाले व्यक्तियों, परीक्षकों, मॉडरेटरों को प्रशिक्षण देना, शैक्षिक मूल्यांकन के लिए अवधारणात्मक और नमूने की सामग्री विकसित करना, अनुसंधान करना और उसे बढ़ावा देना, परामर्शदात्री सेवाएं मुहैया करना और शैक्षिक मूल्यांकन के क्षेत्र में सूचना के आदान-प्रदान करने के केंद्र की भूमिका निभाना शामिल है। शैक्षिक मूल्यांकन और परीक्षा सुधार से संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी नीचे दी जा रही है :

अनुसंधान

स्कूल-आधारित आकलन की स्कीम

शिक्षार्थियों के कार्य-निष्पादन में गुणात्मक सुधार के लिए, अजमेर, भोपाल, भुवनेश्वर और मैसूर में स्थित क्षेत्रीय शिक्षा संस्थानों से संबंधित चार डी. एम. विद्यालयों में 'स्कूल-आधारित आकलन की स्कीम' शुरू की गई है। इस स्कीम में विद्यार्थियों के कार्य-निष्पादन की निरंतर मानीटरिंग, अधिगम के विद्यालयी और सह-विद्यालयी दोनों पहलुओं के आकलन और निदान के द्वारा वांछनीय उपचारात्मक उपाय करने की व्यवस्था है।

माध्यमिक आकलन करने और इस स्कीम के क्रियान्वयन के बारे में फीडबैक प्राप्त करने के लिए पर्यवेक्षण और मानीटरिंग दौरे किए गए, ताकि उन समस्याओं का पता लगाया जा सके और उन्हें हल किया जा सके जो अध्यापकों को इस स्कीम के क्रियान्वयन में पेश आ रही हैं, विशेष रूप से उन समस्याओं को जो यूनिट परीक्षाओं और आवधिक परीक्षाओं के डिजाइन और ब्लू प्रिंट तैयार करने, सह-शैक्षिक क्षेत्रों के आकलन रिकार्डों को रखने, शैक्षिक और सह-शैक्षिक क्षेत्रों में ग्रेड देने के मामले में पेश आती हैं। क्षेत्रीय शिक्षा संस्थानों के समन्वयकर्ताओं, प्राथमिक अनुभागों के प्रभारियों, टीम लीडरों और अध्यापकों के साथ विस्तृत चर्चा की गई। स्कीम के बारे में माता-पिता और कक्षा V के विद्यार्थियों की राय जानने की कोशिश की गई। इन दौरों के समय स्कूलों के वातावरण का वास्तविक सर्वेक्षण और कक्षाओं का निरीक्षण किया गया तथा स्कूलों के अभिलेखों की जांच की गई है।

कक्षा V के अंत में उपलब्धियों का सर्वेक्षण

समूचे देश में कक्षा V के विद्यार्थियों की उपलब्धियों के स्तर का अध्ययन करने के उद्देश्य से 'कक्षा V के अंत में उपलब्धियों के सर्वेक्षण' का काम हाथ में लिया गया है। इस उपलब्धि सर्वेक्षण के लिए भाषाओं, गणित और पर्यावरणिक अध्ययन के बारे में परीक्षा-पत्र तैयार किए गए और विद्यार्थियों, अध्यापकों और स्कूलों के लिए प्रश्नावलियां तैयार की गईं और पंद्रह क्षेत्रीय भाषाओं में उन्हें छापा गया। वास्तविक उपलब्धि सर्वेक्षण करने के लिए राज्यों के समन्वयकर्ताओं के लिए एक अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान जिलों, ब्लॉकों, स्कूलों और विद्यार्थियों का नमूना तैयार करने (सेम्पलिंग), परीक्षाओं के प्रशासन और सर्वेक्षण से संबंधित अन्य क्रियाकलापों के समन्वय के लिए जोरदार प्रशिक्षण दिया गया। बाद में फरवरी से अप्रैल, 2002 तक की अवधि में 32 राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में नमूने के लगभग 75,000 विद्यार्थियों की परीक्षा ली गई।

वाणिज्य के विषय में नैदानिक परीक्षा की मदों का परीक्षण

वाणिज्य के विषय में परीक्षा की मदों का परीक्षण किया गया और स्वतः अधिगम संबंधी शैक्षिक सामग्री में, जो वरिष्ठ माध्यमिक कक्षाओं के लिए विकसित की जा रही है, शामिल किए जाने के लिए उनका चयन किया गया।

कक्षा V और VI के विद्यार्थियों को सीखने में आने वाली कठिनाइयों के स्वरूप का अध्ययन

क्षेत्र में किए गए अध्ययनों के आधार पर कक्षा V और VI के विद्यार्थियों को हिंदी, गणित और अंग्रेजी सीखने में आने वाली कठिनाइयों का पता लगाया गया और निवारक अध्ययन विकसित किए गए।

सेवाकालीन कार्यक्रमों के मूल्यांकन के साधनों का परीक्षण

मूल्यांकन के लिए विकसित किए गए साधनों की आजमाइश की गई और सेवाकालीन अध्यापक-प्रशिक्षण कार्यक्रमों के मूल्यांकन के लिए आयोजित दो कार्यशालाओं में उन्हें अंतिम रूप दिया गया।

विकास

कक्षा VII और VIII के लिए उपलब्धि परीक्षा

कक्षा VII और VIII के लिए उपलब्धि परीक्षाएं विकसित करने और उनका मानकीकरण करने का काम हाथ में लिया गया, ताकि शिक्षा के उच्च प्राथमिक स्तर के अंत में बच्चों के कार्यनिष्पादन का अध्ययन किया जा सके। विकसित की गई मदों का चार कार्यशालाओं में पुनरीक्षण किया गया, ताकि कक्षा VII और VIII के लिए पाठ्यचर्या के चार क्षेत्रों, अर्थात गणित, विज्ञान, सामाजिक अध्ययन और भाषाओं के बारे में तीन समानान्तर सेट (हिंदी और अंग्रेजी दोनों में) तैयार किए जा सकें। विभिन्न राज्यों के लिए परीक्षाओं की प्रासंगिकता को बनाए रखने के लिए राज्यों की पाठ्यचर्या के अनुसार अंतर का पता लगाया गया और संबंधित राज्यों की पाठ्यचर्या से तुलनीय प्रतिस्थापन मदें विकसित की गईं। कक्षा VII और VIII के लिए उपर्युक्त चार विषयों में उपलब्धियों की परीक्षा के तीन समानान्तर सेट अन्तिम रूप से तैयार किए गए। हिंदी और अंग्रेजी माध्यम के अलावा, इन उपलब्धि परीक्षाओं का तेरह क्षेत्रीय भाषाओं में भी अनुवाद/अनुकलन किया गया। बाद में आजमाइश के लिए 26 राज्यों और 2 संघ राज्य क्षेत्रों में से प्रत्येक राज्य/संघ राज्य क्षेत्र में नमूने के 300 विद्यार्थियों की ये उपलब्धि परीक्षाएं ली गईं।

प्रश्न बैंक

केरल राज्य के अध्यापकों के उपयोग के लिए +2 स्तर पर गणित के बारे में एक प्रश्न बैंक विकसित किया गया।

प्रशिक्षण और विस्तार

राज्यों के संसाधन व्यक्तियों की क्षमता का निर्माण

शैक्षिक मूल्यांकन, प्रश्नपत्र तैयार करने, निरंतर और व्यापक मूल्यांकन और ग्रेड प्रदान करने के बारे में मुख्य संसाधन व्यक्तियों की क्षमता के निर्माण के लिए कई प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य विभिन्न विषय-क्षेत्रों में विद्यार्थियों के कौशलों और योग्यताओं की जांच करने की क्षमता का निर्माण करना है। ये कार्यक्रम निम्नलिखित हैं :


- गोवा के स्कूल शिक्षा बोर्ड की विषय समिति के सदस्यों, अध्यापकों, अध्यापक-प्रशिक्षकों को निरन्तर और व्यापक मूल्यांकन और ग्रेडिंग की अवधारणाओं से परिचित कराया गया।
- मिजोरम के स्कूल शिक्षा बोर्ड के प्रश्नपत्र तैयार करने वाले व्यक्तियों, परीक्षकों और मॉडरेटरों को संतुलित प्रश्नपत्र विकसित करने के बारे में अभिविन्यस्त किया गया। प्रशिक्षण में शैक्षिक उद्देश्यों के आधार पर भिन्न प्रकार के प्रश्न निर्धारित करने, और डिजाइन तथा ब्लू प्रिंट के आधार पर संतुलित प्रश्नपत्र तैयार करने और इसके अलावा विस्तृत मार्किंग स्कीम तैयार करने के लिए प्रशिक्षण देने पर ध्यान केंद्रित किया गया था। इसके अतिरिक्त, अंग्रेजी, मिजो, विज्ञान, समाज विज्ञान और गणित के विषय-क्षेत्रों में नमूने के प्रश्नपत्र विकसित किए गए।
- उड़ीसा के माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के प्रश्नपत्र निर्धारित करने वाले व्यक्तियों और मॉडरेटरों

का संतुलित प्रश्नपत्र निर्धारित करने के बारे में 5-दिवसीय अभिविन्यास किया गया। बोर्ड के इस्तेमाल के लिए गणित, विज्ञान और समाज विज्ञान के विषयों के नमूने के प्रश्नपत्रों के दो-दो सेट और अंग्रेजी और उड़िया भाषा के लिए एक-एक सेट विकसित किए गए।

- असम की उच्च माध्यमिक शिक्षा परिषद के प्रश्नपत्र तैयार करने वाले व्यक्तियों का संतुलित प्रश्नपत्र तैयार करने के बारे में अभिविन्यास किया गया। भौतिकी, रसायन विज्ञान, गणित, शिक्षा वाणिज्य और असमिया भाषा के विषय-क्षेत्रों के नमूने के प्रश्नपत्र विकसित किए गए।
- उपलब्धि सर्वेक्षण के लिए उपर्युक्त मदों का चुनाव करने और जिलों, ग्रामीण ब्लॉकों तथा शहरी क्षेत्रों और स्कूलों के सैम्पल बनाने के लिए एस.सी.ई.आर.टी./एस.आई.ई./डी.ई.आर.टी. के राज्य समन्वयकर्ताओं के लिए एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान परीक्षा लेने की प्रक्रिया और अन्य संबंधित क्रियाकलापों के बारे में विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।
- कर्नाटक राज्य के अध्यापकों के लिए टी.सी.एच. में प्रश्नपत्र सेट करने के बारे में एक अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- मध्य प्रदेश की डी.आई.ई.टी. के संकाय के लिए एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य ध्यान कार्यक्रम मूल्यांकन की विभिन्न तकनीकों पर केंद्रित था।
- मध्य प्रदेश राज्य की डी.आई.ई.टी. के संकाय के लिए प्रश्नपत्र निर्धारित करने की तकनीकों के बारे में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- प्रशिक्षण कार्यक्रमों की योजना बनाने और उनके मूल्यांकन के बारे में कर्नाटक राज्य की डी.आई.ई.टी. के संकाय के लिए एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें 40 व्यक्तियों ने भाग लिया।
- लक्षद्वीप के उच्च प्राथमिक स्तर के अध्यापकों के लिए शैक्षिक मूल्यांकन के बारे में एक प्रशिक्षण कार्यक्रम लक्षद्वीप में आयोजित किया गया।

स्कूल शिक्षा बोर्डों के सभापतियों का सम्मेलन

परीक्षा के क्षेत्र में नवाचारों और अनुभवों का आदान-प्रदान करने, बोर्डों और एन.सी.ई.आर.टी. के बीच की कड़ियों को मजबूत बनाने और ग्रेडिंग सहित परीक्षा-सुधार से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करने के लिए स्कूल शिक्षा बोर्डों के सभापतियों का एक सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में सभापतियों और 21 बोर्डों के सचिवों अथवा उनके



शिक्षा बोर्डों के सभापतियों का बारहवां सम्मेलन (19-20 सितंबर 2001)

प्रतिनिधियों ने भाग लिया। परीक्षा सुधार से संबंधित मुद्दों पर विस्तारपूर्वक विचार-विमर्श किया गया और सम्मेलन में भाग लेने वाले व्यक्तियों द्वारा निम्नलिखित के बारे में सिफारिशें की गईं : (i) सी.सी.ई. (ii) ग्रेडिंग, (iii) समेस्टर प्रणाली (iv) सार्वजनिक परीक्षाओं में पारदर्शिता, (v) परीक्षा की प्रक्रिया में सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग, और (vi) बोर्डों की क्षमता का निर्माण।

माध्यमिक शिक्षा में सार्वभौम गुणवत्ता की कार्यनीतियों की योजना बनाने के लिए सम्मेलन

इस सम्मेलन में मूल्यांकन से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई और बोर्ड की परीक्षा में ग्रेड का उपयोग करने की वकालत की गई। यह भी निर्णय लिया गया कि एन.सी.ई.आर.टी. द्वारा बोर्डों को सभी संभव तकनीकी सहायता दी जा सकती है।

विद्यालयी शिक्षा के लिए राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा 2002 में मूल्यांकन संबंधी सरोकार

सिक्किम राज्य के 42 उच्च स्तरीय शैक्षिक योजना-निर्माताओं, प्रशासकों और शिक्षकों को ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य और पाठ्यचर्या के नवीकरण के अंतर्निहित महत्व से सुपरिचित कराने का एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान चर्चा के मुख्य मुद्दे थे : एन.सी.एफ.एस.ई. की मुख्य विशेषताएं, पाठ्यचर्या और मूल्यांकन संबंधी सरोकार, परिवर्तित स्थिति में प्रणाली प्रबंध। प्रत्येक प्रस्तुतीकरण के बाद प्रश्नोत्तरों का सत्र आयोजित किया गया। पाठ्यचर्या नवीकरण और विद्यालयी शिक्षा के विभिन्न स्तरों पर प्रस्तावित मूल्यांकन के बारे में प्रतिनिधियों के मन में जो बहुत से संदेह थे, उनका निवारण किया गया। पाठ्यचर्या के बोझ को कम करने, +2 स्तर पर समेस्टर प्रणाली लागू करने, विभिन्न शैक्षिक और मूल्यांकन अभिकरणों के बीच नेटवर्किंग की व्यवस्था करने, प्रणाली के प्रबंध के लिए संसाधन जुटाने से संबंधित मुद्दों का प्रतिनिधियों द्वारा स्वागत किया गया और सराहना की गई। राज्य द्वारा संकल्प लिया गया कि इसी प्रकार के कार्यक्रम राज्य के चार क्षेत्रों में आयोजित किए जाएंगे और बाद में, एन.सी.एफ.एस.ई. के क्रियान्वयन के उद्देश्य से अध्यापक-प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

वर्ष 2001-2002 के दौरान प्रकाशित रिपोर्टें और अन्य सामग्री

- शैक्षिक मूल्यांकन के बारे में एस.सी.ई.आर.टी. के कार्मिकों की क्षमता का निर्माण (फोटोकापी)
- प्रवेश के लिए ग्रेडों के उपयोग के बारे में रिपोर्ट (फोटोकापी)
- प्रवेश के लिए ग्रेडों का उपयोग
- स्कूल शिक्षा बोर्डों के सभापतियों के 12वें सम्मेलन की रिपोर्ट (फोटोकापी)
- भाषाओं, गणित और पर्यावरणिक विज्ञान के बारे में उपलब्धि परीक्षा - कक्षा V
- वाणिज्य के विषय में नैदानिक परीक्षा मदें (फोटोकापी)
- सेवाकालीन कार्यक्रमों के मूल्यांकन के साधनों का विकास (फोटोकापी)
- मुख्य संसाधन व्यक्तियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों की मूल्यांकन संबंधी हस्त पुस्तिका (फोटोकापी)
- असम के डी.पी.ई.पी. के चरण-I के जिलों में शैक्षिक हस्तक्षेपों का मूल्यांकन
- आंध्र प्रदेश में गणित, भौतिकी और जीव विज्ञान की इंटरमीडिएट पाठ्यपुस्तकों का मूल्यांकन (कंप्यूटर द्वारा मुद्रित)
- कक्षा V और VI के विद्यार्थियों की अधिगम संबंधी कठिनाइयों के स्वरूप और निवारक अध्ययन विकसित करने के बारे में अध्ययन (फोटोकापी)
- सेवाकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रमों की योजना बनाना, उनकी तैयारी और उनका मूल्यांकन (कंप्यूटर द्वारा मुद्रित)

10

शैक्षिक मनोविज्ञान

शैक्षिक मनोविज्ञान, मार्गदर्शन और परामर्श के विषयों के अनुप्रयोग द्‌वारा विद्‌यालयी शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करना एन.सी.ई. आर.टी. का एक प्रमुख कार्य है। देश में मार्गदर्शन और परामर्श के एक नोडल अभिकरण के रूप में, एन.सी.ई.आर.टी. विद्‌यालयों को ये सेवाएँ प्रदान करने में राज्य स्तर के अभिकरणों की सहायता करती रही है।

शैक्षिक मनोविज्ञान

शैक्षिक मनोविज्ञान, मार्गदर्शन और परामर्श के विषयों के अनुप्रयोग द्वारा विद्यालयी शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करना एन.सी.ई.आर.टी. का एक प्रमुख कार्य है। देश में मार्गदर्शन और परामर्श के एक नोडल अभिकरण के रूप में, एन.सी.ई.आर.टी. विद्यालयों को ये सेवाएँ प्रदान करने में राज्य स्तर के अभिकरणों की सहायता करती रही है।

अनुसंधान

कक्षा XII की मनोविज्ञान की पाठ्यपुस्तक का मूल्यांकन

विद्यार्थियों, अध्यापकों और समीक्षकों से फीडबैक प्राप्त करके कक्षा XII की "बेहतर जीवन के लिए मनोविज्ञान" नामक मनोविज्ञान की मौजूदा पाठ्यपुस्तक का मूल्यांकन अध्ययन किया गया, ताकि एक नई पाठ्यपुस्तक तैयार की जा सके।

विकास

वरिष्ठ माध्यमिक स्तर के लिए मनोविज्ञान की पाठ्यचर्या और कक्षा XI के लिए मनोविज्ञान की पाठ्यपुस्तक तैयार करना

वरिष्ठ माध्यमिक स्तर के लिए मनोविज्ञान की नई पाठ्यचर्या के विकास से संबंधित कार्य किया गया। इसके बाद कक्षा XI के लिए मनोविज्ञान की पाठ्यपुस्तक के विभिन्न अध्यायों की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया गया। ये अध्याय विभिन्न लेखकों द्वारा लिखे गए थे, जिनका बाद में विशेषज्ञों द्वारा पुनरीक्षण किया गया। +2 स्तर पर मनोविज्ञान की शिक्षा देने वाले अध्यापकों से फीडबैक भी प्राप्त किया गया। विशेषज्ञों और अध्यापकों से प्राप्त टिप्पणियों और सुझावों के आधार पर, लेखकों द्वारा अध्यायों को अंतिम रूप दिए जाने से पहले, उनके अपेक्षित सुधार किए गए। इन अध्यायों को अंतिमतः संपादकों के एक समूह द्वारा संपादित किया गया। कक्षा XI के लिए मनोविज्ञान की पाठ्यपुस्तक की हस्तलिपि के अंग्रेज़ी संस्करण 'इंट्रोडक्शन टू साइकोलॉजी पार्ट-I' को छाप दिया गया है। कक्षा XI के लिए मनोविज्ञान की पाठ्यपुस्तक का हिंदी संस्करण मुद्रणाधीन है।

प्रशिक्षण

मार्गदर्शन और परामर्श के बारे में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम

मार्गदर्शन और परामर्श के स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम को अजमेर, भोपाल, भुवनेश्वर और मैसूर में स्थित चार क्षेत्रीय शिक्षा संस्थानों द्वारा मान्यता दी जाती रही।

मार्गदर्शन और परामर्श के बारे में अल्पकालीन कार्यक्रम

पांडिचेरी में उच्चतर माध्यमिक स्कूलों के प्रिंसिपलों के लिए मार्गदर्शन और परामर्श संबंधी एक अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। बिहार, उड़ीसा और असम राज्यों के लिए भी व्यावसायिक मार्गदर्शन और परामर्श का एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

विस्तार

शैक्षिक और मनोवैज्ञानिक परीक्षाओं का राष्ट्रीय पुस्तकालय

एम.ई./एम.टैक	08
एम.डी./एम.एस.	32
एम.बी.ए.	08
एम.सी.ए.	07
पीएच.डी.	01
जोड़	**4315**

वर्ष 2001-2002 के दौरान व्यय		
1.	छात्रवृत्तियों का वितरण	रुपये 97,81,500
2.	एन.टी.एस. परीक्षा का आयोजन	रुपये 13,78,659
	जोड़	रुपये 1,11,60,159

बैंक के लिए अंतिम रूप दिया गया। इन आइटमों के समूह में से 'मैट' के तीन परीक्षण तैयार किए गए। दूसरी कार्यशाला सात विषय-क्षेत्रों में सैट आइटमों के अनुशोधन के लिए आयोजित की गईं। 'सैट' में आइटम पूल के लिए गणित, भौतिकी, रसायन विज्ञान, जीवविज्ञान, इतिहास और भूगोल तथा नागरिक शास्त्र में काफी बड़ी संख्या में आइटमों का अनुशोधन किया गया और तीन समानांतर परीक्षण तैयार किए गए।

वर्ष 2001-2002 के दौरान प्रकाशित रिपोर्टें और अन्य सामग्री

- प्रोफाइल्स ऑफ नेशनल टेलेंट सर्च अवार्डीज़ ऑफ दि ईयर 2001-2002 (फोटोकापी)
- ए स्टडी ऑफ कंस्ट्रक्ट वैलिडिटी ऑफ एन.टी.एस. टेस्ट्स 2000 (फोटोकापी)
- एन ऐप्रेजल ऑफ नेशनल टेलेंट सर्च टेस्ट्स 2001 (फोटोकापी)

17

शैक्षिक अनुसंधान को प्रोत्साहन

विद्यालयी शिक्षा में गुणात्मक सुधार के लिए शैक्षिक अनुसंधान और अनुसंधान-आधारित नीतिगत परिप्रेक्ष्यों को बढ़ावा देना एन.सी.ई.आर.टी. का एक महत्त्वपूर्ण सरोकार है। अन्य कार्यों में शामिल हैं : सांस्थानिक अनुसंधान क्षमताओं का विकास और सुदृढ़ीकरण, शैक्षिक अनुसंधान से जुड़े कार्मिकों व हिताधिकारियों तक इन्हें पहुंचाने के लिए संप्रेषण के माध्यम प्रदान करना।

शैक्षिक अनुसंधान को प्रोत्साहन

विद्यालयी शिक्षा में गुणात्मक सुधार के लिए शैक्षिक अनुसंधान और अनुसंधान-आधारित नीतिगत परिप्रेक्ष्यों को बढ़ावा देना एन.सी.ई.आर.टी. का एक महत्वपूर्ण सरोकार है। इस क्षेत्र के मुख्य कार्यों में शामिल हैं– (i) विश्वविद्यालयों, संस्थाओं और एन.सी.ई.आर.टी. के संघटकों से संबद्ध अनुसंधानकर्ताओं की अनुसंधान परियोजनाओं का वित्तपोषण करना, (ii) सांस्थानिक अनुसंधान क्षमताओं का विकास और सुदृढ़ीकरण, (iii) विद्यालयी शिक्षा के क्षेत्र में सूचना से संबंधित शैक्षिक अनुसंधान का प्रचार, तथा (iv) शैक्षिक अनुसंधान से जुड़े कार्मिकों व हिताधिकारियों तक इन्हें पहुंचाने के लिए संप्रेषण के माध्यम प्रदान करना और अनुसंधान के निष्कर्षों तथा शिक्षा प्रणाली पर इनके प्रभाव के संबंध में फीडबैक प्राप्त करना। एन.सी.ई.आर.टी. की एक स्थायी समिति शैक्षिक अनुसंधान और नवाचार समिति (एरिक) विद्यालय व अध्यापक शिक्षा के प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों में अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए प्रेरणा स्रोत के रूप में काम करती है तथा सहायता प्रदान करती है। इस समिति के सदस्यों में विश्वविद्यालयों तथा अनुसंधान संस्थाओं के शिक्षा और संबद्ध विषयों के अध्यक्ष तथा अनुसंधानकर्ता और एस.आई.ई./एस.सी.ई.आर.टी. के प्रतिनिधि शामिल हैं। परियोजनाओं के वित्तपोषण, अनुसंधान के लिए क्षमता-निर्माण करने और अनुसंधान के निष्कर्षों के प्रसार के लिए वर्ष 2001-2002 के दौरान किए गए कार्यकलाप और उनके परिणाम संक्षेप में नीचे के खंड में प्रस्तुत किए गए हैं।

एरिक द्वारा वित्तपोषित अनुसंधान परियोजनाएँ

वर्ष 2001-2002 के दौरान एरिक द्वारा वित्तपोषित 16 अनुसंधान परियोजनाएं पूरी हो गईं और 40 पर काम चल रहा था। अध्ययन का शीर्षक, अनुसंधानकर्ताओं के नाम तथा पूर्ण हो चुकी और चल रही परियोजनाओं के साथ उनकी सांस्थानिक संबद्धता का ब्यौरा नीचे दिया जा रहा है:

(i) पूर्ण हो चुकी अनुसंधान परियोजनाएं

क्र.सं.	*अध्ययन का शीर्षक*	*प्रधान शोधकर्ता*
1.	राज्यों में व्यावसायिक मार्गदर्शन पर संदर्भिका बेंचमार्क सर्वेक्षण	डा. (श्रीमती) किरण माथुर पी.एस.एस.सी.आई.वी.ई., भोपाल
2.	प्रारंभिक स्तर (कक्षा VI, VII, VIII) पर विज्ञान के अध्यापन के प्रति एकीकृत दृष्टिकोणः एक मॉडल का विकास	डा. एम.के. सतपथी, आर.आई.ई. भुवनेश्वर
3.	शिक्षा महाविद्यालयों में प्रशिक्षण के निष्कर्षों पर महत्वपूर्ण सांस्थानिक तथा आनुदेशिक परिवर्तों के प्रभाव का अध्ययन	डा. अरुण के. गुप्ता जम्मू
4.	जन्मजात नेत्रहीन बच्चों में हस्त और कार्य प्रशिक्षण	डा. मिरियम इटियेरा दिल्ली विश्वविद्यालय
5.	पठन संबंधी कठिनाइयों से छात्रों को अवगत कराना और कक्षा-अनुदेशों के लिए सुधारात्मक उपायों का विकास	डा. एन.एस. भारती आर.आई.ई., भुवनेश्वर
6.	विषय-क्षेत्रों के संबंध में मूल्यों का विकास करने के लिए नवाचारात्मक तरीके	डा. एच.के. सेनापति आर.आई.ई., भुवनेश्वर
7.	बालकों और बालिकाओं द्वारा मैकेनिक्स में संकल्पनाओं की विभेदक शिक्षा प्राप्ति-स्कूली वर्षों की केस स्टडी	डा. (श्रीमती) माधुरी महापात्र आर.आई.ई., भुवनेश्वर

क्र.सं.	अध्ययन का शीर्षक	प्रधान शोधकर्ता
8.	ग्रेड V में पढ़ रहे सुविधा-वंचित बच्चों के बीच अंकगणितीय समस्या समाधान में कठिनाइयों का विश्लेषण	डा. रमा एस. तथा डा. गौरम्म आई.पी., आर.आई.ई., मैसूर
9.	पठन-वैकल्य वाले बच्चों का भाषा संबंधी विकार कम करने में विभिन्न उपचारी उपायों की तुलना	डा. तेहल कोहली पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़
10.	सोलो टैक्सोनॉमी और बोर्ड की परीक्षाओं द्वारा शिक्षुओं की शैक्षिक उपलब्धि का आकलन : एक तुलनात्मक अध्ययन	डा. रणजीत बसु भारतीय जैव व्यवहार विज्ञान संस्थान कोलकाता
11.	आदिवासी बच्चों के विज्ञान सीखने पर मनोवैज्ञानिक-सामाजिक कारकों का प्रभाव	डा. (श्रीमती) एम. महापात्र वरिष्ठ प्रवक्ता, आर.आई.ई., भुवनेश्वर
12.	भारत में व्यापार और वाणिज्य-आधारित व्यावसायिक पाठ्यक्रम उत्तीर्ण करने वाले व्यक्तियों की स्थिति का अध्ययन	डा. ए. पालानिवेल पी.एस.एस.सी.आई.वी.ई., भोपाल
13.	बच्चों के प्रक्रियात्मक तथा संकल्पनात्मक ज्ञान के बीच की खाई को भरना तथा पाठ्यक्रम संबंधी अपेक्षाएं	प्रो. ए.बी. सक्सेना आर.आई.ई., अजमेर
14.	विभिन्न विषय-क्षेत्रों के माध्यमिक विद्यालयों के अध्यापकों की प्रकार्यात्मक क्षमताओं की वर्गिकी/टैक्सोनॉमी जिनसे राष्ट्रीय पाठ्यक्रम की रूपरेखा के लिए विचार-विमर्श संबंधी दस्तावेज में व्यक्त किए गए कार्यों को लागू करने की अपेक्षा की जाती है।	डा. बी.एन. पांडा आर.आई.ई. भुवनेश्वर
15.	पाइएजेशियन विकासात्मक अवस्था के माध्यम से बच्चों के विकास को निरूपित करने वाले गणितीय मॉडल को तैयार करना	डा. जे.के. महापात्र आर.आई.ई., भुवनेश्वर
16.	शहरी निर्धन बच्चों के शिक्षण की समस्या (बालिकाओं के विशेष संदर्भ में)	डा. एस.के. पंत जी.बी. पंत सामाजिक विज्ञान संस्थान, इलाहाबाद

(ii) चल रहे अनुसंधान अध्ययन

क्र.सं.	अध्ययन का शीर्षक	प्रधान शोधकर्ता
1.	विभिन्न राज्यों में सामान्य आधारभूत पाठ्यक्रमों के कार्यान्वयन का तुलनात्मक अध्ययन	डा. डी.पी. सिंह पी.एस.एस.सी.आई.वी.ई., भोपाल
2.	माध्यमिक व्यावसायिक स्कूलों में स्कूल-उद्योग सहलग्नता की स्थापना-क्रियात्मक अनुसंधान	डा. सौरभ प्रकाश पी.एस.एस.सी.आई.वी.ई., भोपाल
3.	व्यावसायिक शिक्षा के संदर्भ में शहरी और ग्रामीण समुदायों की बालिकाओं की आजीविका संबंधी महत्वाकांक्षाएं	डा. श्रीमती पूनम अग्रवाल जी.बी. पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर (उत्तरांचल)
4.	दक्षिण क्षेत्र में प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों द्वारा अपेक्षित अध्यापक शिक्षा संस्थाओं द्वारा प्रदान किए गए तथा शिक्षक छात्र द्वारा चुने गए विशेषज्ञता विषयों का अध्ययन	डा. के. डोरास्वामी आर.आई.ई., मैसूर

क्र.सं.	अध्ययन का शीर्षक	प्रधान शोधकर्ता
5.	महाराष्ट्र की व्यावसायिक संस्थाओं में स्कूल-उद्योग सहलग्नता की स्थिति अध्ययन	डा. आसफा एम. यासीन पी.एस.एस.सी.आई.वी.ई., भोपाल
6.	कृषि में व्यावसायिक अध्ययन-अध्यापन की स्थिति और प्रभावकारिता का तुलनात्मक अध्ययन	डा. वी.एस. मेहरोत्रा पी.एस.एस.सी.आई.वी.ई., भोपाल
7.	पंजाब में अंतःकार्य प्रशिक्षण के कार्यान्वयन तथा व्यावसायिक छात्रों पर इसके प्रभाव के संबंध में अध्ययन	डा. ब्रजयंती देवी पी.एस.एस.सी.आई.वी.ई., भोपाल
8.	संकल्पना मानचित्रण का विज्ञान उपलब्धि, संज्ञानात्मक कौशलों तथा छात्रों की अभिवृत्ति पर प्रभाव	डा. मंजुला पी. राव क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, मैसूर
9.	चुनिंदा राज्यों में व्यावसायिक पाठ्यचर्या और शिक्षण सामग्री की गुणवत्ता और स्तर का तुलनात्मक मूल्यांकन	डा. मृदुला पी.एस.एस.सी.आई.वी.ई., भोपाल
10.	प्राथमिक स्कूल के बच्चों में भावात्मक बुद्धिमत्ता की पहचान और इसका पोषण-एक अन्वेषण	डा. अंजुम सिबिया डी.ई.पी.एफ.ई., एन.सी.ई.आर.टी.
11.	महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण पर गृहविज्ञान के व्यावसायिक पाठ्यक्रमों का महत्त्व	डा. पिंकी खन्ना पी.एस.एस.सी.आई.वी.ई., भोपाल
12.	10+2 स्तर के विद्यार्थियों में व्यावसायिक कौशलों के विकास में शिक्षक की भूमिका	डा. वी.के. जैन पी.एस.एस.सी.आई.वी.ई., भोपाल
13.	उच्चतर माध्यमिक स्तर पर पढ़ रहे वाणिज्य के छात्रों में उद्यमिता की भावना के प्रभाव क्षेत्र के मूल्यांकन का अध्ययन	डा. शिप्रा वैद्या एन.सी.ई.आर.टी.
14.	कक्षा आठ में द्वितीय भाषा के रूप में अंग्रेजी सीखने के संदर्भ में कंप्यूटर सहायता प्राप्त भाषा अध्ययन और परीक्षण की प्रभावकारिता	डा. एन. बालसुब्रमण्यन भारतियार विश्वविद्यालय कोयम्बतूर
15.	शिक्षक रणनीति, शिक्षक भागीदारी और स्कूल उपलब्धि	डा. बी. सुलोचना रेड्डी उस्मानिया विश्वविद्यालय, हैदराबाद
16.	सूचना प्रसंस्करण पद्धति के माध्यम से भौतिकी में समस्या हल करने की योग्यता का विकास	डा. एस. मोहन अलगप्पा विश्वविद्यालय, करायकुडी
17.	आंध्रप्रदेश और महाराष्ट्र के आदिवासी क्षेत्रों में आश्रम विद्यालयों की कार्यप्रणाली का अध्ययन	डा. पी. सुधाकर रेड्डी एस.वी. विश्वविद्यालय, तिरुपति
18.	शैशवकालीन अध्यापक शिक्षा कार्यक्रमों का मूल्यांकन तथा परिप्रेक्ष्य योजनाओं का सुझाव देना	प्रो. एस.पी. मल्होत्रा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र
19.	ग्रामीण क्षेत्रों में चयनित भौतिकी संकल्पनाओं में निदर्शनात्मक शिक्षण के प्रभावकारी मॉडलों का विकास	डा. गौरी शंकर राय रावेनशा कालेज, कटक
20.	किशोर आत्महत्या विचारण का मनोविकृति विज्ञान	प्रो. वी.वी. उपमन्यु पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़
21.	शैक्षिक पत्रिकाओं के माध्यम से प्राथमिक शिक्षकों में स्वाध्यायी कौशलों का विकास	प्रो. पी.जी. पटेल निदेशक जी.आई.आर.ई.डी., गुजरात

क्र.सं.	अध्ययन का शीर्षक	प्रधान शोधकर्ता
22.	शिक्षकों की प्रभावकारिता में सुधार के लिए सेवाकालीन अध्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम	डा. (श्रीमती) उषा खरे ज्ञान प्रबोधिनी संशोधन संस्थान, पुणे
23.	ग्रामीण समुदाय के लिए महिला शिक्षा कार्यक्रमों में महिला स्वास्थ्य कार्मिकों की भागीदारी की संभावना का अध्ययन	डा. (श्रीमती) पी. माथुर आई.आई.टी., दिल्ली
24.	शैक्षिक दृष्टि से पिछड़े बच्चों के अध्ययन और गृहकार्य व्यवहारों के सुधार से जुड़ी अभिभावक प्रशिक्षण तकनीकों का व्यवहारात्मक विश्लेषण और संशोधन	डा. संध्या सिंह कौशिक बी.एच.यू., वाराणसी
25.	वाराणसी के जूनियर हाईस्कूल छात्रों में वैज्ञानिक मनोवृत्ति का अध्ययन	प्रो. वी.के. दुबे बी.एच.यू., वाराणसी
26.	भारत में स्कूली शिक्षकों के व्यावसायिक विकास के लिए नवाचारी संस्थाएं एवं उनके कार्यक्रम	प्रो. मोहम्मद मियां निदेशक (डी.ई.पी.-डी.पी.ई.पी.), इग्नू, नई दिल्ली
27.	जीवन विज्ञान के माध्यम से मूल्यों का विकास-एक प्रयोगात्मक अध्ययन	डा. हेमलता तलेसरा राजस्थान शैक्षिक प्रशासन एवं प्रबंध परिषद्, उदयपुर
28.	उत्तर प्रदेश में माध्यमिक स्तरों पर जीव विज्ञान शिक्षा में स्थानीय संसाधनों की प्रभावकारिता	प्रो. जी.एस. पालीवाल एच.एन.बी. गढ़वाल विश्वविद्यालय श्रीनगर (पौड़ी), उत्तरांचल
29.	महिला कालेज/विश्वविद्यालय छात्रों के साथ प्रयोग के लिए कैरियर परिपक्वता सूची का विकास	डा. (श्रीमती) अर्चना शुक्ला लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ
30.	6-8 आयु वर्ग के बच्चों के संज्ञानात्मक विकास पर घरेलू वातावरण का प्रभाव	डा. सुधा भोगले बंगलौर विश्वविद्यालय, बंगलौर
31.	शिक्षकों में बर्नआउट सिंड्रोम पर कार्यानुभव का प्रभाव	डा. उमा रंगन उस्मानिया विश्वविद्यालय, हैदराबाद
32.	महिला शिक्षकों में बर्नआउट घटाना	प्रो. नीलिमा मिश्रा लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ
33.	माध्यमिक स्कूलों में सामाजिक दृष्टि से उपयोगी उत्पादक कार्य-एक प्रायोगिक अध्ययन	डा. ए.बी. पाठक उदयपुर
34.	सुविधावंचित वर्गों के बच्चो में गणित में तार्किक चिंतन के क्रम का अध्ययन	डा. एच.एम. काशीनाथ धारवाड़
35.	अध्यापकों और छात्रों के बीच शाश्वत मूल्यों पर अष्टांग योग के प्रभाव का अध्ययन	डा. के.जी. प्रसाद राजू धीरु सुमारु डब्ल्यू.जी., आंध्र प्रदेश
36.	मूल्य शिक्षा के लिए घर और स्कूल के बीच सहयोग के लिए रूपात्मकताओं का विकास	डा. सुबीर चौधरी कोलकाता
37.	भारतीय संविधान में वर्णित मूल कर्तव्यों में अंतर्निहित मूल्यों को बढ़ावा देने वाले स्कूली कार्यकलापों का अध्ययन	डा. एस.एस. श्रीवास्तव लखनऊ

क्र.सं.	अध्ययन का शीर्षक	प्रधान शोधकर्ता
38.	प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालय के अध्यापकों के बीच भारतीय संविधान में अंतर्निहित मूल्यों के प्रति जागरूकता और निष्ठा का अध्ययन	डा. कल्पलता पांडे वाराणसी, उत्तर प्रदेश
39.	अभिप्रेरणा के माध्यम से अभावग्रस्त छात्रों के कार्यनिष्पादन में संवर्धन	डा. के.एन. त्रिपाठी भोपाल
40.	माध्यमिक स्कूलों में संपोष्य विकास के लिए शिक्षा को रेखांकित करते हुए पाठ्यक्रम तथा शैक्षणिक मुद्दों के संबंध में अध्यापकों के बोध का अध्ययन	शैक्षिक अनुसंधान और नीतिगत संदर्श विभाग, एन.सी.ई.आर.टी.

(iii) प्रकाशन अनुदान

एरिक, एन.सी.ई.आर.टी. ने डा. (श्रीमती) प्रेमा माथुर, भोपाल को उनका पीएच.डी. का शोध प्रबंध प्रकाशित करवाने के लिए आंशिक अनुदान प्रदान किया। इस शोध प्रबंध का शीर्षक था ''मातृ-पितृत्व की चुनौतियां: मातृक रोजगार और शिशु के मनोवैज्ञानिक विकास के निहितार्थ।''

नीति तथा कार्यक्रम नियोजन के लिए डाटाबेस संबंधी कार्यकलाप

सातवां अखिल भारतीय विद्यालयी शिक्षा सर्वेक्षण (ए.आई.एस.ई.एस.)

एन.सी.ई.आर.टी. शैक्षिक सर्वेक्षणों और विषयात्मक अध्ययनों के माध्यम से सरकारी नीतियों और योजनाओं के निर्माण और पुनरीक्षण के लिए प्रयुक्त होने वाली आधारभूत निविष्टियां (इनपुट) प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। जनगणना विधि में आयोजित किए गए अखिल भारतीय शैक्षिक सर्वेक्षण स्कूली शिक्षा के स्तर और विकास को एक अत्यंत व्यापक फलक प्रदान कर रहे हैं। सातवें अखिल भारतीय विद्यालयी शिक्षा सर्वेक्षण को आंतरिक विचार-विमर्श के उपरांत तैयार किया गया। यह विचार-विमर्श मानव संसाधन विकास मंत्रालय, शिक्षाशास्त्रियों आदि के साथ किया गया। इसकी संदर्भ तिथि 30 सितंबर 2002 है। यह सर्वेक्षण एन.सी.ई.आर.टी., राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र तथा सभी 35 राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जाएगा। पहली बार इस सर्वेक्षण में अमान्यताप्राप्त स्कूलों, ओरियंटल स्कूलों, ई.जी.एस. और ए.आई.ई. स्कीम के अंतर्गत आने वाले स्कूलों/केंद्रों को शामिल किए जाने का प्रस्ताव है। इनके अलावा निशक्तता-वार नामांकन/भर्ती अल्पसंख्यक समुदाय का नामांकन, अवरुद्धता और विरतता (ड्रापआउट) आदि इस सर्वेक्षण की कुछ नई विशेषताएं हैं। यह सर्वेक्षण जनगणना विधि से देश में समस्त ग्रामीण आबादी, कस्बों और स्कूलों को समाहित करते हुए किया जाना है। 7वीं ए.आई.एस.ई.एस. में शामिल की जाने वाली डाटा-मदों को अंतिम रूप देने के लिए 12 फरवरी 2002 को डाटा प्रयोक्ता सम्मेलन आयोजित किया गया।

शैक्षणिक आंकड़ों का सार संग्रह (विद्यालयी शिक्षा)

मानव संसाधन विकास मंत्रालय के आदेश पर शैक्षणिक तथा जनसांख्यिकीय आंकड़ों को, जो विभिन्न संगठनों द्वारा प्रकाशित किए गए थे, संकलित किया गया और राष्ट्रीय स्तर पर प्रवृत्ति या रुझान दर्शाने और राज्यों में परस्पर विसंगतियों को दर्शाने के लिए लिए इन्हें प्रस्तुत किया गया। परियोजना की मसौदा रिपोर्ट 31 दिसंबर 2001 को प्रस्तुत कर दी गई है जो आंकड़ों संबंधी जानकारी प्राप्त करने के साधन के रूप में कार्य करेगी।

विद्यालयी शिक्षा में राज्यों के अध्ययन : स्तर, मुद्दे और भावी परिप्रेक्ष्य

हालांकि एन.सी.ई.आर.टी. ने देश में एक राष्ट्रीय शिक्षा प्रणाली तैयार करने में सक्रिय भूमिका निभाई है तथापि शैक्षणिक संरचना, नीतियों, पहलों, पहुंच, गुणवत्ता और संसाधनों को लेकर राज्यों के बीच व्यापक रूप से विषमताएं मौजूद हैं। कुछ राज्यों में यदि सफलता प्राप्त हुई है तो कुछ अन्य राज्य राष्ट्रीय मानदंडों पर खरा उतरने का अभिप्रयत्न कर रहे हैं। सबके लिए शिक्षा का उद्देश्य अभी भी प्राप्त किया जाना है। उपर्युक्त बातों को ध्यान में में रखते हुए, राज्यों की भावी शिक्षा-योजनाओं को तैयार करने में उनकी मदद करने के लिए, अन्य राज्यों की सफलताओं से सीखने और लाभान्वित होने के लिए विद्यालयी शिक्षा के स्तर, मुद्दों और भावी परिप्रेक्ष्यों की योजना बनाने के लिए अनेक अध्ययन किए गए। ये परियोजनाएं राज्यों में एस.सी.ई.आर.टी./एस. आई.ई. में आधारित हैं। निदेशक, एस.सी.ई.आर. टी./एस.आई.ई. नोडल अधिकारी हैं जो एक राज्य सलाहकार समिति के सर्वोपरि पर्यवेक्षण के अंतर्गत, जिसका अध्यक्ष शिक्षा आयुक्त/सचिव होता है, परियोजना कार्यान्वयन दल की सहायता से अध्ययन करता है। राष्ट्रीय स्तर पर एक राष्ट्रीय सलाहकार समूह, निदेशक, एन.सी.ई.आर.टी. की अध्यक्षता में समय-समय पर परियोजना की प्रगति की समीक्षा करता है और परियोजना के प्रभावी तथा त्वरित कार्यान्वयन के लिए आवश्यक कदम उठाता है। दो प्रश्नावलियों और एक साक्षात्कार अनुसूची सहित आंकड़ा-संग्रहण के साधन परियोजना निदेशकों के परामर्श से राष्ट्रीय सलाहकार समूह द्वारा तैयार किए गए और इन्हें अंतिम रूप भी इसी समूह ने दिया। ये अध्ययन इन राज्यों/संघ राज्यों क्षेत्रो में आरंभ किए गए हैं: आंध्रप्रदेश, असम, अरुणाचल प्रदेश, दिल्ली, गोवा, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, कर्नाटक, केरल, महाराष्ट्र, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, उड़ीसा, पांडिचेरी, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, बिहार, मणिपुर, सिक्किम। उपर्युक्त राज्यों में से आंध्र प्रदेश, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, महाराष्ट्र, मेघालय, राजस्थान, उत्तर प्रदेश के अध्ययन पूर्ण हो चुके हैं और रिपोर्टों को मुद्रण के लिए तैयार किया जा रहा है।

अनुसंधान-क्षमता निर्माण

(i) सामग्री का विकास

उन्नत स्तर के अनुसंधान प्रणाली विज्ञान पाठ्यक्रम के लिए सामग्री

शैक्षिक संदर्भों में यथाप्रयुक्त अनुसंधान प्रणाली विज्ञान में हाल ही में हुए कुछ अत्याधुनिक परिवर्तनों को ध्यान में रखते हुए उन्नत स्तर के अनुसंधान प्रणाली विज्ञान पर एक पाठ्यक्रम आरंभ करने की योजना बनाई गई थी। पाठ्यक्रम के समर्थन में पाठ्यक्रम की विषयवस्तु एक कार्यशाला में अभिनिर्धारित की गई।

प्रस्तावित पाठ्यक्रम में ''आधारभूत विषय' और 'विशेषीकृत विषय' शामिल हैं। आधारभूत विषयों में 9 यूनिट या इकाइयां निहित हैं जो पाठ्यक्रम के सभी सहभागियों को उपलब्ध कराई जाएंगी जबकि विशेषीकृत पाठ्यक्रम पांच हैं जिन्हें पिटक पद्धति (बास्केट एप्रोच) का प्रयोग करते हुए उपलब्ध कराने की योजना है। सहभागी अपनी आवश्यकतानुसार पाठ्यक्रम का चुनाव कर सकते हैं, अर्थात यह ऐच्छिक है और उनकी आवश्यकताओं पर आधारित है। पाठ्यक्रम के लिए तैयार की गई विषयवस्तु के आधार पर विशेषज्ञों से पाठ्यक्रम/प्रशिक्षण सामग्री तैयार करने का अनुरोध किया गया है। कुल मिला कर लगभग 32 इकाइयां (यूनिटें) हैं। अभी तक 7 इकाइयों के मसौदे प्राप्त हो चुके हैं।

कार्रवाई अनुसंधान पर प्रयोक्ता मार्गदर्शिका

प्राथमिक विद्यालयों के अध्यापकों के प्रयोग के लिए कार्रवाई अनुसंधान पर एक प्रयोक्ता मार्गदर्शिका तैयार की गई थी जो अभी मुद्रणाधीन है।

प्रशिक्षण

अनुसंधान प्रणाली विज्ञान पाठ्यक्रम (स्तर I)

एन.सी.ई.आर.टी. ने असम, मेघालय, नागालैंड, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर और मिजोरम के उत्तर-पूर्व राज्यों के 26 डाइट तथा एस.सी.ई.आर.टी. के प्राध्यापकों के लिए एक अनुसंधान प्रणाली विज्ञान पाठ्यक्रम (स्तर I) का आयोजन किया। पाठ्यक्रम कार्यकलाप के एक भाग के रूप में सहभागियों ने अपने-अपने कार्यस्थलों पर अनुसंधान करने के लिए अनुसंधान प्रस्ताव भी तैयार किए।

प्रसार

इंडियन एजुकेशनल रिव्यू (आई.ई.आर.)

आई.ई.आर. एक छमाही संदर्भ पत्रिका है जो एन. सी.ई.आर.टी. की स्थापना के लगभग आरंभिक दशकों से ही प्रकाशित हो रही है। यह पत्रिका अनुसंधानकर्ताओं को अपने नवीनतम शोधपत्र और शोध-अध्ययन प्रकाशित करने का मंच प्रदान करती है। जनवरी 2000, जुलाई 2000 (अंक 36) और जनवरी 2001 (अंक 37) के आई.ई.आर. के तीन अंक प्रकाशित किए गए थे और जुलाई, 2001 (अंक 37) का अंक प्रकाशनाधीन था। जनवरी 2002 (अंक 38) के लिए सामग्री मुद्रणार्थ तैयार कर ली गई थी।

शैक्षिक अनुसंधान तथा भारतीय शैक्षिक सारों का सर्वेक्षण

शैक्षिक अनुसंधान का छठा सर्वेक्षण चल रहा है। 26 क्षेत्रों में प्रवृत्ति रिपोर्टें लिखने के लिए विशेषज्ञों के पैनल को अंतिम रूप दे दिया गया था, उनकी सहमति प्राप्त कर ली गई थी और उन्हें उनका कार्य सौंप दिया गया है। अध्यापक शिक्षा तथा अध्यापक व्यवहार और शिक्षा का इतिहास संबंधी विषयों की प्रवृत्ति रिपोर्टों का मसौदा प्राप्त हो चुका है। वर्ष 2001 (खंड-I) के लिए भारतीय शैक्षिक सारों के प्रथम दो अंक पत्रिका के रूप में प्रकाशित हो गए हैं।

प्रोत्साहन स्कीमों पर राज्य की नीतियां तथा बालिकाओं की भागीदारी में इनका योगदान

एकदिवसीय दो उप-राष्ट्रीय कार्यशालाओं का आयोजन किया गया ताकि यूनेस्को द्वारा वित्त-पोषित उक्त अध्ययन के निष्कर्षों से राज्य, जिला तथा खंड स्तर के उन अधिकारियों को अवगत कराया जा सके जो स्कीमों का कार्यान्वियन कर रहे हैं और उनके सुझाव आमंत्रित किए गए। राज्य सरकार के अधिकारियों तथा राज्य स्तर के गैर-सरकारी संगठनों के प्रतिनिधियों और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधियों ने चेन्नई में आयोजित प्रथम कार्यशाला में भाग लिया जिनकी कुल संख्या 43 थी। राज्य, गैर-सरकारी संगठनों तथा अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के 68 प्रतिनिधियों ने लखनऊ, उत्तर प्रदेश में आयोजित दूसरी कार्यशाला में भाग लिया।

वर्ष 2001-2002 के दौरान प्रकाशित रिपोर्टें और अन्य सामग्री

- कार्रवाई अनुसंधान पर प्रयोक्ता गाइड (फोटोकापी)
- शैक्षिक अनुसंधान का परिचय-नौसिखियों के लिए हैंडबुक (फोटोकापी)
- प्रारंभिक चरण पर एकल-आयुवार नामांकन का प्राक्कलन (मुद्रणाधीन)
- प्राथमिक स्तर पर स्टैगनेशन (प्रगतिरोध) और ड्रापआउट (विरतता) (मुद्रणाधीन)
- विद्यालय के अध्यापकों की रूपरेखा पर एटलस
- प्रोत्साहन स्कीमों पर राज्य नीतियों और बालिकाओं की सहभागिता में इनके योगदान पर उप-राष्ट्रीय कार्यशाला
- 17 अप्रैल 2001 को चेन्नई, तमिलनाडु में आयोजित उप-राष्ट्रीय कार्यशाला (फोटोकापी)
- 8 जून 2001 को लखनऊ, उत्तर प्रदेश में आयोजित उप-राष्ट्रीय कार्यशाला (फोटोकापी)
- शैक्षिक आंकड़ों का सार-संग्रह स्कूली शिक्षा (टंकित)

18

अंतर्राष्ट्रीय संबंध

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् विद्यालयी शिक्षा के क्षेत्र में अन्य देशों के साथ द्विपक्षीय सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम के प्रावधानों को कार्यान्वित करने वाली भारत सरकार की एजेंसी के रूप में कार्य करती है। परिषद् यूनेस्को, 'एपीड', यू.एन.डी.पी. इत्यादि द्वारा प्रायोजित परियोजनाएं और कार्यक्रम संचालित करती है और विद्यालयी शिक्षा के क्षेत्र में विचारों और सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए विदेशी शिष्टमंडलों और विशेषज्ञों के लिए कार्यक्रम आयोजित करती है।

अंतर्राष्ट्रीय संबंध

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् विद्यालयी शिक्षा के क्षेत्र में अन्य देशों के साथ द्विपक्षीय सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम के प्रावधानों को कार्यान्वित करने वाली भारत सरकार की एजेंसी के रूप में कार्य करती है। परिषद् यूनेस्को, 'एपीड', यू.एन.डी.पी. इत्यादि द्वारा प्रायोजित परियोजनाएं और कार्यक्रम संचालित करती है और विद्यालयी शिक्षा के क्षेत्र में विचारों और सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए विदेशी शिष्टमंडलों और विशेषज्ञों के लिए कार्यक्रम आयोजित करती है। परिषद् यूनेस्को, यू.एन.डी.पी., यूनीसेफ इत्यादि के तत्वावधान में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठियों, कार्यशालाओं, परिसंवादों, बैठकों और प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए अपने संकाय-सदस्यों को प्रायोजित करती है। परिषद् विद्यालयी शिक्षा के क्षेत्र में विदेशी राष्ट्रों के लिए लघु अवधि के सेवाकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाती है। यह भारत में विद्यालयी शिक्षा के विभिन्न पहलुओं पर विभिन्न देशों, संगठनों और अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों को सूचना भी उपलब्ध कराती है।

द्विपक्षीय सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम

भारत सरकार द्वारा कार्यान्वित किए जा रहे द्विपक्षीय सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रमों के अंतर्गत पाठ्यपुस्तकों, संदर्शिकाओं और अनुपूरक पुस्तकों जैसी शैक्षिक सामग्री/सूचना विभिन्न देशों को भेजी जाती है और उनसे प्राप्त की जाती है। सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रमों के अंतर्गत पाठ्यचर्या के क्षेत्र में काम करने वाले विशेषज्ञ एक-दूसरे के देश का दौरा करते हैं। सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रमों के तहत प्राप्त सामग्री को परिषद् के पुस्तकालय, प्रलेखन और सूचना प्रभाग में स्थित अंतर्राष्ट्रीय संसाधन केंद्र में प्रदर्शित किया जाता है।

यूनेस्को द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम

वर्ष 2001-2002 के दौरान निम्नलिखित यूनेस्को प्रायोजित कार्यक्रम आयोजित किए गए :

पाठ्यचर्या परिवर्तन के प्रबंध पर उप-क्षेत्रीय अभिविन्यास पाठ्यक्रम

'सार्क' क्षेत्र में सर्व शिक्षा अभियान के लिए पाठ्यचर्या परिवर्तन के प्रबंध विषय पर, यूनेस्को, नई दिल्ली और आई.बी.ई., जेनेवा की सहायता से 11 से 23 फरवरी, 2002 तक 12-दिवसीय एक उप-क्षेत्रीय अभिविन्यास पाठ्यक्रम का आयोजन किया गया। भूटान, भारत, मालदीव, श्रीलंका से आए उच्च कोटि के प्रशासकों और पाठ्यचर्या का विकास व



उच्च कोटि के प्रशासकों, पाठ्यचर्या का विकास व कार्यान्वियन और मूल्यांकन करने वालों के लिए सर्व शिक्षा अभियान के लिए पाठ्यचर्या परिवर्तन के प्रबंध विषय पर उप-क्षेत्रीय अभिविन्यास पाठ्यक्रम के उद्घाटन समारोह का दृश्य

कार्यान्वयन और मूल्यांकन करने वालों और यूनेस्को (नई दिल्ली), आई.बी.ई, (जेनेवा) के प्रतिनिधियों ने इस प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में भाग लिया। पाठ्यक्रम की प्रशिक्षण कार्य-विधि में शामिल थेः मुख्य विषय का प्रस्तुतीकरण तथा परिचय/प्रस्तावना; सामूहिक चर्चा; स्वतः अध्ययन मॉडयूल, क्षेत्र विशेष की यात्रा और कार्यशालाएं। पाठ्यचर्चा के अभिकल्पना/डिजाइन, विकास, कार्यान्वयन और मूल्यांकन के महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा की गई और विभिन्न देशों में इस संबंध में हुए अनुभवों, समस्याओं और सरोकारों के बारे में सहभागियों ने विचारों का आदान-प्रदान किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतिम तीन दिनों में इन विषयों पर चार कार्यशालाएं आयोजित की गईः (i) पाठ्यचर्या परिवर्तन की योजना और विकास, (ii) पाठ्यचर्या का संचालन, (iii) पाठ्यचर्या परिवर्तन का मूल्यांकन, पुनरीक्षण और समीक्षा और (iv) पाठ्यचर्या के संचालन की रणनीतियों सहित प्रत्येक देश के लिए प्रशिक्षण योजना।

पहली तीन कार्यशालाएँ मिली-जुली किस्म की थीं। अन्तिम कार्यशाला देश-विशेष से संबंधित थी जिसमें प्रत्येक देश के सहभागियों ने सर्व शिक्षा अभियान के लिए पाठ्यचर्या परिवर्तन का प्रबंध करने के लिए प्रशिक्षण योजना तैयार की। इस कार्यशाला में भिन्न-भिन्न देशों के प्रतिनिधियों ने अपने अनुभवों का आदान-प्रदान किया और पाठ्यचर्या के विकास, डिजाइन, कार्यान्वयन, पुनरीक्षण, समीक्षा और मूल्यांकन आदि विभिन्न पहलुओं पर विशेषज्ञों ने विचार-विमर्श किया तदोपरान्त उन विषयों पर चर्चा हुई। कार्यशालाओं में विभिन्न मुद्दों पर विचार किया गया और एक संक्षिप्त रिपोर्ट तैयार की गई जिसमें सर्व शिक्षा के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए पाठ्यचर्या परिवर्तन के प्रभावकारी प्रबंध हेतु प्रत्येक विषय में रणनीतियों के बारे में सुझाव दिया गया और प्रत्येक देश के लिए अलग-अलग प्रशिक्षण योजना तैयार की गई।

माध्यमिक स्तर पर सामाजिक विज्ञान पाठ्यचर्या में प्रवसन शिक्षा

'प्रोएप' यूनेस्को बैंकाक द्वारा प्रायोजित प्रवसन शिक्षा कार्यक्रम का तीसरा चरण संपन्न किया गया। अध्यापकों के लिए मॉड्यूल और छात्रों के लिए अध्ययन सामग्री स्कूलों, एन.सी.ई.आर.टी और विश्वविद्यालयों में अध्यापन कार्य करने वाले अभिज्ञात लेखकों द्वारा विकसित की गई। प्रो. पूरनचंद, कार्यक्रम समन्वयकर्ता, डॉ. बसबी खान बैनर्जी और डॉ. ओ.एस. देवल (दोनों मॉड्यूल लेखकों) के एक दल ने मार्च 2002 में बैंकाक में प्रवसन शिक्षा विषय पर हुई क्षेत्रीय बैठक में भाग लिया।

विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम

श्रीलंका के वरिष्ठ अध्यापक-प्रशिक्षकों के लिए व्यावसायिक विकास कार्यक्रम (दो कार्यक्रम)

एन.सी.आर.टी ने श्रीलंका के राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा प्राधिकरण के अनुरोध पर, विभिन्न श्रीलंका के विभिन्न राष्ट्रीय शिक्षा महाविद्यालयों के वरिष्ठ अध्यापक-प्रशिक्षकों के लिए 3-मास के दो व्यावसायिक विकास कार्यक्रम संचालित किए। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य अध्यापक-प्रशिक्षकों को दक्षिण



श्रीलंका के वरिष्ठ शिक्षक-प्रशिक्षकों के लिए व्यावसायिक विकास कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह पर श्री एच.ई. अशोक गिरिगहाहृरा, काउंसिलर, श्रीलंका हाई कमीशन, मुख्य अतिथि

एशियाई परिप्रेक्ष्य में अध्यापक तथा विद्यालयी शिक्षा के सभी पक्षों पर अभिविन्यस्त करना और शिक्षा के इसी क्षेत्र में प्रचलित नई रणनीतियों/प्रवृत्तियों से उन्हें परिचित कराना था। पहला कार्यक्रम 23 सितंबर से 24 दिसंबर 2001 तक आयोजित किया गया। इसमें पंद्रह वरिष्ठ अध्यापक-प्रशिक्षकों ने भुवनेश्वर तथा भोपाल स्थित क्षेत्रीय शिक्षा संस्थानों में दो-दो सप्ताह का प्रशिक्षण प्राप्त किया और फिर

बनारस हिंदू विश्वविद्यालय में एक सप्ताह रहकर ज्ञानार्जन किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत सांस्कृतिक महत्व के स्थानों की सांस्कृतिक यात्रा के अलावा, 'डाइट', आई.ए.एस.ई., एन.सी.टी.ई., 'नीपा', सी.बी.एस.ई., एन.ओ.एस. और 'इग्नू' जैसी शैक्षिक संस्थाओं का अवलोकन भी शामिल था। इन अध्यापक-प्रशिक्षकों ने शैक्षिक प्रौद्योगिकी के स्टूडियो और कंप्यूटर कार्यों का एक सप्ताह का व्यावहारिक अनुभव भी प्राप्त किया। प्रत्येक सहभागी ने अपनी रुचि की एक परियोजना पूरी की और उसे विशेषज्ञों के समक्ष प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम की रिपोर्ट और परियोजना संबंधी प्रस्तावों का प्रारूप, दोनों प्रकाशित एवं प्रसारित किए गए।

श्रीलंका के आठ वरिष्ठ अध्यापक-प्रशिक्षकों के लिए दूसरा व्यावसायिक विकास कार्यक्रम 4 फरवरी से 3 मई 2002 तक एन.सी.आर.टी, नई दिल्ली में और भुवनेश्वर, अजमेर तथा भोपाल स्थित क्षेत्रीय शिक्षा संस्थानों में और सी.आई.ई.टी में आयोजित किया गया। इस दल ने शैक्षिक संस्थाओं तथा सांस्कृतिक महत्व के स्थलों की भी यात्रा की। इस प्रशिक्षण में कई विषय शामिल थे; जैसे, शिक्षा में भूमंडलीय परिप्रेक्ष्य, अध्यापक और विद्यालयी शिक्षा, कक्षा पद्धतियां, विद्यालय संबंधी कार्यों में समुदाय को साथ लेना, प्रतिस्पर्धा में व्यावहारिक अनुभव और शैक्षिक प्रौद्योगिकी में व्यावहारिक ज्ञान। कार्यक्रम की रिपोर्ट और सहभागियों द्वारा विकसित परियोजना प्रस्ताव प्रकाशित एवं प्रसारित किए गए।

मालदीव के अध्यापकों के लिए डिप्लोमा पाठ्यक्रम (दो कार्यक्रम)

मालदीव गणराज्य के शिक्षा मंत्रालय के अनुरोध पर, क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, मैसूर मालदीव के अध्यापकों के लिए इस समय दो कार्यक्रम चला रहा है। प्राथमिक विद्यालयों के 15 प्रधानाध्यापकों का एक समूह 15 महीने (3 सेमेस्टर) के एक प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग ले रहा है जिसे पूरा करने के बाद उन्हें डिप्लोमा दिया जाएगा। विज्ञान, अंग्रेजी, गणित और सामाजिक अध्ययन इस कार्यक्रम के संघटक हैं। इन प्रधानाध्यापकों को विद्यालयी शिक्षा के सिद्धांत और व्यवहार दोनों पक्षों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। डॉ. सी. जंगैया इस कार्यक्रम के अकादमिक समन्वयकर्ता हैं। यह कार्यक्रम 31 दिसंबर 2001 को प्रारंभ हुआ था। इस कार्यक्रम के लिए निधि की व्यवस्था 'एडसिल', नई दिल्ली द्वारा की जा रही है।

मिडिल स्कूल अध्यापन पाठ्यक्रम में एक अन्य दो-सेमेस्टर का डिप्लोमा पाठ्यक्रम 30 मालदीवी अध्यापकों के लिए आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के लिए निधि की व्यवस्था, मालदीव गणराज्य द्वारा की जा रही है। प्रो. राघवन और डॉ. बी.एस. उपाध्याय मालदीवी प्रशिक्षणार्थियों के दूसरे दल के लिए समन्वयकर्ता हैं।

विदेशी आगंतुक

वर्ष 2001-2002 के दौरान, एन.सी.ई.आर.टी ने उपर्युक्त यूनेस्को प्रायोजित कार्यक्रमों और विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रमों के सहभागियों के अतिरिक्त, भिन्न-भिन्न देशों के निम्नलिखित शिक्षाविदों/विशेषज्ञों/शिष्टमंडलों का स्वागत-सत्कार किया:


- एक आस्ट्रेलियाई शिष्टमंडल ने 20 अप्रैल 2001 को एन.सी.ई.आर.टी का दौरा किया। शिष्टमंडल के सदस्य एन.सी.ई.आर.टी. के कार्यकलापों के बारे में जानने के लिए आए थे। उन्होंने विभिन्न देशों में शिक्षा की स्थिति पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया।
- भूटान के वरिष्ठ शिक्षा अधिकारियों तथा शैक्षिक योजना-निर्माताओं के एक शिष्टमंडल ने अध्ययन यात्रा के प्रयोजन से 24 अप्रैल 2001 को सी. आई.ई.टी., और एन.सी.ई.आर.टी का दौरा किया। उन्हें सी.आई.ई.टी. और एन.सी.ई.आर.टी. के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने शैक्षिक प्रौद्योगिकी (ई.टी.) और शिक्षा के कतिपय महत्वपूर्ण मुद्दों पर यहां के अधिकारियों के साथ विचारों का आदान-प्रदान किया।
- मालदीव गणराज्य के माननीय मानव संसाधन, रोजगार तथा श्रम मंत्री महामहिम श्री अब्दुल्ला कमालुद्दीन, भारत सरकार के माननीय मानव संसाधन विकास मंत्री के निमंत्रण पर, भारत

पधारे। भारतीय उच्चायोग के सुझावों के आधार पर और आगंतुक महानुभाव द्वारा अभिव्यक्त अभिरुचि को देखते हुए, उन्हें जून, 2001 को क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, मैसूर ले जाया गया। वहां उन्होंने मालदीव के अध्यापकों के लिए एक डिप्लोमा पाठ्यक्रम आयोजित किए जाने की संभावना पर प्रधानाचार्य से विचार-विमर्श किया।

- मालदीव गणराज्य के डॉ. महमोद्ध शोऊगी, मुख्य शैक्षिक पर्यवेक्षक, शिक्षा मंत्रालय, श्री अहमद अनवर, महानिदेशक, शिक्षा मंत्रालय, और श्रीमती रशीदा अलाई, महानिदेशक, मानव संसाधन रोजगार एवं श्रम मंत्रालय ने 25 से 27 जून, 2001 तक क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, मैसूर का दौरा किया। उन्होंने वर्ष 2001-2002 के दौरान मालदीव के 30 स्कूली अध्यापकों के एक समूह के लिए क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, मैसूर में एक 10 महीने (दो सेमेस्टर) का डिप्लोमा पाठ्यक्रम आयोजित किए जाने की संभावना के बारे में प्रधानाचार्य तथा संकाय सदस्य के साथ चर्चा की।
- नेपाल के तकनीकी शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान (टी.आई.टी.आई) के निदेशक श्री देवी प्रसाद डहल और संकाय सदस्य श्रीमती अकिम श्रेष्ठा ने 26 जून 2001 को पी.एस.एस.सी. आई.वी.ई, एन.सी.ई.आर.टी., का दौरा किया जिसका उद्देश्य तकनीकी तथा व्यावसायिक प्रशिक्षण के लिए कार्यरत संस्थाओं के साथ सामग्री तथा विशेषता का आदान-प्रदान किए जाने की संभावना का पता लगाना था। उन्होंने पी.एस.एस.सी.आई.वी.ई., भोपाल के संयुक्त निदेशक और संकाय सदस्य के साथ बैठक की, जिसमें उन्होंने टी.आई.टी.आई. के कार्यकलापों का संक्षिप्त विवरण दिया। इस बैठक के फलस्वरूप वे अन्तरक्रिया को और अधिक बढ़ाना चाहते हैं और टी.आई.टी. आई. तथा पी.एस.एस.सी.आई.वी.ई. के बीच विशेषज्ञों के आदान-प्रदान की आशा रखते हैं।
- जापान के कुमानोटो राष्ट्रीय विश्वविद्यालय के एसोशिएट प्रोफेसर डॉ.एच. फरूता ने 9 से 13 जुलाई 2001 तक एन.सी.ई.आर.टी का दौरा किया। डॉ फरूता अपनी शोध परियोजना-'केरल राज्य, भारत और श्रीलंका के बीच विशेष शिक्षा का सम्मिश्रित अध्ययन' के सिलसिले में विशेष जरूरतमंद बच्चों के विषय में जानकारी इकट्ठी करने के लिए आई थीं। उन्हें जनजातीय भाषाभाषी बच्चों सहित विशेष जरूरतमंद बच्चों पर भारत में किए गए कार्य के विषय में बुनियादी जानकारी दी गई।
- श्रीलंका के विद्यालयों के प्रधानाचार्यों और शिक्षा अधिकारियों के एक शिष्टमंडल ने 26 सितंबर 2001 को एन.सी.ई.आर.टी. का दौरा किया। शिष्टमंडल के सदस्यों ने देशों में शिक्षा की स्थिति के बारे में अपने विचारों का आदान-प्रदान किया और एन.सी.ई.आर.टी. के कार्यकलापों के बारे में जानकारी प्राप्त की।
- यूनेस्को (मुख्यालय) पेरिस के परामर्शदाता डॉ. मिलौदी मोहम्मद ने 29 से 31 अक्तूबर 2001 तक एन.सी.ई.आर.टी. का दौरा किया। उनकी यात्रा का उद्देश्य, दृष्टिबाधित बच्चों की शिक्षा के लिए टर्मिनल स्थापित करने की संभावना का पता लगाना था। डी.ई.जी.एस.एन. ने यूनेस्को के दल को विशेष जरूरतमंद बच्चों के शिक्षा केन्द्र में भेजने की व्यवस्था की। दृष्टिबाधित बच्चों की शिक्षा के लिए ब्रेल टर्मिनल स्थापित करने के उद्देश्य से एक परियोजना तैयार की गई। परामर्शदाता ने दृष्टिबाधित शिक्षा संबंधी कुछ और संस्थाओं का भी दौरा किया और उन्होंने प्रौद्योगिकी अंतरण और दृष्टिबाधित बच्चों के लिए ई-अधिगम केंद्र की स्थापना का प्रस्ताव पेश किया।
- तंजानिया के राजकीय जंजीबार विश्वविद्यालय के उप-कुलपति प्रो. सालेह इदरीस मोहम्मद और वहां के शिक्षा, संस्कृति और खेल मंत्रालय के प्रधान सचिव श्री अब्दुल हमीद वाई म्ही 5 नवंबर 2001 को क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान मैसूर में पधारे। इन महानुभावों ने संस्थान में

आयोजित किए जा रहे सेवापूर्व तथा सेवाकालीन कार्यक्रमों के बारे में प्राधानाचार्य और संकाय के सदस्यों से विचार-विमर्श किया। कन्सल्टैंट्स इंडिया लि.; नई दिल्ली के श्री राजीव रंजन ठाकुर जंज़ीबार की टीम के साथ आए थे।

- जर्मनी की अध्यापक-यात्रा अकादमी के श्री फ्रेंक कुहम 18 नवंबर 2001 को एन.सी.ई.आर.टी. आए। उन्होंने प्रारंभिक शिक्षा के लिए स्वयं अपने द्वारा अभिकल्पित अध्ययन-अधिगम सहायता-साधन का प्रदर्शन किया।
- कॉमनवेल्थ ऑफ लर्निंग, बैंकूवर, कनाडा के निदेशक डॉ. जी. धनराजन 27 नवंबर 2001 को एन.सी.ई.आर.टी. में आए। उन्होंने भारत में विद्यालय तथा अध्यापक शिक्षा और मुक्त अधिगम-अध्ययन के महत्व पर विचारों का आदान-प्रदान किया और एन.सी.ई.आर.टी. के साथ सहयोग की संभावनाओं की खोज की। उन्होंने एन.सी.ई.आर.टी. के दो नए प्रकाशनों–'एक्सपीरिएंसिज़ इन स्कूल एजुकेशन' और 'एटलस ऑन टीचर्स' का विमोचन किया।
- फ्रांस के इंस्टीच्यूट यूनिवर्सितिइरे फार्मेशन मैत्रेस के निदेशक डॉ मिशल पौस ने 28 नवंबर 2001 को पी.एस.एस.सी.आई.वी.ई. और आर.आई.ई. भोपाल का दौरा किया। उन्होंने पी.एस.एस.सी.आई.वी.ई. के संकाय सदस्य से सामान्य रूप से विद्यालयी शिक्षा के व्यवसायीकरण और विशेष रूप से अध्यापकों की तैयारी के विषय में चर्चा की और आर.आई.ई., भोपाल के संकाय सदस्य से फ्रांस में अध्यापक शिक्षा की प्रणाली के विषय में विचार-विमर्श किया।
- हांगकांग के शिक्षा संस्थान के प्रो. यिनचियोंग चिग 10 दिसंबर 2001 को एन.सी.ई.आर.टी. आए और यहां उन्होंने भारत में विद्यालय तथा अध्यापक शिक्षा के विषय में विचारों का आदान-प्रदान किया और एन.सी.ई.आर.टी. से सहयोग स्थापित किए जाने की संभावनाओं का पता लगाया।



कॉमनवेल्थ ऑफ लर्निंग के निदेशक प्रो. जी. धनराजन एन.सी.ई.आर.टी. द्वारा प्रकाशित 'एक्सपीरिएंसिज़ इन स्कूल एजुकेशन' नामक पुस्तक का विमोचन करते हुए

- नेपाल का एक शिष्टमंडल 17 दिसंबर 2001 को एन.सी.ई.आर.टी. आया। उन्होंने भारत में विद्यालय तथा अध्यापक शिक्षा के विषय में विचारों का आदान-प्रदान किया और एन.सी.ई.आर.टी. के साथ सहयोग स्थापित किए जाने की संभावनाओं की खोज की।
- श्रीलंका के प्रांतों के शिक्षा निदेशकों ने 21 दिसंबर 2001 को एन.सी.ई.आर.टी. का दौरा किया। उन्होंने देशों में शिक्षा की स्थिति पर विचारों का आदान-प्रदान किया और एन.सी.ई.आर.टी. के कार्यकलापों के बारे में जानकारी ली।
- नार्वे से दो संकाय सदस्यों तथा ग्यारह छात्रों के एक दल ने यूनेस्को/ए.एस.पी. सांस्कृतिक मैत्री आदान-प्रदान कार्यक्रम के अंतर्गत 17-22 जनवरी 2002 तक आर.आई.ई., भुवनेश्वर और उससे संलग्न डी.एम.स्कूल का दौरा किया, जिसका उद्देश्य भारत के पूर्वी क्षेत्र के



हांगकांग के शिक्षा संस्थान के प्रो. यिनचियोंग चिग एन.सी.ई.आर.टी. के निदेशक से विचार-विनिमय करते हुए

विशेष संदर्भ में भारतीय विद्यालयी शिक्षा प्रणाली का अध्ययन करना था। इस दल ने क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान तथा भुवनेश्वर में स्थित अन्य संस्थानों जैसे एस.सी.ई.आर.टी. और सी.टी.ई. की कक्षाओं को देखा और वहां के अध्यापकों तथा छात्रों के साथ चर्चा की।

- श्रीलंका के राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा प्राधिकरण के निदेशक डॉ नंदन धर्मकीर्ति और डॉ. रंजीत रामनायके ने 7 जनवरी 2002 से 5 फरवरी 2002 तक एन.सी.ई.आर.टी. का दौरा किया। उनका प्रमुख उद्देश्य भारत में अध्यापक शिक्षा की प्रत्यापन प्रक्रियाओं तथा पद्धतियों का अध्ययन करना था ताकि उन्हें श्रीलंका में भी अपनाया जा सके। एन.सी.ई.आर.टी. के निदेशक, संयुक्त निदेशक (सी) और अन्य वरिष्ठ संकाय सदस्यों के साथ विचार-विमर्श करने के बाद, उपयुक्त श्रीलंकाई निदेशकों ने अध्यापक प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों का अध्ययन करने और प्रत्यापन प्रक्रियाओं का अवलोकन करने के लिए केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सी.बी.एस.सी.), विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यू.जी.सी), अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (ए.आई.सी.टी.ई), राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एन.सी.टी.ई) और राष्ट्रीय प्रत्यापन तथा आकलन/निर्धारण परिषद (एन.ए.ए.सी.), बंगलौर, क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान (आर.आई.ई.), मैसूर, केन्द्रीय अंग्रेजी तथा विदेशी भाषा संस्थान (सी.आई.ई.एफ.एल), हैदराबाद का दौरा किया।
- यू.के. से अनुप्रयुक्त भाषा विज्ञान के विशेषज्ञ प्रो. डॉन बर्न पैट्रिक 18 फरवरी 2002 को आर.आई.ई., मैसूर में आए। प्रो. डॉन बर्न इस संस्थान में संकाय सदस्य रह चुके हैं। इनके मैसूर प्रवास के दौरान संस्थान ने उन्हें अपने दो-वर्षीय बी.एड. (माध्यमिक) पाठ्यक्रम के छात्रों के लिए, 'भारत में अंग्रेजी की स्थिति' विषय पर एक व्याख्यान देने के लिए आमंत्रित किया।
- मारीशस के विकलांग प्रशिक्षण तथा रोजगार बोर्ड (टी.ई.डी.पी.बी) की अध्यक्षा श्रीमती आर.रघुबर 4 मार्च 2002 को एन.सी.ई.आर.टी. पधारीं। उन्होंने भारत में विशेष जरूरतमंद बच्चों के अध्यापन के लिए अपनाई जा रही शैक्षिक रणनीतियों पर विचार विमर्श किया और प्रशिक्षण के लिए दो प्रशिक्षणार्थियों को भारत भेजने की संभावना पर भी चर्चा की।
- एशियाई तथा अफ्रीकी देशों का 24-सदस्यीय शिष्टमंडल शैक्षिक मीडिया कार्यक्रमों की प्रस्तुति की प्रक्रिया पर चर्चा करने के लिए 4 मार्च 2002 को सी.आई.ई.टी. आया। आगंतुकों को सी.आई.ई.टी. की कार्य प्रणाली के बारे में अवगत कराया गया। ई.टी.वी और ऑडियो में स्क्रिप्ट/आलेख लेखन तथा प्रस्तुतीकरण की प्रक्रिया भी समझाई गई। कुछ चुने गए ऑडियो/वीडियो कार्यक्रम भी प्रदर्शित किए गए और उन पर चर्चा की गई।
- मंगोलिया के शिक्षा मंत्री श्री ए. इसानजिद 19 मार्च 2002 को एन.सी.ई.आर.टी. पधारे। उन्होंने विद्यालयी शिक्षा के विषय में विचारों का आदान-प्रदान किया।
- दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों, जैसे मालदीव, भूटान, फिलिपीन्स, श्रीलंका, थाईलैंड आदि के शैक्षिक पदाधिकारियों का एक शिष्टमंडल अध्ययन यात्रा पर 22 मार्च, 2002 को सी.आई.ई.टी., एन.सी.ई.आर.टी. आया। उन्हें एन.सी.ई.आर.टी.,



मंगोलिया के माननीय शिक्षा मंत्री श्री ए. इसानजिद एन.सी.ई.आर.टी. के निदेशक प्रो. जगमोहन सिंह राजपूत को एक स्मारिका भेंट करते हुए

सी.आई.ई.टी. के कार्यकलापों के बारे में जानकारी दी गई और उन्होंने ई.टी और शिक्षा संबंधी कतिपय महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार विमर्श किया।

- भूटान, कंबोडिया, गुयाना, कज़ाखस्तान, मारीशस, म्यनमार, नामीबिया, ओमान, पापुआ, न्यू गिनी, तोंगा, सिसिली और जांबिया जैसे 13 विकासशील देशों से उन्नीस शैक्षिक प्रशासकों का एक शिष्टमंडल 28 मार्च 2002 को सी.आई.ई.टी., एन.सी.ई.आर.टी. में आया। उन्हें सी.आई.ई.टी. के कार्यों से और एल.सी.टी.ए. कार्यक्रमों से लेकर मल्टीमीडिया कार्यक्रमों तक ई.टी. के सभी सैद्धांतिक तथा व्यावहारिक पक्षों से अवगत कराया गया।

अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रमों के संकाय सदस्यों की सहभागिता/भागीदारी

- प्रो. जगमोहन सिंह राजपूत, निदेशक, एन.सी.ई.आर.टी. ने 9-13 जुलाई 2001 तक विंडहॉक, नामीबिया का दौरा किया। वहां उन्होंने कॉमनवेल्थ ऑफ लर्निंग द्वारा आयोजित मुक्त-दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से अध्यापकों के सेवाकालीन प्रशिक्षण के विषय पर आयोजित सर्व-अफ्रीकी नीति संवाद (पैन-अफ्रीकन पॉलिसी डायलॉग) में भाग लिया। उन्होंने भारत में प्रचलित मुक्त तथा दूरस्थ शिक्षण प्रणालियों पर नीतिसूचक मुख्य भाषण दिया। सहभागियों ने विभिन्न भारतीय मॉडलों की भूरि-भूरि प्रशंसा की और इन गतिविधियों में उत्कट रुचि प्रदर्शित की। भारतीय मॉडलों पर विचार-विमर्श में एक पूरा दिन लग गया, जिसमें प्रस्तुतीकरण, सामूहिक चर्चा और प्रश्नोत्तर सत्र भी शामिल था।
- डॉ. वी.पी.गुप्ता, रीडर, रसायन विज्ञान, आर.आई.ई., अजमेर ने 29 से 31 जुलाई 2001 तक ढाका, बांग्लादेश का दौरा किया। वहां उन्होंने 'साक्षरता तथा अनौपचारिक शिक्षा गरीबी उन्मूलन का साधन है' विषय पर यूनेस्को उप-क्षेत्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की तैयारी बैठक में भाग लिया। भारत, नेपाल, श्रीलंका, मालदीव, पाकिस्तान और बांग्लादेश के सहभागियों तथा संसाधन व्यक्तियों ने इस बैठक में भाग लिया और अपने देश के विषय में शोध-पत्र प्रस्तुत किए। आगे की रणनीतियों के लिए रिपोर्ट का मसौदा तैयार किया गया।
- प्रो. पूरनचंद, अध्यक्ष, आई.आर.डी. ने यूनेस्को द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा सम्मेलन में भाग लेने के लिए 5-8 सितंबर 2001 तक जेनेवा, स्विट्जरलैंड का दौरा किया।
- डॉ. के.सी.जैन, प्रोफेसर, वाणिज्य, आर.आई.ई, अजमेर और डॉ. एन.एम.राव, प्रोफेसर, गणित, आर.आई.ई., मैसूर ने क्रमशः ए.सी.सी. और गणित में विशेषज्ञ के रूप में, भारतीय विद्यालय, बहरीन में आयोजित स्टाफ विकास कार्यक्रम में भाग लेने के लिए 9 से 14 सितंबर 2001 तक बहरीन का दौरा किया। प्रशिक्षण का कार्यक्रम विषय-वस्तु तथा अध्यापन विधियों पर केंद्रित था। प्राथमिक विद्यालयों के अध्यापकों, उच्च प्राथमिक अध्यापकों, और गणित विषय के स्नातकोत्तर अध्यापकों और लेखा तथा अर्थशास्त्र के स्नातकोत्तर अध्यापकों को प्रशिक्षित किया गया। अध्यापकों को गणित सीखने के लिए अभिप्रेरक रणनीतियों और गणित में भिन्न-भिन्न मूल्यांकन तकनीकों और कार्यकलाप आधारित शिक्षण के बारे में प्रशिक्षित किया गया। स्नातकोत्तर अध्यापकों को भी सी.बी.एस.ई. की आवश्यकताओं के अनुसार ग्यारहवीं और बारहवीं कक्षा के लिए परियोजनाएं विकसित करने के लिए प्रशिक्षित किया गया।
- डॉ. संत प्रकाश, रीडर, भौतिक विज्ञान, आर.आई.ई., भोपाल और डॉ. ए.एन.गुप्ता, रीडर, रसायन विज्ञान, आर.आई.ई., भुवनेश्वर ने भारतीय विद्यालय, बहरीन के अध्यापकों को प्रशिक्षित करने के लिए 16 से 21 सितंबर 2001 तक बहरीन का दौरा किया। उन्होंने कक्षा 5 से 12 तक के भौतिक विज्ञान तथा रसायन विज्ञान के अध्यापकों को दो अलग-अलग समूहों में प्रशिक्षित

किया, जिसके लिए विद्यालय में नियमित कक्षा की पद्धतियों का पालन किया। उन्होंने भौतिक विज्ञान तथा अन्य विषयों में नवाचारात्मक (सरल) प्रयोग और उपचारात्मक अध्यापन पद्धति प्रदर्शित की।

- डॉ. बी.एन.पंडा, रीडर, शिक्षा और श्री के. साहू ग्रेड-1 अध्यापक, डी.एम.विद्यालय, आर.आई.ई., भुवनेश्वर ने यूनेस्को/ए.एस.पी. सांस्कृतिक सौहार्द, आदान-प्रदान कार्यक्रम के अंतर्गत, पांच छात्रों के साथ 16 से 21 अक्तूबर, 2001 तक नार्वे की यात्रा की। इस यात्रा के दौरान, इन संकाय सदस्यों तथा छात्रों को ओसलो, नार्वे में विद्यालयी शिक्षा की प्रणाली से अवगत कराया गया। वहां उन्हें कक्षा में ले जाया गया और अध्यापन प्रक्रिया को दिखाया गया। उन्होंने विद्यालय के प्राधिकारियों तथा विद्यालयी शिक्षा विभाग के प्राधिकारियों के साथ विचारों का आदान-प्रदान किया।
- प्रो. जी.के. लहरी, अध्यक्ष, डी.टी.ई.ई., प्रो. मोहम्मद सबरीन, डी.ई.एस.एस.एच और डॉ वी.पी. श्रीवास्तव, रीडर, डी.ई.एस.एम. ने सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम के अंतर्गत 21 अक्तूबर से 2 नवंबर, 2001 तक मिस्र का दौरा किया। शिष्टमंडल के सदस्यों ने मिस्र के शिक्षा मंत्रालय तथा पाठ्यचर्या विकास, शैक्षिक अनुसंधान, परीक्षा, मूल्यांकन आदि से संबंधित विभागों और प्रौद्योगिकी केंद्र के अधिकारियों से मुलाकात की और विचारों का आदान-प्रदान किया। इसके अलावा, वे कैरो और गिज़ा में स्थित शैक्षिक संस्थाओं और दर्शनीय स्थलों को देखने के लिए भी गए और उन्होंने मिस्र तथा भारत की शिक्षा प्रणालियों के विभिन्न पक्षों पर अपने अनुभवों का आदान-प्रदान किया।
